# हरिभूमि




*भारतीय वायुसेना की 'बड़ी कामयाबी'*

## पहली बार रात में कारगिल एयरस्ट्रिप पर लैंड कराया गया हर्क्यूलस विमान


इस दौरान टेरेन मास्किंग का काम करते हुए गरुड़ कमांडो को भी तैनात किया गया

टेरेन मास्किंग सेना की एक रणनीति है जिसका इस्तेमाल दुश्मन के रडार से बचने के लिए पहाड़ियों में किया जाता है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के कारगिल शहर में वायुसेना ने रात के वक्त कारगिल एयरस्ट्रिप पर सी-130जे सुपर हर्क्यूलस विमान को लैंड करवाया है, जिसे एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

भारतीय वायुसेना ने कहा कि पहली बार वायुसेना के सी-130जे एयरक्राफ्ट ने कारगिल एयरस्ट्रिप पर रात के समय लैंडिंग की है। इस अभ्यास के दौरान टेरेन मास्किंग का काम करते हुए गरुड़ कमांडो को भी तैनात किया गया। दरअसल, टेरेन मास्किंग सेना की एक रणनीति है जिसका इस्तेमाल दुश्मन के रडार से बचने के लिए पहाड़ियों में किया जाता है। यह दुश्मन को कनफ्यूज करने में काफी सहायक होता है। इस लैंडिंग के बाद चीन और पाकिस्तान के होश उड़े हुए हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक भारतीय सुरक्षा बलों की क्षमताओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है। थल सेना के साथ-साथ वायु सेना भी दिन के अलावा रात में भी भारतीयों सीमाओं पर अपनी निगरानी को बढ़ा रही है।



### पिछली बार सूडान में रात्रि मिशन में इस विमान का किया था उपयोग

पिछले साल भारतीय वायुसेना ने सूडान में एक साहसी रात्रि मिशन के लिए भी इस विमान का उपयोग किया था। 8,800 फीट से अधिक की ऊंचाई पर चुनौतीपूर्ण हिमालयी इलाके के बीच स्थित कारगिल हवाई पट्टी पायलटों के लिए अलग बड़ी चुनौती की तरह रही है। यहां लैंडिंग कराना बहुत आसान नहीं होता है। दिन में भी



मोदी का दम: दुनिया में ऐसी पहली बार कार्रवाई कि दूसरे देश के तीन मंत्रियों को नाप दिया गया हो

## पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे पर 'अपमानजनक' टिप्पणी करने वाले मालदीव के 3 मंत्री निलंबित

**मालदीव की युवा अधिकारिता, सूचना और कला उप मंत्री मरियम शिउना ने पीएम मोदी की लक्षद्वीप की तस्वीरों पर अभद्र टिप्पणी की थी। बाद में उन्होंने ये पोस्ट हटा दिए थे।**

*मालदीव सरकार ने अपने देश में अचानक भारत से पर्यटकों की संख्या रद्द होने में अचानक वृद्धि देखने के बाद कहा कि वे ऐसी अपमानजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे।*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/माले

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दम और भारतीय विदेश नीति की हनक दुनिया में क्या है? इसका रविवार को दुनिया को उदाहरण देखने को मिल गया। पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करने वाली तीन मंत्रियों मरियम शिउना, मालशा और हसन जिहान को वहां की सरकार ने निलंबित कर दिया है।

पीएम मोदी पर इस तरह की अभद्र टिप्पणी का भारत ने कड़ा विरोध किया था। साथ ही मालद्वीव के पूर्व राष्ट्रपति ने इस मुद्दे पर मौजूदा प्रेसिडेंट मुइज्जू की जबरदस्त खिंचाई की थी। इससे पहले मालदीव सरकार ने एक बयान जारी कर पीएम नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा पर मंत्री मरियम शिउना की टिप्पणी पर अपना रुख स्पष्ट किया था। मालदीव ने पीएम मोदी पर अपनी मंत्री की ओर से ▶▶ शेष पेज 5 पर



मालशा | हसन जिहान | मरियम शिउना

**ये दी थी सफाई...मंत्रियों के बयान मालदीव का प्रतिनिधित्व नहीं करते:** इससे पहले मालदीव सरकार ने अपनी मंत्री द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों को खारिज कर दिया। मालदीव ने कहा कि मंत्री के बयान ▶▶ शेष पेज 5 पर

1 माना जा रहा है कि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद पिछले कुछ महीनों में भारत-मालदीव संबंध तनावपूर्ण हो गए

2 इन टिप्पणियों के बाद एक्स पर 'बायकाट मालदीव' कैंपेन शुरु हो गया था। इस दौरान मालदीव की बुकिंग धड़ाधड़ कैंसिल हो रही हैं

3 माले में भारतीय उच्चायोग और विदेश मंत्रालय ने मालदीव की मंत्री के विवादित पोस्ट को लेकर कड़ा ऐतराज जताया था

### पूर्व राष्ट्रपति ने कहा था- एक प्रमुख सहयोगी देश के नेता के प्रति ये 'घटिया भाषा'



मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति नशीद ने भी इसको लेकर अपनी ही सरकार की आलोचना की है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा था कि मालदीव सरकार की मंत्री मरियम शिउना ने एक प्रमुख सहयोगी देश के नेता के प्रति कितनी घटिया भाषा का इस्तेमाल किया है, वो नेता जो ▶▶ शेष पेज 5 पर

### *अभिनेता अक्षय कुमार बोले: नफरत को क्यों बर्दाश्त करें?*



मालदीव के प्रमुख पब्लिक फिगर द्वारा भारतियों पर की गई कुछ हेटफुल और रेसिस्ट कमेंट के बारे में पता चला और ये सब जानकर बहुत आश्चर्य हुआ कि वे ऐसा उस देश के साथ कर रहे हैं,जहां से उनके देश में सबसे ज्यादा टूरिस्ट आते हैं। हम अपने पड़ोसियों के लिए अच्छे हैं, लेकिन बिना किसी कारण फैलाई गई ▶▶ शेष पेज 5 पर

17 फरवरी को होंगे सम्मानित

## देश के पांच सांसदों को प्रदान किया जाएगा 'संसद रत्न'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पांच लोकसभा सदस्यों को इस साल संसद रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। इसके आयोजकों ने रविवार को यह घोषणा की।

संसद रत्न पाने वालों में भाजपा के सुकांत मजूमदार, शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे, राकांपा के अमोल रामसिंग कोल्हे और कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा शामिल हैं, जिन्हें 17 फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी में एक समारोह में दिए जाने वाले पुरस्कारों के लिए चुना गया है। चेन्नई स्थित गैर-लाभकारी चैरिटेबल ट्रस्ट प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के आग्रह पर इन सम्मानों की स्थापना की। जिन्होंने ▶▶ शेष पेज 5 पर



सुधीर गुप्ता | श्रीकांत शिंदे | अमोल रामसिंग | सुकांत मजूमदार

**संसद रत्न :** प्रतिवर्ष शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सांसदों को उनके प्रदर्शन के आधार पर

**सांसद महा रत्न :** लोकसभा के कार्यकाल के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता के लिए पांच साल में एक बार

देश की पहली हाइजेनिक फूड स्ट्रीट शुरु

## और भी प्रारंभ होंगी उज्जैन जैसी फूड स्ट्रीट: मांडविया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि महाकाल के पवित्र स्थान पर फूड स्ट्रीट का शुभारंभ हो रहा है।

यह फूड स्ट्रीट यात्रियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। डॉ. मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत, हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के माध्यम से स्वास्थ्य संरचना को मजबूत बनाने की ठोस पहल की है। उन्होंने कहा कि मप्र को स्वास्थ्य क्षेत्र में आवश्यक आर्थिक संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। मांडविया ने कहा कि आज भारत सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रत्येक जिले को 100 करोड़ रुपए की राशि प्रदान कर रही है। नए भारत का निर्माण हो रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री एवं डॉ मोहन यादव एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने संयुक्त रूप से उज्जैन में फूड स्ट्रीट (प्रसादम) का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को इस परिसर में 'प्रसादम' के माध्यम से हेल्दी फूड मिलेगा। अच्छे स्वास्थ्य के लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर








inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### रिलायंस: 5 दिन में छापे 15000 करोड़



**मुंबई।** शेयर बाजार में बीते सप्ताह उतार-चढ़ाव देखने को मिला। इस दौरान मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरहोल्डर्स ने ताबड़तोड़ कमाई की और 5 दिन में 15 हजार करोड़ रुपए छापे।

### विंटर क्वीन मनाली-2024: निशा ठाकुर के सिर ताज




**अपने माता-पिता को दिया श्रेय**

*कुल्लू। विंटर कार्निवाल मनाली के अंतिम दिन मनाली की निशा ठाकुर को शरद सुंदरी-2024 चुना गया। उन्होंने फाइनल राउंड में 15 प्रतिभागियों को हराकर शरद सुंदरी-2024 के खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं शिमला की कोहिनूर प्रथम उपविजेता जबकि मनाली की ही भव्या पंडित द्वितीय उपविजेता रहीं। निशा ने कहा कि मैंने विंटर क्वीन टाइटल जीतने के लिए बहुत ज्यादा* ▶▶ शेष पेज 5 पर

साय सरकार की पहली बड़ी प्रशासनिक सर्जरी

## प्रशासनिक सर्जरी में अनुभव और योग्यता का पैमाना, गंभीर मंथन के बाद तैयार हुई लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में भाजपा के नेतृत्व वाली विष्णुदेव साय सरकार के गठन के करीब 20 दिनों बाद सरकार ने पहली बड़ी प्रशासनिक सर्जरी पिछले दिनों 3 जनवरी को की, जिसमें 88 अधिकारियों के तबादले और नई पोस्टिंग की गई है।

खास बात ये है कि जिन अधिकारियों की पदस्थापना बदली गई है, उन हरेक अधिकारी के नाम पर गहन विचार करते हुए उनके कार्यानुभव और योग्यता को प्रमुखता दी गई है। इस बदलाव पर मुख्यमंत्री श्री साय की नजर पूरे समय बनी हुई थी। कुछ दिन पूर्व छत्तीसगढ़ सरकार ने 88 अफसरों का प्रशासनिक तबादला किया। इस तबादले के साथ ही नई सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अफसर निष्पक्ष होकर जनता के लिए काम करें, न कि किसी पार्टी विशेष के लिए। इन प्रशासनिक तबादलों में अफसरों की योग्यता का पूरा ध्यान रखा गया। जो अफसर जिस योग्य है, उन्हें उसी तरह जिम्मेदारी दी गई, ताकि उनकी योग्यता का ▶▶ शेष पेज 5 पर



### सर्जरी में दिया गया संदेश

गौरतलब है कि पिछली सरकार में कुछ अधिकारियों पर आरोप लगता रहा कि सत्ताधारी दल के कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे थे, उन्हें उन जगहों से हटाकर दूसरी जगह पदस्थ किया गया है। इसका साफ संदेश है कि अधिकारी निष्पक्ष होकर काम करें, न कि किसी पार्टी विशेष के लिए। तबादला लिस्ट में ये साफ है कि साय सरकार प्रशासनिक अधिकारियों का उनकी योग्यता के आधार पर ही उपयोग करेगी। जनता के कामों को छोड़कर सत्ताधारी दल के लिए काम करने वाले अधिकारियों को इस प्रशासनिक सर्जरी में कठोर संदेश दिया गया है।

# भर रही है मेट्रो की झोली, कोरोना महामारी काल में हुए घाटे से उबरा डीएमआरसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो की झोली एक बार फिर खजाने से भरने लगी है, जिसके चलते कोरोना काल में हुए आर्थिक घाटे से डीएमआरसी उबरने लगा है। यह तथ्य डीएमआरसी द्वारा वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट पेश करने के बाद सामने आई है।

डीएमआरसी ने 2019-20 से 2022-23 तक का पूरा ब्यौरा दिया है। जिसके अनुसार मेट्रो के परिचालन से डीएमआरसी को वर्ष 2022-23 में 59.87 करोड़ रुपये का शुद्ध फायदा हुआ है। डीएमआरसी की वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया है कि परिचालन से मेट्रो को 3633.18 करोड़ की कमाई हुई। आंकड़ों की बात करे तो बीता वर्ष 2022-23 दिल्ली मेट्रो के लिए घाटे से उबरने के साथ ही खाली होती झोली को भरने वाला साबित हुआ। हालांकि अभी भी यात्रियों की संख्या में बहुत ज्यादा बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार दरअसल कोरोना महामारी काल के लंबे दौर में दिल्ली मेट्रो 22 मार्च 2020 से छह सितंबर 2020 तक



**पांच वर्षों में मेट्रो की कमाई व खर्च के आंकड़े (रुपये करोड़ में)**

| वर्ष | कुल आमदनी | कुल खर्च | परिचालन आमदनी | परिचालन खर्च |
|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 6645.06 | 5833.81 | 3633.18 | 3573.31 |
| 2021-22 | 4677.01 | 5108.05 | 1975.99 | 3226.91 |
| 2020-21 | 3289.20 | 3945.39 | 876.98 | 2638.21 |
| 2019-20 | 7014.69 | 4911.97 | 3897.29 | 3139.28 |

मेट्रो का परिचालन बंद रहने और फिर सीमित यात्रियों के साथ मेट्रो का परिचालन होने से डीएमआरसी को 1761.23 करोड़ के भारी भरकम राजस्व का नुकसान उठाना पड़ा था। डीएमआरसी का कहना है कि कोरोना से पहले वर्ष 2019-20 में मेट्रो परिचालन से डीएमआरसी ने 758.01 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। जबकि इसके गत वित्त वर्ष में मेट्रो के परिचालन से कमाई और खर्च का ब्योरा हटाने के बाद संस्थान को 1024.24 करोड़ का फायदा हुआ था। वहीं कोरोना महामारी के दूसरे वर्ष में घाटे की थोड़ी भरपाई हुई, फिर भी 1250.92 करोड़ का घाटा सहना पड़ा, लेकिन इसके बाद वर्ष 2022-23 में मेट्रो के परिचालन से डीएमआरसी को 59.87 करोड़ का फायदा हुआ और परिचालन से मेट्रो का राजस्व 83.87 प्रतिशत बढ़ गया। डीएमआरसी की माने तो इसका कारण यह है कि प्रतिदिन मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या बढ़कर उस वर्ष 40 लाख 63 हजार हो गई। फिर भी कोरोना से पहले की तुलना में परिचालन से कमाई कम रही। कोरोना से पहले मेट्रो में प्रतिदिन औसतन 50 लाख 16 हजार यात्राएं करते थे। वैसे मौजूदा वित्त वर्ष में यह आंकड़ा भी पार कर गया है। गत वर्ष मेट्रो में रिकार्ड संख्या में यात्रियों ने यात्रा की जिसको देखते हुए संभावना बन रही है कि मौजूदा वित्त वर्ष में परिचालन से मेट्रो की आमदनी कोरोना से पहले की तुलना से भी ज्यादा हो जाएगी। वहीं दूसरी तरफ परिचालन में फायदा होने के बावजूद सभी प्रकार की देनदारी और मेट्रो परियोजनाओं की किस्त और ब्याज भुगतान आदि के बाद मेट्रो को वर्ष 2022-23 में करीब 1688 करोड़ का घाटा हुआ।

## खबर संक्षेप

### आखिर डेंगू की रिपोर्ट को क्यों सार्वजनिक नहीं कर रही महापौर : सत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की पूर्व महापौर सत्या शर्मा ने निगम की सत्ता में काबिज महापौर शैली ओबरॉय से और निगमायुक्त से सवाल किया है कि क्या आगामी सोमवार को डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की रिपोर्ट जनता से साझा करेंगे या नहीं? जनता जानना चाहती है कि अगस्त से लेकर दिसंबर 2023 के अंत तक डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के कुल कितने मामले सामने आए हैं। इसके अलावा इन बीमारियों की रोकथाम के लिए कितनी दवा का इस्तेमाल किया गया। पूर्व महापौर सत्या शर्मा ने कहा कि दिसंबर 2023 को निगमायुक्त ज्ञानेश भारती ने अपने बजट भाषण में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने की बात तो कही, लेकिन डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के कितने मामले सामने आए इसका अपने बजट भाषण में कोई जिक्र नहीं किया था। जबकि निगमायुक्त ने दिसंबर 2022 के बजट भाषण में जलजनित बीमारियों के आंकड़ों का जिक्र किया था।

### अब डीजेबी का 'जल अवजल सुनवाई दिवस' हर बुधवार को मनेगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) उपभोक्ताओं की जल अवजल की शिकायतों से निपटने के लिए अब हर बुधवार को जल अवजल सुनवाई दिवस के रूप में मनाएगा। डीजेबी के एक अधिकारी के अनुसार इस अभियान के तहत डीजेबी के सभी सुपरिटेंडेंट इंजीनियर अपने कार्यालयों में आगामी सप्ताह से प्रत्येक बुधवार को जल- अवजल सुनवाई दिवस का आयोजन शुरू करेंगे। सुनवाई दिवस के दौरान मौके पर मौजूद वरिष्ठ अधिकारी लोगों की शिकायतें सुनेंगे और मौके पर ही यथा संभव समाधान किया जाएगा। अधिकारियों की कोशिश रहेगी कि उपभोक्ताओं की पानी- सीवर से जुड़ी छोटी बड़ी यानी सभी शिकायतों को सुनकर मौके पर ही जल्दी और आसान तरीके से समाधान कर दिया जाए। अधिकारी का कहना है कि अगर किसी कारण से सुनवाई दिवस के आयोजन में उपभोक्ता की शिकायत का समाधान नहीं हो पाता है तो उसको एक तय समय सीमा में त्वरित कार्यवाही करते हुए निपटारा करने की कोशिश की जाएगी।

### क्राइम ब्रांच की कार्रवाई: दो पिस्टल और पांच कारतूस भी बरामद

# ड्राई फ्रूट व्यापारी को गोली मार की थी लूट, एक धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने चांदनी चौक के ड्राई फ्रूट व्यापारी पर फायरिंग कर लूटपाट करने के मामले में शामिल रहे एक शूटर को गिरफ्तार किया है। आरोपी शूटर का नाम हरियाणा निवासी ऋतिक बताया गया है। शूटर आजकल दिल्ली के नरेला में किराए के कमरे में रहता था। इसके पास से दो पिस्टल और पांच कारतूस भी बरामद हुये हैं।

स्पेशल सीपी रविंद्र यादव के अनुसार 30 नवंबर की रात ड्राई फ्रूट व्यापारी शॉप बंद कर घर जा रहा था। जब वह अपनी कार से बैग निकालने लगा तभी हथियारबंद बदमाश वहां पहुंचे और चाकू से हमला कर बैग लूटने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान दूसरे बदमाश ने उन पर गोली चला दी और बैग लूटकर फरार हो गए। इस संबंध में रूपनगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले की छानबीन क्राइम ब्रांच की टीम भी कर रही थी। एडिशनल सीपी संजय भाटिया की देखरेख में एसीपी विवेक त्यागी, इंस्पेक्टर आलोक कुमार राजन की टीम ने आखिरकार 37 दिनों के बाद शूटर को दबोचने में सफलता पाई। पूछताछ में शूटर ने बताया कि अमन और मोहम्मद सफीक ने उसे लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए दो लाख का लालच दिया था। फिर सबने मिलकर लूट की योजना बनाई थी। हथियार का इंतजाम मोहम्मद शफीक ने किया था। उसी ने पूरे रूट की रेकी भी की थी। वारदात में ड्राई फ्रूट व्यापारी घायल हो गया था और उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस मामले में शूटर के एक साथी को पुलिस पहले गिरफ्तार कर चुकी है।




## तीन लाख की लूट में शामिल बदमाश दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पूर्वी जिले की स्पेशल स्टाफ और पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया पुलिस ने गाजीपुर सब्जी मंडी में पिस्टल की नोंक पर तीन लाख रुपये की लूट को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह मामला 24 घंटे के अंदर सुलझाया गया है। बदमाशों के पास से पिस्टल, सात कारतूस, लूटा गया पैसा और इस्तेमाल वाहन बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार 5 जनवरी की शाम लगभग 6.30 बजे पीसीआर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्तियों ने गाजीपुर सब्जी मंडी में तीन लाख रुपये लूटे हैं।

पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां शिकायतकर्ता कामेश गुप्ता मिला। उन्होंने बताया कि वह अपनी दुकान नंबर ए-73, सब्जी मंडी, गाजीपुर से मनी ट्रांसफर का काम करते हैं। वह अपनी दुकान पर बैठे थे उसी समय नीली जैकेट और हेलमेट पहने दो व्यक्ति उसकी दुकान पर आए। उनमें से एक ने उसे पिस्टल दिखाई और दोनों ने उसे आवाज न करने की धमकी दी। उन्होंने उसकी मेज की दराज से 2.20 लाख रुपये नकद निकाले और फरार हो गये। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुये कई टीमें गठित की गई। स्पेशल स्टाफ और लोकल थाने की संयुक्त टीमों ने घटनास्थल से लेकर रूट के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण करने के बाद पुलिस मुल्ला कॉलोनी, गाजीपुर तक पहुंची। गली नंबर-10 में रिजवान के घर के सामने एक काली और लाल रंग की स्कूटी खड़ी मिली। पता चला कि रिजवान यूपी के कुछ मामलों में भी शामिल रहा है। टीम ने जाल बिछाया और कुछ देर बाद गली में स्कूटी पर पहुंचे दो लोगों को काबू कर लिया गया। इनके नाम दिलशाद निवासी ग्राम चांदपुर, बुलंद शहर और अबू बकर निवासी दुकान नंबर-47, सब्जी मंडी, गाजीपुर पता चला। बकर भी मूलरूप से सिकंदराबाद, बुलंदशहर का रहने वाला था। पूछताछ में इन्होंने रिजवान के साथ मिलकर लूट की बात कबूली। बाद में रिजवान को भी उसके घर से पकड़ लिया गया। अबू सब्जी मंडी, गाजीपुर में काम करता है और शिकायतकर्ता की दुकान से अपने रिश्तेदारों को पैसे ट्रांसफर करवाता था। उसने शिकायतकर्ता की टेबल की दराज में बड़ी मात्रा में नकदी पड़ी हुई देखी थी। इसके बाद अपने दोस्तों रिजवान और दिलशाद के साथ मिलकर लूट की साजिश रची थी। अबू बकर के पास से एक पिस्तौल भी बरामद की गई।

# सदर बाजार: किशोरी से गैंग रेप में तीन नाबालिग समेत चार दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सदर बाजार इलाके में 12 साल की लड़की से गैंगरेप के मामले में पुलिस ने तीन नाबालिगों समेत चार लोगों को पकड़ लिया है। पकड़े गये बालिग का नाम सुरेश (38) बताया गया है। वह चाय की दुकान चलाता है। पुलिस के मुताबिक दो जनवरी को पीड़ित लड़की सदर बाजार इलाके में कूड़ा बीनने के लिए पहुंची थी।

वहां पर एक 29 साल की महिला ने उसे खुर्शीद मार्किट की एक बिल्डिंग में छत पर कूड़ा उठाने के लिए भेजा। छत पर प्लास्टिक की त्रिपाल का एक अस्थायी शेड आरोपियों द्वारा बनाया गया था। आरोपी वहां पहले से मौजूद थे। सभी ने लड़की के साथ दुष्कर्म किया। घटना के दिन पीड़ित लड़की ने मामले की शिकायत किसी से नहीं की, क्योंकि आरोपियों ने उसे डराया धमकाया था। इसके बाद जब पीड़ित लड़की दोबारा से सदर बाजार इलाके में आई तो उसने अपनी चचेरी बहन को इस वारदात के बारे में बताया। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पीड़ित लड़की की मेडिकल जांच के बाद पुलिस ने मामले में गैंग रेप और 6 पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने सभी आरोपियों की पहचान कर उन्हें दबोच लिया। पकड़े गए तीन नाबालिगों में 12, 14 और 15 साल के किशोर हैं। वहीं आरोपी सुरेश मूलरुप से सीतामढ़ी बिहार का रहने वाला है। इस केस में पुलिस की इंवेस्टीगेशन अभी जारी है।



### एलजी ने दिया गेट हाटने पर झंडेवाला मंदिर के प्रबंधकों को धन्यवाद

**नई दिल्ली।** रानी झांसी रोड स्थित प्रसिद्ध झंडेवालान मंदिर के प्रबंधकों द्वारा मेन रोड पर बनाए गए प्रवेश द्वार को हटाने पर उपराज्यपाल वी.के सक्सेना ने उन्हें धन्यवाद करते हुए इसे एक उदाहरण बताया है। एलजी ने मंदिर प्रबंधकों से एक अपील करते हुए कहा था कि अगर मेन रोड पर बने मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वारा को हटा लेते है तो इससे यातायात बाधित होने से लोगों को छुटकारा मिल जाएगा। एलजी की अपील के बाद मंदिर प्रबंधकों ने आगे बढ़कर मंदिर के प्रवेश द्वार को स्वयं हटा दिया। प्रवेश द्वार हटाने के दूसरे दिन रविवार को उपराज्यपाल ने पुनः अपने सोशल मंच एक्स पर फोटो व वीडियो क्लिप पोस्ट करके लिखा कि एक और सराहनीय स्वैच्छिक कदम में, माता झंडेवालान मंदिर प्रबंधन अब मंदिर के बगल की सड़क पर अतिक्रमण करने वाले शेड भी हटा रहा है। उन्होंने लिखा कि इसके साथ ही रानी झांसी मार्ग व डीबी गुप्ता रोड के बीच संपर्क मार्ग मुक्त हो जाएगा।

# कोर्ट ने दी संजय सिंह को राज्यसभा चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी से मिलने की अनुमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह को राज्यसभा चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी से नामांकन पत्र दाखिल करने के सिलसिले में मिलने की अनुमति दे दी है। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने सिंह द्वारा दायर एक आवेदन पर यह निर्देश पारित किया। न्यायाधीश नागपाल ने पहले सिंह को राज्यसभा चुनाव के लिए उनके पुनः नामांकन से संबंधित कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दी थी। न्यायाधीश ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को सिंह को 8 और 10 जनवरी को निर्वाचन अधिकारी के सामने पेश करने का निर्देश दिया, ताकि वह उक्त चुनाव के संबंध में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकें। न्यायाधीश ने छह जनवरी को पारित एक आदेश में निर्देश दिया कि आरोपी को नामांकन और दस्तावेजों की जांच की उपरोक्त प्रक्रिया पूरी होने तक वहां रहने की अनुमति दी जाएगी। सिंह ने कहा कि राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका वर्तमान कार्यकाल 27 जनवरी, 2024 को समाप्त हो रहा है और निर्वाचन अधिकारी ने इस सीट पर चुनाव के लिए 2 जनवरी को नोटिस जारी कर दिया है। धनशोधन रोधी एजेंसी ने सिंह को चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि सिंह ने अब रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 बनाने और लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी, जिससे कुछ शराब निर्माताओं, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को रिश्वत के बदले लाभ हुआ। सिंह ने इस आरोप का खंडन किया है जबकि आप ने आरोप लगाया है कि उसके नेताओं को राजनीतिक प्रतिशोध के कारण निशाना बनाया जा रहा है।





# फाइनेंसर को मारने के इरादे से की थी फायरिंग, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ल

स्पेशल सेल ने नीरज बवाना और नवीन बाली गैंग के दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों लाजपत नगर में हत्या की कोशिश के मामले में वांछित थे। इनके नाम महरौली क्षेत्र निवासी सुबेग सिंह और लाजपत नगर निवासी सौरभ बताये गये हैं। दोनों पेशेवर शूटर हैं जो हत्या, हत्या की कोशिश, लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट जैसे कई मामलों में शामिल रह चुके हैं। स्पेशल सीपी हरगोविंद सिंह धालीवाल के अनुसार एसीपी वेदप्रकाश की टीम को दोनों बदमाशों के मुनिरका इलाके में आने की सूचना मिली थी। ट्रैप लगाकर दोनों को पकड़ लिया गया। जेल में बंद गैंगस्टर नीरज बवाना व नवीन बाली गिरोह की लंबे समय से कपिल पंवार गैंग के साथ साउथ दिल्ली में वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने तीन नवंबर को लाजपत नगर एरिया में फाइनेंसर रोहित सिंह पर हमला किया था। यह वारदात कपिल पंवार गैंग पर दबदबा बनाने के लिए की गई थी। इस घटना के समय रोहित को टारगेट कर कई राउंड फायरिंग की गई थी। हमले में वह बच गया था लेकिन एक गोली अनजान शख्स को जा लगी थी।

### कांग्रेस ने जारी की दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों के लिए कोऑर्डिनेटरों के नामों की सूची

**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए अपने नेताओं को जिम्मेदारियां दे रही है। इसी कड़ी में एआईसीसी ने रविवार को दिल्ली प्रदेश की सात लोकसभा सीटों के लिए अपने लोकसभा कोऑर्डिनेटरों के नामों की सूची जारी कर दी। इस सूची के अनुसार चांदनी चौक डॉ. परवेज मियां, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली अमित मलिक, ईस्ट दिल्ली छत्तर सिंह, नई दिल्ली प्रेरणा सिंह, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली जितेंद्र बघेल,वेस्ट दिल्ली नीरज बसोया और दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट की जिम्मेदारी कमल कांत शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने नवनियुक्त लोकसभा कोऑर्डिनेटरों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बता दें कि इससे पहले लवली लोकसभा चुनावों के लिए वार रूम व वार कमेटी के अध्यक्ष की घोषणा कर चुके है।

### सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, देशी पिस्टल व कारतूस जब्त

# एटीएस के हत्थे चढ़े भाटी गैंग के दो शूटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी जिले की एएटीएस टीम ने दो शार्पशूटरों को गिरफ्तार किया है। इनका संबंध रणदीप भाटी गैंग से बताया गया है। पुलिस ने इन्हें पुस्ता रोड से घोंडा जाने वाले रोड पर पांच जनवरी को दबोचा। दोनों बदमाशों के नाम तेजेंद्र उर्फ अन्नू और सचिन उर्फ हन्नी बताये गये हैं।

डीसीपी अमृता गुगुलोथ ने बताया कि सूचना के आधार पर टीम द्वारा एक संदिग्ध सफेद रंग की क्रेटा कार को रोका गया। कार में दो व्यक्ति पाये गये। तलाशी लेने पर तेजेंदर के पास से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और दो कारतूस बरामद हुये। दूसरे शख्स सचिन के पास एक कारतूस व देशी पिस्टल बरामद हुई। जांच करने पर क्रेटा कार बिंदापुर से चोरी की मिली। इस संबंध में लक्ष्मी नगर थाने में मामला दर्ज किया गया। आरोपी तेजेन्द्र ने 11वीं तक पढ़ाई की है। उस पर थाना तिगांव, पलवल, डीएलएफ गुड़गांव और फरीदाबाद में हत्या के प्रयास और चोट पहुंचाने के 21 आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल मंडोली जेल में बंद गैंगस्टर रणदीप भाटी उसका साला है। दूसरे आरोपी सचिन ने 12वीं तक पढ़ाई की है। उस पर भी थाना तिगांव, पलवल, डीएलएफ गुड़गांव और फरीदाबाद में हत्या और चोट पहुंचाने के प्रयास के करीब 20 आपराधिक मामले दर्ज पाये गये हैं। इनकी गिरफ्तारी से बिंदापुर और फतेहपुर बेरी थाने में दर्ज दो मामले सुलझाये गये हैं।



## मंत्री ने श्रीनिवासपुरी, गोविन्दपुरी और कालकाजी वार्ड में किया जनसंवाद

# भाजपा कितनी भी साजिशें कर ले केजरीवाल के प्रति जनता का प्यार कम नहीं होगा : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





चाहे भाजपा कितना भी षड्यंत्र कर ले लेकिन अरविंद केजरीवाल के लिए दिल्ली की जनता का प्यार कम नहीं होगा। यह बात रविवार को आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कही।

आतिशी ने बताया कि रविवार को मैं भी केजरीवाल कैंपेन के तहत अपने विधानसभा क्षेत्र कालकाजी के गोविंदपुरी, श्रीनिवासपुरी और कालकाजी वार्ड में जनसभाओं को संबोधित किया। इन जनसभाओं में उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में कहा कि वो अपने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं। जनसंवाद में आतिशी ने लोगों से पूछा कि अगर गिरफ्तारी होती है तो सीएम अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए या जेल से सरकार चलानी चाहिए। लोगों ने एक स्वर में कहा कि षड्यंत्र के तहत सीएम को गिरफ्तार करने की साजिश हो रही है लेकिन कुछ भी हो उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए। लोगों ने कहा कि हमने अरविंद केजरीवाल को अपना मुख्यमंत्री चुना है, वो इस्तीफा न दे चाहे उन्हें जेल से सरकार चलानी पड़े, हम अपने सीएम के साथ खड़े हैं। आतिशी ने कहा कि आज एक के बाद एक आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल में भेजा जा रहा है और अब पिछले कई महीने से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश रची जा रही है, झूठे आरोप लगाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा जिस तथा कथित घोटाले पर शोर मचा रही है वे शायद ऐसा घोटाला होगा जिसमें तमाम जांचों-रेड के बावजूद एक पैसा नहीं मिला, ये केंद्रीय जांच एजेंसियां एक पैसे का भ्रष्टाचार का सबूत पेश नहीं कर पाई क्योंकि आम आदमी पार्टी एक ईमानदार पार्टी है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को जेल भेजने की साजिश किसी घोटाले के तहत नहीं है, असली वजह तो ये है कि भाजपा को केजरीवाल और उनका काम अखरता है।

### विरोध करने वाले नेता के खिलाफ भाजपा करवाती है ईडी का केस

आतिशी ने कहा कि आज पूरे देश में विपक्ष का कोई भी नेता भाजपा का विरोध करता है तो भाजपा उसके खिलाफ ईडी का केस करवाती है। लेकिन जैसे ही वो नेता भाजपा में शामिल हो जाता है, उसके सारे केस खत्म हो जाते है। लेकिन आप के नेता भाजपा से नहीं डरते हैं क्योंकि उन्होंने दिल्ली के लोगों के लिए ईमानदारी से काम किया है। भाजपा चाहे कितने भी प्रयास कर ले लेकिन भाजपा की धमकियों के सामने न मनीष सिसोदिया झुके, न सत्येन्द्र जैन झुके, न संजय सिंह झुके, और अब केजरीवाल जी भी नहीं झुकेंगे।

### भाजपा की धमकियों से डरने वाले नहीं है हम

आतिशी ने कहा कि, आज आम आदमी पार्टी के नेता जेल में सिर्फ इसलिए है क्योंकि उन्होंने दिल्ली के लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए काम किया और भाजपा से ये बर्दाश्त नहीं हुआ। लेकिन ये कितने भी षड्यंत्र कर ले, साजिशें रच ले, चाहे जेल में डाल दे पर हम दिल्ली के जनता के हित में लड़ते रहेंगे। हम इनकी धमकियों से नहीं डरेंगे क्योंकि हमें ताकत जनता के प्यार से मिलती है, हमारे स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की मुस्कुराहट से मिलती है,हमें ताकत बुजुर्गों के आशीर्वाद से मिलती है।





## कड़ाके की ठंड के बीच निकले सूरज ने दी दिल्ली वालों को मामूली राहत

नई दिल्ली। दिल्ली वालों को लगातार कड़ाके की ठंड व शीतलहर का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि रविवार को वीकेंड पर कुछ राहत मिली लेकिन सर्दी से बहुत ज्यादा राहत नहीं मिली। दिन के समय सूरज निकलना दिल्ली वालों को सुखद अहसास कराने वाला रहा। अनुमान है कि आने वाली 9 जनवरी को दिल्ली में हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार इस दौरान न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री अधिक है। वहीं अधिकतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत तापमान है। जानकारी अनुसार दिल्ली आने वाली 22 ट्रेन के पहुंचने में देरी हुई। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 79 फीसदी दर्ज किया गया। आईएमडी का अनुमान है कि आने वाले सप्ताह में दिल्ली में हल्के और मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहेगा तथा नौ जनवरी को बादल छाए रहने एवं हल्की बारिश होने के आसार हैं। रविवार को आसमान मुख्यत साफ रहने और सुबह के समय हल्का कोहरा रहने का पूर्वानुमान जताया गया है। वहीं दूसरी तरफ केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने कहा कि दिल्ली में सुबह 10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 341 बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया।

## स्कूलों में 12 जनवरी तक बढ़ाया गया शीतकालीन अवकाश

नई दिल्ली। दिल्ली में शीतलहर की स्थिति को देखते हुए सभी स्कूलों में प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए शीतकालीन अवकाश 12 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। वहीं 13 जनवरी को महीने का दूसरा शनिवार और 14 जनवरी को रविवार होने के कारण अब स्कूलों में 15 जनवरी को ही प्राथमिक कक्षाएं शुरू होंगी। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने रविवार को यह जानकारी दी। इससे पहले रविवार सात जनवरी तक शीतकालीन अवकाश के बाद स्कूल 8 जनवरी सोमवार को फिर से शुरू होने वाले थे। आतिशी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ठंड के मौजूदा प्रकोप के कारण दिल्ली में नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल अगले पांच दिन तक बंद रहेंगे। दिल्ली इस समय शीतलहर की चपेट में है और भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले कुछ दिनों में घने कोहरे, हल्की बारिश और तापमान में गिरावट का अनुमान जताया है। वहीं दिल्ली नगर निगम ने भी अपने सभी स्कूलों को अगले पांच दिनों के लिए अवकाश घोषित कर दिया है। इस बात की जानकारी महापौर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में दी।

## मंत्री ने उर्स कैंप का दौरा कर लिया सुविधाओं का जायजा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग मंत्री इमरान हुसैन ने ख्वाजा गरीब नवाज के 812वें उर्स में जाने वाले जायरीनों के लिए बुराड़ी क्षेत्र में लगे कैंप में सुविधाओं का जायजा लिया। इस बात की जानकारी मंत्री इमरान हुसैन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी है। वहीं एक्स पर उन्होंने दौरे की तस्वीरें भी शेयर की हैं। मंत्री इमरान हुसैन ने एक्स पर लिखा कि ख्वाजा गरीब नवाज के 812वें उर्स में जाने वाले जायरीनों के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आदेश अनुसार बनाए गए उर्स कैंप का दौरा किया,जायरीन को किसी प्रकार की दिक्कत ना आए अधिकारियों को ये सुनिश्चित करने के आदेश दिए। पूरी कोशिश रहेगी कि अलग अलग राज्यों से आने वाले जायरीन को कैंप में बेहतर से बेहतर सुविधा मिले। बता दें कि ख्वाजा गरीब नवाज का 812वां उर्स 12 और 13 को शुरू होगा।

## ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों को वितरित किए कम्बल व शॉल



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम स्थाई समिति के पूर्व उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव ने बढ़ती ठंड को देखते हुए बादली विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में जरूरतमंदों जैसे गरीब, असहाय लोगों को कंबल और शाल का वितरण किया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक प्रमुख समाजसेवी शिरोमणि श्रवण गुप्ता रहे। विजेंद्र यादव ने रविवार को बताया कि गरीबों और जरूरतमंदों में कंबल का वितरण करना एक पुण्य का कार्य होता है। उन्होंने कहा कि सर्दी को देखते हुए सभी से अपील है कि अपने अपने क्षेत्र में गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद करें। जिससे इन लोगों को सर्दी से कुछ हद तक राहत मिल सके। यादव ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि बादली गांव मुख्य रोड, जहांगीरपुरी रोड, भलस्वा झील व स्वरूप नगर मुख्य रोड पर गरीबों में कंबल व शाल का वितरण किया गया।

## शराब घोटाले की जांच से भाग रहे केजरीवाल, खुद पर बढ़ा रहे हैं भ्रष्टाचार का संदेह : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जिस तरह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विपासना की छुट्टी मना रहे हैं, राजनीतिक पर्यटन कर रहे हैं शराब घोटाले की जांच से भाग रहे हैं उससे वह खुद पर भ्रष्टाचार का संदेह बढ़ा रहे हैं। यह खुद मुख्यमंत्री के लिए बेहतर होता कि आज वह गुजरात जाने की जगह ईडी के समक्ष पेश होकर अपने को बेगुनाह दिखाते। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उक्त बातें कही। सचदेवा ने कहा है कि जिस तरह ईडी के समन को लेकर अरविंद केजरीवाल एवं आम आदमी पार्टी लगातार भ्रम फैला रहे हैं कि यह उनकी गिरफ्तारी की साजिश है, ठीक उसी तरह कुछ माह पूर्व सीबीआई का समन मिलने पर भी यही कहा गया था कि सीबीआई मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लेगी पर आज लगभग 4 माह बीत चुके पर उनकी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। यह साफ करता है कि जांच एजेंसियों को कोई पूर्वाग्रह नहीं है। सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल को जांच एवं कानून से भागता देख दिल्ली ही नहीं देश भर की जनता अचंभित है। हमारी जानकारी अनुसार आज गुजरात दौरे में भी उनके पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी उनके जांच से भागने पर आश्चर्य व्यक्त किया। उन्होंने कहा है कि अपने राजनीतिक वजूद को बचाने के लिए अरविंद केजरीवाल अपने नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर दबाव डाल 'मैं भी केजरीवाल' अभियान चलवा रहे हैं और उसके अंतर्गत पार्टी ने आज अनेक जनसंवाद कार्यक्रम रखे लेकिन वह नेता भी पार्टी कार्यकर्ताओं तक को पूरी तरह इकट्ठा नहीं कर पाये, जनता का आना तो दूर की बात है।

## विधायक जरनैल सिंह बने अखिल भारतीय वाल्मीकि समाज विकास परिषद के दिल्ली प्रदेश संरक्षक

नई दिल्ली। तिलक नगर विधान सभा के अंतर्गत विधायक जरनैल सिंह को अखिल भारतीय वाल्मीकि समाज विकास परिषद का दिल्ली प्रदेश सरंक्षक नियुक्त किया गया है। रविवार को इस मौके पर दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष और परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गहलोत ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा है। अध्यक्ष संजय गहलोत ने कहा कि वाल्मीकि समाज बहुत ईमानदारी और मेहनत से कार्य करता है परन्तु अधिकारों के मामले में बहुत पिछड़ा हुआ है, परिषद के माध्यम से न केवल दिल्ली अपितु पूरे भारतवर्ष में एकता और अखंडता की मुहिम चलाकर दिशा और दशा के क्षेत्र में कार्य करेंगे। वहीं परिषद के दिल्ली प्रदेश नवनियुक्त संरक्षक विधायक जरनैल सिंह ने भी वाल्मीकि समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने का दंभ भरा। कार्यक्रम का आयोजन अपने निवास पर परिषद के प्रदेश सचिव नवल किशोर 'गुड्डू' ने किया।

## सावित्री बाई फुले ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के नारे को सशक्त तौर पर किया सार्थक : आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- मंत्री ने माता सावित्री बाई फुले के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया श्रद्धासुमन कार्यक्रम



'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के नारे को सशक्त तौर पर सार्थक करने का श्रेय माता सावित्री बाई फुले को जाता है। यह बात रविवार को दिल्ली के अनुसूचित जाति/जनजाति मंत्री राज कुमार आनंद ने अपने निवास पर आयोजित माता सावित्री बाई फुले के जन्मदिवस कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि सबसे खतरनाक होता है सपनों का मर जाना। 19 शताब्दी तक महिलाओं के पढ़ने लिखने के सभी मार्ग बंद थे। वह अपने पढ़ने लिखने के सपनों को मार चुकी थी। जब अशिक्षा, छुआछूत, सती प्रथा, बाल या विधवा विवाह जैसी कुरीतियों पर महिलाएं इसे नियति मानकर चुपचाप झेला करती थीं, उस दौर में महिलाओं के लिए अगर पहली बार किसी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को सशक्त तौर पर सार्थक कर दिखाया तो वह हैं हमारी पुरखिन वीरांगना माता सावित्री बाई फुले यह सब माता सावित्री बाई फुले ने तब संभव कर दिखाया जब पेशवाई संस्कृति चरम पर थी, बाल विवाह की परंपरा समाज में व्यापकता से फैली थी।

## पतंग उत्सव की तैयारियों का जायजा लेने उपराज्यपाल पहुंचे बांसेरा पार्क

नई दिल्ली। उपराज्यपाल (एलजी) व डीडीए के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना ओखला स्थित बांसेरा बैम्बू पार्क में आगामी पतंग उत्सव को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। इस मौके पर डीडीए व संबंधित विभागों के आला अधिकारी भी मौजूद थे। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव के उपलक्ष्य में डीडीए आगामी 12-13 जनवरी 2024 को दो दिवसीय पतंग उत्सव का आयोजन कर रहा है। एलजी ने दौरे के समय पार्क में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। वर्तमान में चल रही तैयारियों से एलजी ने संतुष्टि जताई। एलजी ने दौरे से जुड़ी फोटो आदि को अपने अधिकृत सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा करते हुए लिखा कि डीडीए का बांसेरा आज, क्योंकि यमुना के ठीक किनारे फूलों का यह प्राकृतिक प्राचीन निवास स्थान डीडीए काईट फेस्टिवल की मेजबानी के लिए तैयार है। जानकारी अनुसार यमुना नदी के तट पर सराय काले खां स्थित बांसेरा बैम्बू पार्क में दो दिवसीय पतंग उत्सव का आयोजन होने जा रहा है। उत्सव में एक थीम पवेलियन भी शामिल किया जाएगा, जिसमें पतंग से जुड़े इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा। जिनमें लोगों को पतंग गैलरी के रूप में युद्ध के समय में पतंग के उपयोग, लड़ाकू पतंग, भारत में पतंग के महत्व आदि को दिखाया जाएगा। उत्सव में आने वाले लोगों के लिए डीडीए पार्क में ही पतंग खरीदने और उड़ाने आदि की भी व्यवस्था करेगा।

## केजरीवाल ने की दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि पर दिल्लीवासियों और सरकार के प्रयासों की सराहना



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को राज्य की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि का श्रेय दो करोड़ दिल्लीवासियों और शहर सरकार की कड़ी मेहनत व संयुक्त प्रयासों को दिया। दिल्ली सरकार ने शनिवार को अपनी सांख्यिकी पुस्तक (स्टैटिस्टिकल हैंडबुक)-2023 का विमोचन करते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 3 लाख 89 हजार 529 रुपये से बढ़कर 4 लाख 44 हजार 768 रुपये हो गई है, जो राष्ट्रीय औसत से 158 प्रतिशत अधिक है। दिल्ली के सामाजिक-आर्थिक मापदंडों पर आधारित आंकड़ों वाली यह पुस्तक दिल्ली सरकार के आर्थिक और सांख्यिकी विभाग द्वारा जारी की गई। केजरीवाल ने कहा कि सरकार को अभी भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह किसी भी राज्य में एक वर्ष के भीतर प्रति व्यक्ति आय में भारी वृद्धि है। दो करोड़ दिल्लीवासियों और दिल्ली सरकार की दिन-रात की कड़ी मेहनत से इसे हासिल किया गया है। पिछले नौ वर्षों में कई नए और दूरदर्शी कदम उठाए गए हैं लेकिन अभी भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। योजना विभाग मंत्री आतिशी ने सांख्यिकी पुस्तक के विमोचन पर कहा कि विभिन्न बाधाओं के बावजूद, केजरीवाल सरकार ने 2023 में सार्वजनिक सेवा क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं।

## दिल्ली को राममय बनाने के लिए घर-घर 'दिया' वितरण कर रहे हैं पूर्व महापौर

**नई दिल्ली।** दिल्ली को राममय बनाने के लिए जगह-जगह तैयारियां चल रही है। इसी को लेकर दिल्ली से पूर्व महापौर जय प्रकाश ने रविवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ सदर क्षेत्र के बगीची पीर में घर-घर जाकर अक्षत वितरण किया और सभी को राम मंदिर में दर्शन का निमंत्रण दिया। पूर्व महापौर जय प्रकाश ने बताया कि 22 जनवरी श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी जोरदार तरीके से हो रही है। यहां सभी मंदिरों में संपर्क कर लोगों जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। भजन मंडलियों के साथ प्रभात फेरी और घर घर 'दिया' वितरण भी किया जा रहा ताकि 22 जनवरी को को सभी राम मय हो सके। जय प्रकाश ने बताया कि लोगों में जोश और उत्साहपूर्ण माहौल है। सभी को इस ऐतिहासिक दिवस का इंतजार है। प्रभात फेरी में महिलाओं और युवाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। वहीं, दिल्ली देहात के रानी खेड़ा गांव में युवाओं ने गांव में जय श्री राम के नारे लगाए।

### सांसद ने क्षेत्र की बेहतरी के लिए ग्रामीणों से लिए सुझाव

# सांसद प्रवेश ने 'ग्रामोदय अभियान संवाद' के अंतर्गत ग्रामीणों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र पश्चिमी दिल्ली लोकसभा में 'ग्रामोदय अभियान संवाद' के अंतर्गत खेड़ा डाबर, जाफरपुर कलां, उजवा, समसपुर खालसा, बापरोला, बक्करवाला, रणहौला और कोटला में ग्रामीणों से सौजन्य भेंट कर उनसे संवाद किया। उनकी समस्याओं को सुना विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और गांव के विकास पर संवाद कर चर्चा की।

गांववासियों की मांग के अनुसार सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने गांव के महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण अधिकारियों के साथ किया, जहां- जहां युवाओं के लिए स्टेडियम बनवाने, यूनिवर्सिटी बनवाने, पानी की समस्या, चौपाल की मरम्मत, ट्यूबल की समस्या, सामुदायिक भवन बनाने व मरम्मत, पार्क बनाने, सड़क बनाने, तालाब का सौन्दर्यकरण करने, स्कूल की चारदीवारी, नाले की समस्या कूड़े की समस्या व अन्य मांगों के अनुसार उस स्थान को चिन्हित कर अधिकारियों को काईवाई करने के आदेश दिये। दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा ग्रामीण दिल्ली के विकास के लिए 960 करोड़ रुपए का फंड जारी करने का जो आदेश हुआ है, उसकी जानकारी लोगों को दी जिसके लिए गांव वासियों ने सांसद का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसार पर सांसद ने क्षेत्र की बेहतरी के लिए उनके बहुमूल्य सुझाव भी लिए। इस 'ग्रामोदय अभियान संवाद' कार्यक्रम में डीएम लक्ष्य सिंघल, एसडीएम ममता यादव, सम्बंधित अधिकारी, जिला अध्यक्ष रमेश शौकंदा, निगम पार्षद नीलम कृष्ण, पूर्व निगम पार्षद सतपाल मलिक व भाजपा के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहें।

### बिधूड़ी ने प्रहलादपुर गांव में किया प्रवास

दिल्ली ग्रामोदय अभियान के तहत दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी ने पुल प्रहलादपुर गांव व एवं फतेहपुर बेरी गांव में जिलाधिकारियों के साथ रात्रि प्रवास किया। सांसद ने बताया कि दक्षिण पूर्व क्षेत्र से जिलाधिकारी ईशा खोसला व डीएसआईआईडीसी प्रमुख संजीव मित्तल एवं फतेहपुर बेरी गांव में दक्षिण क्षेत्र से जिलाधिकारी एम सी प्रसाद का प्रवास रहा। यहां चौपाल में एकत्रित गांव वालों की समस्याओं को सुना तथा उन्हें नोट किया।

### सांसद प्रतिनिधि ने डीएम के साथ सुनी शिकायतें

दिल्ली ग्रामोदय अभियान के तहत उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी के प्रतिनिधि ने जिलाधिकारी व अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ सांसद आदर्श ग्राम सभापुर शाहदरा में जनता की शिकायतें सुनी। इसके बाद सभापुर चौहान पट्टी, बदरपुर खादर गांव में जाकर सीधे जनता से उनकी ज़रूरतें और समस्याएं सुनी। वहीं, सांसद मनोज तिवारी ने इसे लेकर कहा कि गांव में रात्रि विश्राम कर गांव वासियों के अनुरूप उसे क्षेत्र का विकास करने का यह अभियान दिल्ली के गांव के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। यह योजना रुके हुए विकास कार्यों को गति देगी तो गांव के लोग सारी बाधाओं को पर कर सीधे प्रशासनिक अधिकारियों से जुड़ेंगे और उनके कामों में आने वाली रुकावट दूर होगी।

## दिल्ली पुलिस में एसएचओ बनाने के लिए इंस्पेक्टरों से रिश्वत लेने के मामले की ईडी-सीबीआई से हो जांच : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस में थानों का एसएचओ बनाने के लिए करोड़ों रुपए की रिश्वत लेने के मामले की आम आदमी पार्टी (आप) ने ईडी-सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। पार्टी की मांग है कि यह सच दिल्ली की जनता के सामने आना चाहिए कि रिश्वत का पैसा किन-किन लोगों तक पहुंचता है। आप के वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती ने मीडिया में छपी रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि बीते 30 दिसंबर को 12 इंस्पेक्टरों ने पंडारा रोड स्थित विशेष आयुक्त के घर के बाहर हंगामा किया था। उनका आरोप था कि पैसे लेने के बाद भी उनको एसएचओ नहीं बनाया गया। इतना बड़ा भ्रष्टाचार केंद्रीय गृहमंत्री, एलजी और भाजपा के नाक के नीचे हुआ है। इसलिए उन्हें ये बताना चाहिए कि इसकी जांच ईडी-सीबीआई से कब होगी, भाजपा किसे बचाने का प्रयास कर रही है। वहीं आप के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने भी भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा अपने राजनैतिक विरोधियों के लिए जिस ईडी का दुरुपयोग कर रही है, अब उसका सदुपयोग करे और रिश्वत लेकर एसएचओ बनाने के मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करे।

## खबर संक्षेप

### राममंदिर निर्माण के लिए 31 लाख का दान

**गाजियाबाद।** समाजसेवी अशोक कुमार अग्रवाल ने राम मंदिर निर्माण हेतु 31 लाख रुपए का दान दिया है।



सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह ने उनके आवास पर उपस्थित होकर यह राशि प्राप्त की। मंत्री ने कहा कि गर्व और हर्ष का विषय है कि भगवान श्रीराम में जन-जन की इतनी प्रगाढ़ आस्था है। हम ऐसे तमाम सनातनी सेवकों को बार बार प्रणाम करते हैं ।

### स्वयंसेवकों ने कन्या सदन,वृद्धाश्रम में सेवा दी

**फरीदाबाद।** श्री सिद्धदाता आश्रम के अधिष्ठाता जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य



महाराज के निर्देश पर स्वयंसेवकों का एक दल सेक्टर 15 स्थित आर्य कन्या सदन पहुंचा। उन्होंने बच्चियों को स्कूल बैग, स्टेशनरी व आश्रम से लाया प्रसाद किया। स्वयंसेवक एसोसिएशन फॉर द वेलफेयर ऑफ द हैंडीकैप्ड द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में रहने वाली महिलाओं को गर्म शॉल भेंट किए।

### अन्नू बनीं मानवाधिकार मिशन की सदस्य

**फरीदाबाद।** मानव अधिकार मिशन प्रदेश का मनोनीत सदस्य अन्नू वशिष्ठ एड. को बनाया है।



अपनी नियुक्ति पर अन्नू ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ.शशि भाटी, राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुमेधा शर्मा का आभार व्यक्त किया। वशिष्ठ एमसीए करने के बाद अब सेक्टर-12 मे वकालत करती हैं। बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के वकीलों ने स्वागत किया।

### अध्यक्ष बनाने पर वोहरा ने आभार व्यक्त किया

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद जिला भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने अपनी नियुक्ति



पर सीएम मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देव, प्रदेश संगठन महामंत्री का आभार व्यक्त किया। वोहरा ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा व संगठन के वरिष्ठ सभी नेताओं का आभार व्यक्त किया।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**गुरुग्राम ।** सेक्टर-10 थाना एरिया में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार कंपनी कर्मी की मौत



हो गई। हादसे को अंजाम देकर चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और ट्रक चालक पर केस दर्ज कर लिया।

# शर्मा ने शहीद थापा सीनियर सेकंडरी स्कूल के नए भवन की आधारशिला रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रदेश के परिवहन और उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लबगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर-22 में शहीद राजेश थापा सीनियर सेकंडरी स्कूल के नए बहुलंजिला भवन की आधारशिला रखी। भूमि पूजन और यज्ञ हवन के साथ आधारशिला आधारशिला रखी गई।

गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल पंचकूला से इस स्कूल के कार्य का शिलान्यास कर चुके हैं। उसके उपरांत आज भूमि पूजन के साथ स्कूल के नए भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है।

**साढ़े 5 करोड़ से 36 कमरों वाले स्कूल में मिलेगी आधुनिक तकनीकी सुविधा**



उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लबगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर-22 में शहीद राजेश थापा सीनियर सेकंडरी स्कूल के नए बहुमंजिला भवन की आधारशिला रखी। साथ ही, भूमि पूजन और यज्ञ हवन के साथ आधारशिला रखी।

### अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय पर स्कूल का काम पूरा करने का निर्देश

मूलचंद शर्मा ने कहा कि करीब 5 करोड़ 50 लाख की लागत से तीन मंजिल और करीब 36 कमरों के साथ लेटेस्ट तकनीकी सुविधाओं युक्त बनेगा यह भवन, हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा निर्माण कार्य किया जाएगा। परिवहन मंत्री ने ठेकेदार सहित अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि स्कूल समय पर व गुणवत्ता के साथ पूरा करें। इस मौके पर भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, अनुराग गर्ग, जयवीर खटाना, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, सुभाष लांबा, दामोदर उपाध्याय, आरके बंसल आकाश हंस, खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह, प्रिंसिपल सुषमा शर्मा, कुलदीप मथारू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महापौर सुनीता दयाल के औचक निरीक्षण में खुलासा

# चिन्हित स्थान के बजाय दूसरे स्थान पर बनाया शौचालय

महापौर के निरीक्षण के दौरान पाया कि जहां पर सार्वजनिक शौचालय बनने चाहिए थे, वहां नहीं बनाए। साथ ही पोलो की भी लगभग यही स्थिति है । कई पोल चयनित स्थानों से अलग लगा दिए गए। महापौर ने कहा है कि अब लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

महापौर सुनीता दयाल के औचक निरीक्षण के दौरान नगर निगम प्रशासन की लापरवाही कब खुलासा हुआ है महापौर की माने तो उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि जहां पर सार्वजनिक शौचालय बनने चाहिए थे, वहां नहीं बनाए। साथ ही पोलो की भी लगभग यही स्थिति है । कई पोल चयनित स्थानों से अलग लगा दिए गए।



महापौर ने कहा है कि अब लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने सर्वप्रथम यू पी गेट स्थित शौचालय देखा जिसमे ताला लगा हुआ था और आस पास गंदगी के अंबार लगे रहे। उसके बाद लिंक रोड का शौचालय देखा जिसकी दिशा और दशा ठीक नही थी। पता चला शौचालय रिया इंटरप्राइजेज द्वारा बनाया गया है ।

**खास बातें**

- शौचालय की छत पर लेंटर की जगह टीन लगाई गई
- खंडहर की स्थिति में मिला शौचालय

**कहीं बंद तो कहीं खंडहर की स्थिति में मिले**



### मौके पर बंद मिले कई शौचालय

महापौर ने कंपनी की पूर्ण जानकारी प्राप्त की और बचे 4 शौचालय का भी निरीक्षण किया ।जो मोहन नगर फ्लाईओवर के पास,साहिबाबाद सब्जी मंडी(जो खंडर है), टाटा स्टील कंपनी के सामने,व कौशाम्बी लिंक रोड पर है सभी शौचालयो में 2 शौचालय खुले हुए हैं और बाकी 4 बन्द मिले और 2 शौचालय की स्थिति भी बहुत खराब एक खंडहर की तरह और दूसरे छत नही टीन मिली,महापौर ने बताया कि इस मामले में कंपनी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी ।

**अधिकारियों ने पहले नहीं देखे थे शौचालय**

जिसकी एवज में यूनिपोल लगाए गए है रिया इंटरप्राइजेज द्वारा पूर्व में 6 शौचालय बनाए गए। जिसके बदले 6 यूनीपोल लगाने के लिए दिए गए, लेकिन शौचालय की दशा बहुत खराब है। यहां तक कि शौचालय की छत पर टीन लगाई गई है, लेंटर तक नही हैं। जिस स्थान पर शौचालय दिए गए थे लेकिन बनाए किसी ओर स्थान पर गए ।ऐसे ही जिस स्थान पर यूनीपोल का स्थान जहां था लेकिन मिले किसी ओर स्थान पर शौचालय की स्थिति बहुत ही दयनीय मिली । एक शौचालय तो खंडहर की स्थिति में मिला, लेकिन यूनिपोल के विज्ञापन की रकम कंपनी ले रही है । महापौर ने देखा कि किसी अधिकारी ने यह शौचालय नहीं देखे और देखे गए तो इतनी बुरी स्थिति कैसे हो गई।

**अभिजीत की गर्लफ्रेंड के घर पहुंची एसआईटी**

### मॉडल दिव्या मर्डर केस में अभिजीत की नई गर्लफ्रेंड बनेगी सरकारी गवाह

**गुरुग्राम।** गैंगस्टर संदीप गाडोली की मॉडल महिला मित्र दिव्या पाहुजा मर्डर केस में मुख्य आरोपी अभिजीत की



दिव्या पाहुजा

नई गर्लफ्रेंड को सरकारी गवाह बनाने की तैयारी चल रही है। गुरुग्राम पुलिस की एसआईटी अभिजीत के मित्र के दिल्ली निवास पहुंची और उससे पूछताछ की। वहीं पुलिस की टीमें ओल्ड दिल्ली रोड पर दिव्या का मोबाइल व यूज की पिस्टल की तलाश में सर्च कर रही हैं।

**गर्ल फ्रेंड ने हत्या के सबूत मिटाने से मना किया**

मॉडल दिव्या केस में जांच के लिए गठित की गई एसआईटी दिल्ली के नजफगढ़ में रहने वाली अभिजीत की गर्लफ्रेंड के निवास पर पहुंची। जहां युवती ने एसआईटी को बताया कि दिव्या का मर्डर करने के बाद अभिजीत ने उसे गुरुग्राम स्थित सिटी होटल में बुलाया था। होटल में उसने दिव्या की लाश देखी तो अभिजीत ने उसे लाश ठिकाने लगाने और सबूत मिटाने को कहा। लेकिन, उसने ऐसा करने से साफ मना कर दिया। युवती ने एसआईटी को बताया कि उसका फूड डिलीवरी का बिजनेस है। इसी के चलते उसकी अभिजीत से दोस्ती हुई थी। पुलिस अब युवती को इस मर्डर केस में सरकारी गवाह बनाने की तैयारी कर रही है।

**सारे सबूत मिटाना चाहता था आरोपी**

अभिजीत ने बताया कि वह दिव्या के मर्डर से जुड़े सबूत को नष्ट करना चाहता था। उसने दिव्या की लाश को बीएमडब्ल्यू गाड़ी में डालकर बलराज व रवि को दे दिया। इसके बाद दिव्या का आईफोन, आईकार्ड और गोली मारने में यूज पिस्टल ओल्ड दिल्ली रोड पर कहीं फेंक दी।



**विधायक ने धार्मिक अनुष्ठान में की शिरकत**

# धार्मिकता से व्यक्ति मानवीय गुणों को करता है धारण:नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा कि धार्मिकता ही एक व्यक्ति को मानवीय गुणों से पूर्ण कर मानव बनाती है। बिना धार्मिकता के मनुष्य अधूरा रहता है। वह बल्लभगढ़ के सेक्टर-दो में भाजपा नेता संदीप चाहर द्वारा आयोजित सत्यनारायण कथा को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या धाम में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयास से करोड़ों भारतीयों के मन की इच्छा पूर्ण होने जा रही है। इस दिन हम सभी अपने घरों पर लडियां लगाएं, दीये जलाएं और देश की समृद्धि के लिए कामना करें। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम हम सभी भारतीयों के आराध्य हैं। वह किसी जाति धर्म के बंधन से परे हैं, तभी तो पह राजाराम हैं। वह प्रजापालक श्रीराम हैं जिन्होंने प्रजा की भलाई के लिए अपना हित नहीं देखा। वह त्याग की मूर्ति तो हैं ही साथ में मर्यादा की प्रतिमूर्ति भी हैं। ऐसे श्रीराम के भव्य मंदिर की मैं आप सभी को हार्दिक बधाई देता हूं।

विधायक ने कहा कि भगवान के नाम का जहां भी गुणानुवाद होता है, वहां भगवान अवश्य ही कृपा करते हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन करना बड़े ही पुण्य का काम है। ऐसे आयोजनों में आने वाले, लाने वाले और आयोजक सभी पुण्य कमाते हैं।

**विजेता टीम को मिला 11 हजार का पुरस्कार**

# टाइम क्रिकेट व टाटा हिताची क्लब के बीच हुआ मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

टाइम क्रिकेट क्लब और टाटा हिताची क्रिकेट क्लब के बीच सेक्टर.11 स्थित कर्मवीर एकेडमी मैदान में एक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। टॉस जीतते हुए टाईम क्रिकेट क्लब के कप्तान विराज परनामी ने फील्डिंग करने का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवरों में टाटा हिताची क्रिकेट क्लब की टीम ने 143 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टाईम क्रिकेट क्लब की ओर से राकेश भाटी और हरीश कौशिक ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र 20 इस मौके पर जयकारा कलमाड़ी रिजनल मैनेजर एवं आरके चिलाना डायरेक्टर टाइम इक्विपमेंट ने जीत की ट्राफी विजेता टीम के कप्तान विराज परनामी को दी।




**20 के बजाय 7 ओवरों में हासिल कर ली जीत**

मैच ऑफ द मैच की ट्राफी सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टाइम के हरीश कौशिक को मिली, जबकि फाईटर ऑफ द मैच की ट्राफी टाइम के राकेश भाटी, मैनेजर फाईनेंस एंड अकाउंट को मिली। कैप्टन विराज व नरेंद्र वाइस कैप्टन ने कहा कि टाइम टीम ने खेल भावना से खेल खेलते हुए जीत हासिल की।इस मौके पर आरके चिलाना ने टाइम टीम को 11 हजार रूपए की राशि भेंट की वहीं टाटा हिताची के ब्रांच मैनेजर निशांत ने भी टाइम टीम को 11 हजार रूपए देने की घोषणा की।

## फर्जी दस्तावेज से प्लॉट बेचकर लगाई 1.44 करोड़ की चपत

**रुपए वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी**

**गुरुग्राम ।** सुशांत लोक थाना एरिया में इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी द्वारा फर्जी




दस्तावेज के जरिए प्लॉट बेचकर एक व्यक्ति को 1.44 करोड़ की चपत लगा दी। कंपनी ने पीड़ित को दो प्लॉट बेचे, जिसमें अन्य लोगों को साजबाज करके रजिस्ट्री भी करा दी। पुलिस ने मामले में कंपनी के निदेशक व उसके पुत्र, एडवोकेट व गवाह पर केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-10 के ओमवीर यादव ने कहा कि उसने सीजीआर इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी से दो प्लॉट 74 लाख व 70 लाख रुपए में खरीदे थे। कंपनी का निदेशक ज्ञानचंद व उसका पुत्र चंद्रप्रकाश है। उसने कंपनी को एक करोड़ छह लाख रुपये का चेक दिया था और बाकी का भुगतान नगद किया था। कंपनी ने दोनों प्लॉट की रजिस्ट्री भी करा दी, जिसकी स्टैंप डयूटी व कागजात पर भी उसके लाखों रुपए खर्च हुए।

## फोन पर गाली-गलौव व गोली मारने की दी धमकी, केस दर्ज

**गुरुग्राम ।** पटौदी थाना एरिया में युवक से फोन पर गाली-गलौच करने व गोली मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। नवीन ने कहा कि उसके मोबाइल पर कॉल आई। जैसे ही उसने फोन रिसीव किया तो फोन करने वाला उसके साथ गाली-गलौच करने लगा और फोन काट दिया। कुछ देर बाद उसका दोबारा फोन आया। नवीन ने उससे गाली-गलौच करने की वजह पूछी तो वह उसके साथ फिर से गाली-गलौच करने लगा।

**थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए रक्तदान**




# पीड़ितों को जीवन देने का काम करती रहूंगी: विधायक त्रिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मानवता की सेवा में तत्पर समाजसेवी संस्था प्रतिबद्ध भारतीय द्वारा फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के सहयोग से एनआइटी स्थित पावन सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के स्वस्थ्य जीवन एवं दीर्घ आयु के लिए सुंदर कांड का पाठ एवं भंडारे का आयोजन भी किया । शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बडखल सीमा त्रिखा व अध्यक्षता पूर्व महापौर अशोक अरोड़ा ने की। इस मौके पर हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरमैन रेणू भाटिया ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। उपस्थित रक्तदाताओं को सम्बोधित करते हुए विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि सभी युवाओं को रक्तदान में बढ़-चढक़र भाग लेना चाहिए। आपकी रक्त की एक बूंद जरूरतमंद, बेसहारा, बिमारी से पीड़ित बच्चों को जीवन देने का काम करती है। कांग्रेस नेता भारत अरोड़ा ने कहा कि जीवन में वक्त का हर एक क्षण एवं रक्त का हर एक कण कीमती होता है। इसलिए इसको व्यर्थ न गंवाएं। अपने वक्त को हमेशा सत्कर्म में लगाएं । इस मौके संस्था के प्रधान विजय कुमार ने कहा कि प्रतिबद्ध भारतीय संस्था थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए रक्तदान शिविर के साथ-साथ जरूरतमंद बच्चों को वार्षिक फीस एवं वर्दी इत्यादि की व्यवस्था कराती है।

**दिल्ली एनसीआर समेत हरियाणा, पंजाब में अफीम की करता था आपूर्ति**

# अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार,50 लाख की अफीम बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

क्राइम ब्रांच पुलिस ने रविवार को एक अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 2 किलो अफीम बरामद की गई है अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस अफीम की कीमत लगभग 50 लख रुपए है। तस्कर गकी उम्र मात्र 21 साल है और वहझारखंड राज्य के चतरा जिले का रहने वाला है। वह दिल्ली एनसीआर,समेत हरियाणा पंजाब में अफीम की सप्लाई करता था । एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तस्कर का नाम पंकज डांगी है और कक्षा 5 तक पढ़ा लिखा है पूछताछ करने में पंकज ने पुलिस को बताया कि वह पैसा कमाने के उद्देश्य से मुम्बई गया था। परन्तु वहां पर ज्यादा पैसा न मिलने और मेहनत अधिक होने के कारण वहां से काम छोड़कर वापस आ गया और गांव में खेती करने लगा।




**ज्यादा पैसा कमाने की ललक ने पहुंचाया जेल**

इसी बीच उसका संपर्क अफीम बेचने वाले गांव के ही संतोष से हो गया। शुरुआत में वह उससे कम मात्रा में अफीम लेकर आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करने लगा, जिसमें मुझे फायदा होने लगा लेकिन स्थानीय स्तर की सप्लाई में ज्यादा पैसे नही मिलते थे। मुझे कम समय में ज्यादा पैसा कमाना था । संतोष ने उसे गाजियाबाद, एनसीआर क्षेत्र, दिल्ली, पंजाब व हरियाणा की कुछ पार्टियों के बारे में बताया, संतोष के माध्यम से उन पार्टियों से सम्पर्क किया फिर वह इन क्षेत्रो में अफीम की सप्लाई करने लगा । झारखण्ड से वह बस व ट्रेन से माल लेकर आता था। ट्रेन में जनरल डिब्बे में सफर करता था क्योंकि उसमें काफी भीड होती है और चैकिंग भी कम होती है। बस में बैठते समय वह अफीम को अपने पेट में बांध लेता था। उसे जितनी अफीम की डिमांड मिलती थी, उतनी हीं सप्लाई करना होता था वहां पर मिलने का स्थान पहले ही तय कर लेते थे। माल कहां और कितने बजे देना है ये भी तय कर लेते थे । रास्ते में अपना फोन बंद कर लेता था और किसी से भी सम्पर्क नही करता था जब तक कि माल को उसके तयशुदा जगह पर डिलीवर ना कर दिया जाए। उसने बताया कि वह पिछले छः माह से गाजियाबाद , दिल्ली, एनसीआर,पंजाब व हरियाणा में अफीम की तस्करी कर रहा है ।

## अपने गिरेबान में झांकें सपा प्रमुखः मायावती

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा तंज कसने पर मायावती ने सपा प्रमुख पर पलटवार करते



हुए उन्हें मुलायम सिंह का पीएम मोदी को लोकसभा चुनाव 2019 में जीत का आशीर्वाद देने का किस्सा याद दिलाया है।उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि सपा प्रमुख को पहले अपने गिरेबान में झांककर देख लेना चाहिए। उनका दामन भाजपा को बढ़ाने के मामले में कितना दागदार है।

## पवन खेड़ा के खिलाफ 16 को तय होंगे आरोप

**लखनऊ।** पीएम नरेंद्र मोदी के पिता का नाम गौतम अदाणी के नाम के साथ जोड़ने के मामले में कांग्रेस



प्रवक्ता पवन खेड़ा को आरोपों से मुक्त करने की मांग वाली अर्जी को सीजेएम हृषिकेश पांडे ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने आरोप तय करने के लिए 16 जनवरी की तारीख तय की है। पवन खेड़ा ने अपने वक्तव्य में भारत के पीएम नरेंद्र मोदी के पिता का नाम दामोदर दास मूल चंद्र मोदी की जगह नरेंद्र गौतम दास मोदी लिया था।

## कांग्रेस को चार सीटें मिलीं तो महागठबंधन को होगा नुकसान नुकसान'

**पटना।** कांग्रेस का दावा है कि बिहार में लोकसभा की सीटों पर पार्टी को 'सम्मानजनक' हिस्सा नहीं मिलने की स्थिति में न केवल कांग्रेस बल्कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित पूरे 'महागठबंधन' पर असर पड़ेगा। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने यह दावा किया है। अखिलेश सिंह ने कहा कि अगर कांग्रेस केवल चार सीटों पर चुनाव लड़ती है तो जेडीयू सहित पूरे महागठबंधन को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि हम यह नहीं कह रहे हैं कि हमें नौ दी जाए, क्योंकि 2019 में हम उतने पर लड़े थेउन्होंने कहा कि जितनी सीटों पर पांच साल पहले लड़ी थी और इनमें से उसे एक को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर जीत हासिल हुई थी।

# जब कांग्रेस सत्ता में थी तो जांच एजेंसियों का करती थी दुरुपयोग : कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा द्वारा प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों के जीतने के बयान पर बोलते हुए कहा कि नींद में सपने में आदमी बहुत कुछ सोच लेता है। दस की दस सीटों पर 2019 में कमल खिला था इस बार भी 10 की 10 सीटें भाजपा को प्रदेश की जनता जिताएंगी। उन्होंने कहा कि जांच एंजेसियां भ्रष्टाचार पर नकेल कसने में जुटी हुई है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि प्रदेश की जनता लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चाहती है। निश्चित रूप से प्रदेश की दस की दस सीटें पीएम नरेंद्र मोदी की झोली में डालने का काम प्रदेश की जनता करेंगी। पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु रविवार को पुरानी मंडी में राजेश कोथ के प्रतिष्ठान पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

- सांसद दीपेंद्र हुड्डा के बयान पर बोले, वह नींद में सपने देख रहे

## प्रदेश की जनता सभी लोकसभा सीटें प्रधानमंत्री की झोली में डालने का काम करेगी



**कांग्रेस ने कभी भी लोकतांत्रिक प्रणाली को महत्व नहीं दिया :** वरिष्ठ भाजपा नेता ने कांग्रेस द्वारा प्रदेश में चलाए जाने वाले घर-घर कांग्रेस अभियान पर बोलते हुए कहा कि जिन पार्टियों ने कभी लोकतांत्रिक प्रणाली, जनता को महत्व नहीं दिया। ये पार्टियां परिवारवाद से ग्रस्त है। जिन्होंने केवल जातिवाद फैलाकर राजनीति में सफलता प्राप्त करके सरकारें बनाई। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से भाजपा का कार्यकर्ता गांव-गांव, बूथ-बूथ, घर-घर जाता है अब कांग्रेस को भी ध्यान में आया कि जनता के बीच में जाना पड़ेगा। जब वो जनता के बीच में जाएंगे तो निश्चित तौर देश की आजादी के 75 साल में से 60 साल तक राज करने का हिसाब देना होगा।

### सांसद के घर 350 करोड़ मिले कांग्रेस ने जवाब नहीं दिया

विपक्ष द्वारा सरकार पर ईडी का दुरुपयोग करने के बयान पर बोलते हुए पूर्व वित्तमंत्री ने कहा कि कांग्रेस इस बात जवाब दे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब गुजरात के सीएम थे और अमित शाह गुजरात के गृह मंत्री थे तो कोई कारण नहीं था उस समय उनके ऊपर बड़े गंभीर से गंभीर केस लगाए। पीएम नरेंद्र मोदी ने बतौर गुजरात के मुख्यमंत्री होते हुए पूरा-पूरा दिन सीबीआई एजेंसी की जांच में सहयोग देते हुए उपस्थित रहे। कभी इस प्रकार का शोर नहीं मचाया। आज देश को किसी ने भी लूटा है तो जांच एजेंसी अपना काम करती है। एक कांग्रेस सांसद के घर 350 करोड़ रुपए मिलते हो तो क्या उस पर कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। इस पर कांग्रेस कभी जवाब नहीं देती है। इस मौके पर अमित करसिंधु, अनूज कोथ, रामपाल करसिंधु, बलवान शर्मा, रामचंद्र अत्री, ओमप्रकाश, सतपाल मौजूद रहे।

### योगी आदित्यनाथ सरकार का बड़ा फैसला

# यूपी के 18 जिलों में बनेंगे बाढ़ शरणालय सरकार खर्च करेगी 622 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

*सर्वे में सामने आया कि प्रदेश के 18 जनपद क्रमशः अमरोहा, आजमगढ़, बाराबंकी, बिजनौर, बदायूं, फर्रुखाबाद, गोंडा, हरदोई, कन्नौज, कासगंज, खीरी, कुशीनगर, मऊ, मेरठ, मुजफ्फनगर, शाहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव हर साल अत्याधिक बाढ़ से प्रभावित रहते हैं।*

बाढ़ आपदाओं से निपटने के लिए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। यूपी में हर साल बाढ़ से प्रभावित होने वाले 18 जनपदों में 100 स्थायी बाढ़ शरणालय बनाएगी। इसके लिए योगी सरकार 622 करोड़ की धनराशि खर्च करेगी। इन स्थायी बाढ़ शरणालयों में तीन हजार लोगों को ठहराया जा सकेगा। इसको लेकर योगी सरकार ने प्रदेश भर में सर्वे कराया था, जिसमें पाया गया कि प्रदेश के 18 जनपद बाढ़ संवेदनशील हैं और हर साल यह सबसे ज्यादा बाढ़ और जलभराव से प्रभावित रहते हैं।

गौरतलब कि योगी सरकार बाढ़, सूखा समेत अन्य आपदाओं को कम करने और इनसे होने वाली जनहानि को रोकने के लिए लगातार काम कर रही है। योगी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि पिछले साढ़े छह वर्षों में प्रदेश में आपदाओं से होने वाली जनहानि को काफी हद तक कम किया जा सका है। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि सीएम योगी ने एक उच्च स्तरीय बैठक में आपदा से पहले ही इससे निपटने के लिए आवश्यक निर्देश दिए थे। इसी क्रम में प्रदेश में बाढ़ से निपटने के लिए प्रदेश में सर्वे कराया गया। सर्वे में सामने आया कि प्रदेश के 18 जनपद क्रमशः अमरोहा, आजमगढ़, बाराबंकी, बिजनौर, बदायूं, फर्रुखाबाद, गोंडा, हरदोई, कन्नौज, कासगंज, खीरी, कुशीनगर, मऊ, मेरठ, मुजफ्फनगर, शाहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव हर साल अत्याधिक बाढ़ से प्रभावित रहते हैं। इन जिलों के 702 गांव के दो लाख से अधिक लोग बाढ़ से अधिक प्रभावित होते है। सर्वे में इन जिलों को बाढ़ संवेदनशील जिलों में शामिल किया गया। ऐसे में इन जिलों में 100 स्थाई बाढ़ शराणालय बनाने की आवश्यकता को महसूस किया । इसका प्रस्ताव मुख्यमंत्री योगी के समक्ष रखा गया, जिसे उन्होंने हरी झंडी देते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**खास बातें**

- साढ़े छह वर्षों में आपदाओं से होने वाली जनहानि को कम करने में यूपी रहा सफल
- इन जिलों के 702 गांव के दो लाख से अधिक लोग बाढ़ से अधिक रहते हैं प्रभावित



### 3 चरणों में बनाए जाएंगे स्थाई बाढ़ शरणालय, ब्लू प्रिंट राहत विभाग को सौंपी गई

बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित होने वाले 18 जनपदों में स्थानीय आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 100 स्थाई बाढ़ शरणालय के निर्माण को तीन हिस्सों में बांटा गया है। इसके तहत पहले चरण में 10 अतिसंवेदनशील बाढ़ स्थलों पर स्थाई बाढ़ शरणालय बनाए जाएंगे। दूसरे और तीसरे चरण में संवेदनशील 45-45 स्थलों पर और आखिरी चरण में स्थाई बाढ़ शरणालय बनाए जाएंगे। इन शरणालयों के निर्माण की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को सौंपी गई है। पीडब्लयूडी की ओर से राहत विभाग को शरणालयों की डिजाइन का ब्लू प्रिंट भी सौंप दिया गया है, जिसमें विभाग ने प्रत्येक शरणालय के निर्माण में 6.2 करोड़ की राशि खर्च का अनुमान लगाया है। यह बाढ़ शरणालय तीन हजार स्क्वायर मीटर में दो मंजिला बनाए जाएगा। हर शरणालयों में तीन सौ बाढ़ प्रभावित लोगों को ठहराने की व्यवस्था होगी। साथ ही यहां पर उनको भोजन से लेकर अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### हरियाणा के मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में भागीदारी करने वालों से संवाद किया

## प्रदेश में 28000 फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगी, लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

- पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ स्वतः मिल रहा : सीएम



मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज देश व प्रदेश में पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ स्वतः उनके घर द्वार पर मिल रहा है। पूर्व की सरकारों की भांति लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। उन्होंने कहा कि पिछले आठ साल में 28,000 फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा आम जनता की तकलीफों को दूर करने और समाज में अंतिम पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति की जरूरत को पूरा करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस दिशा में देशभर में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो किसी कारणवश अभी तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने में यह यात्रा अहम भूमिका निभा रही है और इस स्वपन को हम सभी को मिलकर पूरा करना है। मुख्यमंत्री यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा में भागीदारी कर रहे लोगों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि यात्रा में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कर केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य है कि भारत देश विकसित देशों की श्रेणी में कैसे आए। आज दुनिया के लगभग 200 देशों में 37 देश ऐसे हैं जो विकसित श्रेणी में आते हैं।

### पिछली सरकार के तीन सी- करप्शन, क्राइम और कास्ट बेस पॉलिटिक्स को किया खत्म

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने हरियाणा में 7 स्टार विकास की दिशा में बढ़ रहे हैं यानि शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वाभिमान, स्वावलंबन, सेवा और सुशासन। इसके आधार पर हम नागरिकों को बहुत सी सेवाएं दे रहे है। लेकिन पिछली सरकारों की छोटी सोच ने समाज को बहुत ही समस्याओं में डाल दिया । इनमें मुख्यतः थ्री-सी हैं, यानि करप्शन, क्राइम और कास्ट बेस्ड पॉलिटिक्स। पिछली सरकारों ने लोगों को जातिगत राजनीति में झोंक दिया और जातियों में बांट कर रख दिया। उन्होंने कहा कि हमने जब वर्ष 2014 में सरकार बनाई, उस समय हरियाणा एक-हरियाणवी एक का नारा दिया।

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी के लक्षद्वीप ...

की गई टिप्पणी के बाद अपने देश में अचानक भारत से पर्यटकों की संख्या रद्द होने में अचानक वृद्धि देखने के बाद कहा कि वे ऐसी अपमानजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वे विदेशी नेताओं और उच्च पदस्थ व्यक्तियों के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अपमानजनक टिप्पणियों से अवगत थे। पिछले हफ्ते सोशल मीडिया पर तब विवाद खड़ा हो गया जब मालदीव के एक मंत्री और कुछ अन्य नेताओं ने लक्षद्वीप के एक प्राचीन समुद्र तट पर प्रधानमंत्री मोदी का एक वीडियो पोस्ट करने के बाद उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की। गौर हो कि इन टिप्पणियों के बाद एक्स पर 'बायकाट मालदीव' कैंपेन शुरु हो गया था। इस दौरान मालदीव की बुकिंग धड़ाधड़ कैसिंल हो रही हैं

**मालदीव यात्रा रद्द कर तीन दिन में ...करीब 7000 लोगों ने कराई बुकिंगः** ऑल इंडिया टूर एंड ट्रैवल ऑपरेटर एसोसिएशन के सचिव अजय भल्ला कहते हैं कि मोदी की विजिट के बाद से बीते तीन दिनों में उनके पास लक्षद्वीप को लेकर सबसे ज्यादा फोन आ रहे हैं। अक्टूबर से लेकर मार्च तक का महीना ही लक्षद्वीप जाने के लिए सबसे मुफीद माना जाता है। लक्षद्वीप के पर्यटन एवं स्पोर्ट्स विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल लक्षद्वीप में तकरीबन 25000 पर्यटक पहुंचे थे। यहां जाने के लिए विशेष परमिट की आवश्यकता होती है। क्योंकि परमिट पाने की प्रक्रिया में पुलिस वेरिफिकेशन से लेकर क्लीयरेंस सर्टिफिकेट लेने में कई तरह के प्रोसेस करने होते हैं।

### पूर्व राष्ट्रपति ने कहा ...

मालदीव की सुरक्षा और समृद्धि के लिए अहमियत रखता है। मोहम्मद मुइज्जू सरकार को इन टिप्पणियों से खुद को दूर रखना चाहिए और भारत को आश्वासन देना चाहिए कि उनके बयान सरकार की नीति को नहीं दर्शाते हैं।

### ये दी थी सफाई...

मालदीव सरकार के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। मालदीव ने बयान में कहा सरकार का मानना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रयोग लोकतांत्रिक और जिम्मेदार तरीके से किया जाना चाहिए, और ऐसे तरीकों से जो नफरत, नकारात्मकता न फैलाएं और मालदीव और उसके अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के बीच घनिष्ठ संबंधों में बाधा न डालें।

### अभिनेता अक्षय ...

नफरत को क्यों बर्दाश्त करें? लेकिन अब डिग्निटी पहले है। आइए, हम भारतीय द्वीपों को एक्सप्लोर करने का फैसला करें और अपने खुद के टूरिज्म को सपोर्ट करें। अभिनेता सलमान खान ने भी कहा- लक्षद्वीप के सुंदर, स्वच्छ और आश्चर्यजनक समुद्र तटों पर हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को देखना बहुत अच्छा है, और सबसे अच्छी बात यह है कि यह हमारे भारत में हैं। जॉन अब्राहम ने लिखा- अद्भुत भारतीय हॉस्पिटैलिटी,'अतिथि देवो भव' के विचार और विशाल समुद्री जीवन की खोज के साथ। लक्षद्वीप जाने लायक जगह है।

### देश के पांच सांसदों को...

खुद 2010 में चेन्नई में पहले पुरस्कार समारोह का उद्घाटन किया था। अधीर रंजन संसद महारत्नः प्राइम प्वॉइंट फाउंडेशन के संस्थापक और अध्यक्ष के श्रीनिवासन ने कहा कि ये पुरस्कार प्रदर्शन पर आधारित हैं। जिसमें, कानून और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएस कृष्णमूर्ति की अध्यक्षता वाली एक प्रतिष्ठित जूरी समिति द्वारा नामांकित लोगों का चयन किया जाता है। संसद रत्न पुरस्कार समिति के अध्यक्ष और प्राइम प्वॉइंट फाउंडेशन के न्यासी सचिव प्रियदर्शनी राहुल ने कहा कि एनके प्रेमचंद्रन (आरएसपी, केरल), अधीर रंजन चौधरी (कांग्रेस, पश्चिम बंगाल), बिद्युत बरन महतो (भाजपा, झारखंड) और हीना विजयकुमार गावित (भाजपा, महाराष्ट्र) को 17वीं लोकसभा के लिए संसद महारत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है।

### और भी प्रारंभ होंगी...

अच्छे आहार के विचार को क्रियान्वित किया जा रहा है। जन-स्वास्थ्य रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। इस नाते गत कुछ सप्ताह में खुले में खाद्यान्न सामग्री बेचने और अस्वच्छ तरीके से मांसाहार के विक्रय पर अंकुश के लिए 25 हजार से अधिक दोषी लोगों को दंडित किया गया है। लोगों को अच्छा स्वास्थ्य देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

### अपने माता-पिता ...

मेहनत की है। निशा ने कहा कि मैं इसका श्रेय अपने माता-पिता को देना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि मैंने अपने कॉन्फिडैंस के कारण यह टाइटल जीता है। आने वाले समय में मैं मिस हिमाचल और मिस इंडिया जैसे ब्यूटी कॉन्टैस्ट में भाग लेकर अपने प्रदेश और मनाली का नाम रोशन करूंगी।

### प्रशासनिक सर्जरी में ...

पूरा उपयोग किया जा सके। इस तरह मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने तबादले में दूरदर्शिता दिखाते हुए निर्णय लिया है।

**इन अधिकारियों का रखा गया ध्यानः** तबादलों के लिए कई तथ्यों को ध्यान में रखा गया, जैसे पिछली सरकार में कई अधिकारी ऐसे भी रहे, जो सत्ताधारी दल के नाजायज निर्देशों को हमेशा ही दरकिनार करते रहे और राजनीतिक रूप से प्रभावित हुए बिना निष्पक्ष अपना कार्य करते रहे। ऐसे अधिकारियों का वर्तमान सरकार ने ध्यान रखते हुए उन्हें ऐसी जगहों पर पोस्टिंग दी है, जहां उनके अनुभव और योग्यता दोनों के साथ न्याय हो सके।

**सीएम की थी बदलाव पर नजरः** इस पूरे प्रशासनिक फेरबदल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं नजर रखे हुए थे और उनके निर्देश पर एक-एक नाम पर गहनता से विचार किया गया, हर नाम के साथ उनकी कार्यविशेषता पर भी गहन विचार हुआ। कई बार फीडबैक लिए गए। उसी के आधार पर पुनः विचार किया गया। इसी वजह से सरकार ने पर्याप्त समय लेते हुए ट्रांसफर लिस्ट जारी की।

**योग्यता-अनुभव को प्राथमिकताः** पिछली सरकार में अफसरों के ट्रांसफर में कई तरह के आरोप लगते रहे। इस बीच कई अफसरों के नाम कोल, मनी लॉन्ड्रिंग जैसे घोटालों से भी जुड़ते रहे, कुछ अफसर जेल की हवा भी खा रहे हैं। जबकि कुछ अफसरों पर पार्टी विशेष के कार्यकर्ता के समान कार्य करने का आरोप भी लगता रहा है। इस बीच नई सरकार आने के बाद जब पहली तबादले की लिस्ट आई तो यह बात स्पष्ट हो गई कि योग्यता और अनुभव को प्राथमिकता में रखकर तबादला आदेश जारी किया गया।

### एमएलए सरयू राय ने कहा

## झारखंड में कभी भी लग सकता है राष्ट्रपति शासन

- कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गई। संविधान के नियमों के विरुद्ध जाकर सरकार चलाई जा रही है।

एजेंसी ▶▶

राज्य के मौजूदा राजनीतिक हालात में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के दावे ने सियासी पारा चढ़ा दिया है। सरयू राय का कहना है कि राज्य में अगर राष्ट्रपति शासन लग जाए तो कोई आश्चर्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य सरकार संविधान के प्रतिकूल काम कर रही है। एक ओर सरकार दावा कर रही है कि सब ठीक है, लेकिन केंद्र सरकार अगर यहां राष्ट्रपति शासन लगा दे तो इसमें कोई अचरज नहीं है।



राज्य में कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। संविधान के नियमों के विरुद्ध जाकर सरकार चलाई जा रही है। ऐसी स्थिति में सरकार का बने रहना उचित नहीं होगा। पहले गांडेय विधायक सरफराज अहमद को इस्तीफा दिलवाया गया और अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह सीएम की प्लानिंग का हिस्सा है।


### हेयर कट पर हंगामा

## कॉन्वेंट स्कूल में 52 छात्रों को परीक्षा देने से रोका गया, परिजनों का विरोध

एजेंसी ▶▶ रांची

रांची के एक स्कूल का अजीब कारनामा सामने आया है। विद्यार्थियों का हेयरकट ठीक नहीं होने पर स्कूल ने उन्हें प्री बोर्ड की परीक्षा देने से वंचित कर दिया। मामला सेंट जेवियर्स स्कूल, डोरंडा का है। शनिवार को 10वीं के 52 छात्रों को प्री बोर्ड देने से रोका गया। स्कूल प्रबंधन का कहना था कि इन छात्रों ने हेयरकट सही तरीके से नहीं कराए हैं। फैंसी हेयर स्टाइल रखा है, जो स्कूल के अनुशासन के खिलाफ है।

शनिवार को 10वीं के छात्रों का जियोग्राफी विषय का पेपर था। परीक्षा देने आए कुछ छात्रों को सही हेयरकट नहीं होने के कारण पहले अलग रखा गया, फिर परीक्षा नहीं देने दिया गया। सूचना मिलने पर कुछ अभिभावकों ने कहा कि बच्चे हमेशा अनुशासन में रहते हैं। इन दिनों छुट्टी थी तो हेटरकट नहीं कराया। ऐसे में स्कूल को चाहिए था कि छात्रों को चेतावनी देकर परीक्षा में शामिल करते। कहा, बोर्ड परीक्षा से पहले स्कूल के ऐसे व्यवहार से बच्चों का मनोबल कमजोर होगा। स्कूल को कार्रवाई से पहले चेतावनी जरूर देनी चाहिए थी।



### इनकी परीक्षा बाद में ली जाएगीः प्रबंधक

इस मामले में स्कूल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि जिन छात्रों को परीक्षा से रोका गया है, उनकी परीक्षा बाद में ली जाएगी। छात्रों को कई बार ठीक से हेयरकट के साथ स्कूल आने के लिए कहा गया था, लेकिन छात्र ध्यान नहीं दे रहे थे। ऐसे में उन्हें परीक्षा देने से रोका गया। इस विषय की परीक्षा उन छात्रों के लिए बाद में आयोजित की जाएगी।

## गोरखपुर में 12वीं तक के स्कूलों की 10 तक छुट्टी

**गोरखपुर।** कोहरा और शीतलहर को देखते हुए 10 जनवरी तक गोरखपुर में 12वीं तक के सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। वहीं पीलीभीत, बदायूं और बिजनौर में आठवीं तक के स्कूलों की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। मेरठ की बात करें तो यहां दीवान पब्लिक स्कूल की सभी शाखाओं में कक्षा आठ तक का विंटर ब्रेक बढ़ाया गया है। गोरखपुर डीएम कृष्णा करुणेश ने बताया कि ठंड एवं शीतलहर को देखते हुए कक्षा 1 से 12वीं तक के सभी स्कूलों को 10 जनवरी तक बंद रखा जाएगा। पहले 6 जनवरी तक अवकाश घोषित था।

### हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने की टिप्पणी

### पिस्टल व 4 कारतूसों को अवमुक्त करने की अर्जी निचली अदालत में दी थी

## आत्मरक्षा में फायरिंग करना शस्त्र लाइसेंस की शर्त का उल्लंघन नहीं, याची को दी राहत

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में कहा कि आत्मरक्षा में पिस्टल से फायर करना लाइसेंस की किसी शर्त का उल्लंघन नहीं है। यह शस्त्र अधिनियम की धारा 30 के तहत अपराध होना नहीं प्रतीत होता है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने याची की लाइसेंसी पिस्टल अवमुक्त करने का आदेश दिया।

न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने यह आदेश सुनील दत्त त्रिपाठी की याचिका पर दिया। याची के खिलाफ गाजीपुर थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। इसमें आरोप था कि उसने साथियों के साथ मिलकर वादी और अन्य लोगों को जान से मारने की नीयत से पिस्टल से गोली चलाई। हालांकि, इस कथित फायरिंग में किसी को गोली नहीं लगी।

*न्यायमूर्ति सुभाष विद्याथी की एकल पीठ ने कहा कि शस्त्र अधिनियम की धारा 30 के तहत अपराध होना नहीं प्रतीत होता है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने याची की लाइसेंसी पिस्टल अवमुक्त करने का आदेश सुनील दत्त त्रिपाठी की याचिका पर दिया।*



### याची ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी

पुलिस ने मामले की तफ्तीश के बाद याची व अन्य के खिलाफ अन्य धाराओं के साथ ही शस्त्र अधिनियम की धारा 30 के तहत भी आरोपपत्र दाखिल किया। जमानत पर छूटने के बाद याची ने अपनी लाइसेंसी अमेरिकन ग्लॉक पिस्टल व चार कारतूसों को अवमुक्त करने की अर्जी निचली अदालत में दी थी, जो खारिज हो गई। इसके बाद याची ने हाईकोर्ट में यह याचिका दाखिल की। इसमें निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी।कोर्ट ने कहा कि शस्त्र अधिनियम की धारा 30, लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन को अपराध घोषित करती है। इस मामले में लाइसेंस की किस शर्त का उल्लंघन हुआ, इसे निचली अदालत ने स्पष्ट नहीं किया। कोर्ट ने याचिका मंजूर कर याची की पिस्टल व कारतूस तुरंत अवमुक्त करने का आदेश देकर निचली अदालत का आदेश रद्द कर दिया।



# हादसे का शिकार होने से बचे नवाजुद्दीन...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी जल्द ही शैलेश कोलानू की 'सैंधव' से तेलुगु में डेब्यू करेंगे। फिल्म में उन्होंने विकास मलिक नाम के एक व्यवसायी की भूमिका निभाई है। अभिनेता ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान वे एक घटना का शिकार हो गए थे। उन्होंने कहा, हम श्रीलंका में शूटिंग कर रहे थे और मैं लगभग नाव से गिर गया था एक बड़ी लहर हमारे रास्ते में आई और मुझे लगभग गिरा दिया। मैं नाव से उछल गया। मैं भाग्यशाली था कि मुझे समुद्र की बजाय दोबारा नाव पर ही गिरा। इसमें सबसे अच्छी बात यह है कि यह सब कैमरे में कैद हुआ है।

## लाइफ Style

# जाह्नवी इमेज को लेकर हुईं कॉन्शस

एजेंसी ▸▸ मुंबई



बॉलीवुड में नई एक्ट्रेसेज की खेप में जाह्नवी कपूर को काफी टैलेंटेड माना जाता है। गुड लक जेरी, मिली और बवाल में उनके काम को क्रिटिक्स और जनता दोनों ने काफी सराहा था। अपनी एक्टिंग परफॉरमेंस के अलावा जाह्नवी ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रेजेंस से भी लोगों को खूब इंप्रेस किया है। अब जाह्नवी को लगता है कि उनकी सोशल मीडिया इमेज और ऑनस्क्रीन किरदारों में इस कंट्रास्ट का असर, उनके कम पर गलत तरीके से पड़ता है। एक इंटरव्यू में जाह्नवी ने कहा है कि उन्हें ये पता ही नहीं था कि एक एक्टर के बारे में परसेप्शन बनाने के लिए सोशल मीडिया कितना खतरनाक हथियार है। जाह्नवी ने कहा कि उन्हें सोशल मीडिया पर तस्वीरें या वीडियो शेयर करना हंसी-खेल लगता था और उन्हें नहीं लगता था कि इससे उनके काम पर कोई असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा, मुझे लगा मैं शूट से वीडियो शेयर कर सकती हूं और इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा कि मैं छोटे शहर से आने वाली गुंजन सक्सेना या मिली का किरदार निभा रही हूं। जाह्नवी ने कहा कि अब वो इमेज को लेकर कॉन्शस हो रही है। जाह्नवी जल्द ही साउथ में डेब्यू करने जा रही हैं। उनकी अगली फिल्म जूनियर एनटीआर के साथ है, जिसका टाइटल देवरा है। ये फिल्म 2024 में रिलीज होगी।

> मुझे लगा मैं शूट से वीडियो शेयर कर सकती हूं और इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा कि मैं छोटे शहर से आने वाली गुंजन सक्सेना या मिली का किरदार निभा रही हूं। जाह्नवी ने कहा कि अब वो इमेज को लेकर कॉन्शस हो रही है।

## हॉलीवुड मसाला




# इंस्टाग्राम में 311 मिलीयन फॉलोअर्स

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस क्लो कार्दशियन अक्सर अपने लुक्स और कर्वी फिगर को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह फैशन के साथ-साथ अपनी फिटनेस का भी पूरा ध्यान रखती हैं। क्लो खुद को फिट रखने के लिए खूब एक्सरसाइज करती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने वर्कआउट करते की अपनी कुछ तस्वीरें भी फैंस के साथ शेयर की हैं। बता दें क्लो कार्दिशियन हॉलीवुड इंडस्ट्री की एक जानी मानी एक्ट्रेस हैं। वह अपने काम के अलावा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती है।



# म्यूजिक इंडस्ट्री में वापस नहीं आएंगी ब्रिटनी...

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन अफवाहों को खारिज कर दिया है, जहां कहा जा रहा था कि वह एक नए एल्बम पर काम कर रही हैं। पॉप स्टार ने साफ किया कि वह म्यूजिक इंडस्ट्री में कभी भी वापस नहीं आएंगी। स्पीयर्स ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, वह कहते हैं कि मैं एक नया एलबम बनाने की ओर रुख कर रही हूं, मैं म्यूजिक इंडस्ट्री में कभी नहीं लौटूंगी। उन्होंने आगे कहा, जब मैं लिखती हूं तो मनोरंजन के लिए लिखती हूं या अन्य लोगों के लिए लिखती हूं। आप में से जिन लोगों ने मेरी किताब पढ़ी है, उनके लिए ऐसा बहुत कुछ है, जो आप मेरे बारे में नहीं जानते, मैंने पिछले दो वर्षों में अन्य लोगों के लिए 20 से अधिक गीत लिखे हैं।



# नयनतारा की फिल्म मुश्किल में फंसी...

**मुंबई।** अभिनेत्री नयनतारा की फिल्म अन्नपूर्णी को रिलीज हुए एक महीना हो चुका है। लेकिन ये अब भी सुर्खियां बटोर रही है। फिल्म अब कॉन्ट्रोवर्सी का शिकार हो चुकी है। फिल्म पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है। कहा जा रहा है कि मेकर्स के खिलाफ शिकायत तक दर्ज कराई गई है। एक सोशल मीडिया यूजर ने ट्वीट कर सभी पॉइंट को शेयर किया। उनके मुताबिक फिल्म एंटी हिंदू है। हालांकि इस मामले में मेकर्स की ओर से अभी तक कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी नहीं किया गया है। बता दें अन्नपूर्णी एक तमिल फिल्म है, इसमें नयनतारा लीड रोल में हैं, उनके साथ जय, सत्यराज, कार्तिक कुमार और रेणुका लीड रोल में हैं। फिल्म एक शेफ की कहानी कहती है। एक एक्सीडेंट के बाद अन्नपूर्णी का टेस्ट बिगड़ जाता है।



# मनोज ने नहीं किया 14 साल से डिनर

**मुंबई।** अभिनेता मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज 'किलर सूप' को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया से बात करते हुए मनोज बाजपेयी ने अपनी फिटनेस और हेल्थ को लेकर कई खुलासे किए। अभिनेता ने खुद अपनी फिटनेस का राज खोलते हुए बताया कि उन्होंने पिछले 14 साल से रात को खाना नहीं खाया है। मनोज का मानना है, भोजन ही हमारा सबसे बड़ा मित्र और सबसे बड़ा शत्रु भी है। मैंने रात को भोजन करना बंद कर दिया है और दिन में काफी संतुलित भोजन लेता हूं। मेरी फिटनेस में इसका बहुत बड़ा योगदान है। मनोज ने आगे कहा, मैंने अपने दादाजी को हमेशा दुबला-पतला और फिट ही देखा था। मैंने सोचा क्यों न फिट रहने के लिए मैं भी वही करूं, जो दादा जी करते थे। मैंने भी तय किया कि उन्हीं की तरह रात को खाना नहीं खाऊंगा।

## टीवी मसाला



# रुपाली ने किए महाकाल के दर्शन भस्म आरती में हुईं शामिल...

**मुंबई।** टेलीविजन एक्ट्रेस रुपाली गांगुली बिजी शेड्यूल से समय निकालकर भगवान के दर्शन करना नहीं भूलतीं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की गजब की फैन फॉलोइंग है। इस बीच रुपाली गांगुली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह भस्म आरती में शरीक होते नजर आ रही हैं। रुपाली गांगुली अक्सर महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन जाती हैं। वह बाबा भोले की बड़ी भक्त हैं। इस बार भी उन्होंने उज्जैन जाकर महाकाल के दर्शन किए। एक्ट्रेस के दर्शन का वीडियो सामने आया है, जिसमें रुपाली अन्य भक्तों के साथ बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आ रही हैं। वह पूरी श्रद्धा के साथ भगवान के दर्शन करती नजर आ रही हैं। नए साल के शुरुआती महीने में रुपाली गांगुली बाबा का आशीर्वाद लेने और उनका धन्यवाद अदा करने पहुंचीं। आरती के बाद एक्ट्रेस ने गर्भ गृह जाकर भगवान का आशीर्वाद लिया। इसके पहले रुपाली गांगुली ने एयरपोर्ट से कुछ फोटोज शेयर कीं। उनके चेहरे पर उज्जैन के महाकाल मंदिर जाने की खुशी साफ झलक रही है। रुपाली ने अपने पति और बेटे के साथ भगवान के दर्शन किए।


## वृशिका ने खरीदा नया घर

**मुंबई।** एक्ट्रेस वृशिका मेहता ने बीते महीने दिसंबर में अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड सौरभ घेडिया से शादी रचाई थी है वहीं अब एक नया वीडियो



सामने आया है, जिसे वृशिका मेहता ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस ने अपने नए घर की एक झलक दिखाई है, जिसमें वह पति के साथ रहने वाली हैं। शादी के करीब एक महीने बाद वृशिका मेहता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक नए घर का एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस अपने घर में रीति-रिवाजों के साथ गृह प्रवेश करती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, "नई शुरुआत"। इस कपल ने अपनी शादी के बाद एक नया अपार्टमेंट खरीदा है और ये दोनों इसमें शिफ्ट भी हो चुके हैं। इसी वीडियो में वृशिका मेहता और सौरभ घेडिया ने अपने नए घर का होम टूर भी करवाया। घर के इंटीरियर की बात करें तो मिनिमलिस्टिक डिजाइन से काफी सुंदर लग रहा है। एक्ट्रेस ने अपना किचन और लिविंग एरिया भी दिखाया।

# 2024 में ओटीटी पर लगेगा मनोरंजन का तड़का, वेब सीरीज में डेब्यू करेंगे बड़े सितारे




**मुंबई।** साल 2023 में ओटीटी प्लेटफार्म्स पर कई कलाकारों ने डेब्यू किया। किसी ने ओटीटी फिल्म तो किसी ने वेब सीरीज के जरिए डिजिटल स्पेस में खाता खोला। इनमें करीना कपूर खान, काजोल, शाहिद कपूर, अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर के नाम शामिल हैं। ओटीटी पर सितारों का ये कारवां इस साल भी सफर जारी रखेगा और 2024 में कई कलाकार वेब सीरीज डेब्यू करेंगे। इनमें से कुछ ऐसे हैं, जो फिल्मों के जरिए ओटीटी स्पेस में आ चुके हैं, मगर पहली बार वेब सीरीज कर रहे हैं।

**सिद्धार्थ मल्होत्रा :** इस साल की मोस्ट अवेटेड कॉप सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स ओटीटी स्पेस में नया धमाका करने वाली है। प्राइम वीडियो पर 19 जनवरी से स्ट्रीम हो रही है। निर्देशक रोहित शेट्टी इस सीरीज के साथ ओटीटी पारी शुरू कर रहे हैं। सीरीज के लीड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा का यह वेब सीरीज डेब्यू है। हालांकि, ओटीटी स्पेस में उनकी पारी 2021 में आई फिल्म शेरशाह से हो चुकी है, जो प्राइम वीडियो पर ही रिलीज हुई थी।

**वरुण धवन :** वरुण धवन की पहली ओटीटी रिलीज 2020 में आई कुली नंबर वन है, जो प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस साल वरुण वेब सीरीज डेब्यू कर सकते हैं। हॉलीवुड वेब सीरीज सिटाडेल में प्रियंका चोपड़ा ने लीड रोल निभाया था। वरुण इसके इंडियन चैप्टर सिटाडेल इंडिया में लीड रोल में हैं। उनके साथ सामंथा रूथ प्रभु भी हैं। सीरीज का निर्देशन राज निदिमोरु और कृष्णा डीके कर रहे हैं।

***अनन्या पांडेय :*** *ओटीटी पर अनन्या पांडेय का करियर 2020 में आई फिल्म काली पीली से हो गया था, जो जीप्लेक्स पर रिलीज हुई थी। ईशान खट्टर ने इसमें मेल लीड रोल निभाया था। इसके बाद गहराइयां और खो गये हम कहां ओटीटी पर चुकी हैं। मगर, इस साल अनन्या का बेव सीरीज डेब्यू भी हो सकता है।*

***प्राइम वीडियो की सीरीज कॉल मी बे में :*** *अनन्या लीड रोल निभा रही हैं। इस सीरीज का एलान पिछले साल मार्च में हुआ था। अनन्या शो में एक अरबपति फैशन आइकॉन का किरदार निभा रही हैं।*

***उर्मिला मातोंडकर :*** *सत्या और रंगीला जैसी कई हिट फिल्मों में अपनी अदाकारी से दर्शकों के दिलों पर छाप छोड़ने वालीं उर्मिला अब ओटीटी डेब्यू कर रही हैं। तिवारी नाम की वेब सीरीज में उर्मिला एक्शन करती दिखेंगी। यह स्मॉल सिटी में रहने वाली एक मां-बेटी की कहानी है। इसे सौरभ वर्मा ने डायरेक्ट किया है।*

***वाणी कपूर :*** *यशराज फिल्म्स से अपने करियर की शुरूआत करने वाली एक्ट्रेस वाणी कपूर अब क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज से अपना ओटीटी डेब्यू करने वाली हैं। इस सीरीज का नाम मंडला मर्डर्स है, जिसे गोपी पुथरन ने डायरेक्ट किया है।*

# एनिमल की सक्सेस पार्टी में तमन्ना ने लूटी लाइमलाइट

**मुंबई।** एनिमल की सक्सेस पार्टी में फिल्म की कास्ट के साथ-साथ बॉलीवुड के कई सेलेब्स भी नजर आए। पार्टी का हिस्सा एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया भी बनी। पार्टी में तमन्ना ने पूरी लाइमलाइट लूटी ली। इस मौके पर अदाकारा ब्लैक एंड व्हाइट कलर की स्टाइलिश ड्रेस में नजर आईं। पार्टी के लिए तमन्ना ने डीप नेक वाली टाइट ड्रेस को चुना था, जिसमें वो काफी जंच रही थीं। इस लुक के साथ एक्ट्रेस ने छोटा-सा मोतियों से बना बैग कैरी किया था।

तमन्ना इन दिनों अपनी लव-लाइफ को लेकर भी चर्चा में हैं। पिछले काफी समय से एक्ट्रेस विजय वर्मा को डेट कर रही हैं।




# डॉक्टर बनना चाहती थीं 12वीं फेल की एक्ट्रेस ...



**मुंबई।** विधु विनोद चोपड़ा की 12वीं फेल इन दिनों चर्चा में हैं, फिल्म में विक्रांत मैसी ने आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा का रोल प्ले किया है और मेधा शंकर ने आईआरएस श्रद्धा जोशी का रोल प्ले किया है। मेधा शंकर की सादगी ने लोगों का दिल जीत लिया है। अब मेधा शंकर नेशनल क्रश बन गई हैं। मेधा शंकर नोएडा में रहती हैं और एक महाराष्ट्रीयन परिवार से हैं। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, मेधा शंकर के पैशन की अगर बात करें तो वो असल जिंदगी में डॉक्टर बनना चाहती थीं और बहुत ही शांत स्वभाव की थीं, लेकिन धीरे-धीरे उन्हें ग्लैमर और एंटरटेनमेंट की दुनिया पंसद आने लगी। इसके बाद उन्होंने कई विज्ञापनों में काम करना शुरू किया। बता दें, मेधा ने 2015 में आईं शॉर्ट फिल्म 'विथ यू फोर यू ऑलवेज' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था।

# थंडेल का टीजर आउट, नागा चैतन्य का दिखा दमदार किरदार

**मुंबई।** नागा चैतन्य बीते लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म 'थंडेल' को लेकर सुर्खियों में हैं। अब इसके निर्माताओं ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी हुआ था। वहीं अब इसका टीजर भी जारी कर दिया गया है। टीजर में अभिनेता को एक मछुआरे के रूप में पेश किया गया है। टीजर को देखकर साफ हो रहा है कि नागा चैतन्य भारत के जलक्षेत्र को पार करके पाकिस्तान में पहुंच जाते हैं, जिसके लिए उन्हें पाकिस्तान सरकार द्वारा हिरासत में ले लिया जाता है। साई पल्लवी को अंत में दिखाया गया है, जो नागा चैतन्य की वापसी का बेसब्री से इंतजार करती हैं। निर्माताओं ने जबरदस्त दृश्यों, शानदार बैकग्राउंड और ठोस डायलॉग के साथ फिल्म के विषय को मनोरम तरीके से प्रस्तुत किया।



# लोकसभा चुनावः मध्यप्रदेश में 5 करोड़ 59 लाख 98 हजार 370 सामान्य मतदाता

**64523**

मतदान केंद्रों के मतदाता सूची का शनिवार को हुआ प्रकाशन

**6**

जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने की प्रक्रिया चलेगी

18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा ऑनलाइन और ऑफलाइन सूची में नाम जुड़वा सकेंगे

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

मप्र के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों के मतदाता सूची का प्रकाशन शनिवार को कर दिया गया। इसके तहत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 6 से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया चलेगी।

इस बीच जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है एवं जो युवा एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, वे ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में बैठक कर दी जानकारी

**खास बात**

- मतदाता टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल कर ले सकते हैं सहायता




**पांच करोड़ 60 लाख 73 हजार 696 मतदाता**

मप्र में 5 करोड़ 59 लाख 98 हजार 370 सामान्य मतदाता हैं। इसमें 2 करोड़ 87 लाख 90 हजार 967 पुरुष और 2 करोड़ 72 लाख 6 हजार 136 महिला मतदाता हैं। एक हजार 267 थर्ड जेंडर मतदाता है।

### voters.eci.gov.in पर कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। नागरिक वोटर हेल्प लाइन एप और **voters.eci.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही निर्वाचन संबंधी किसी भी जानकारी एवं सहायता के लिए मतदाता कार्यालयीन समय में टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल कर सकते हैं।

### हर मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की अपील

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) अनुपम राजन ने शनिवार को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन भोपाल में बैठक की। 6 जनवरी से शुरू हुए फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत की जा रही गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। राजन ने कहा कि प्रदेश के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। सभी राजनीतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की अपील की गई।

### दलों से नागरिकों के नाम सूची में जुड़वाने की अपील की

साथ ही एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवा भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। राजन ने राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत अधिक से अधिक नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं, इसमें सहयोग करने का आग्रह किया। बैठक के दौरान भाजपा से भगवानदास सबनानी, एसएस उप्पल, कांग्रेस पार्टी से जेपी धनोपिया, आम आदमी पार्टी से सुमित चौहान, बहुजन समाज पार्टी से सीएल गौतम सहित कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से रामचरण पीवी मौजूद थे।

### 13 एवं 20 जनवरी को लगेंगे विशेष शिविर, घर-घर जाएंगे

फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। विशेष शिविर के दौरान सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र अंतर्गत आने वाले मतदाताओं के घर जाएंगे और मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे। 2 फरवरी तक दावे-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। 8 फरवरी 2024 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अनिल 10वीं बार बने फेडरेशन के अध्यक्ष

**भोपाल।** सेमी गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन के चुनाव शनिवार को संपन्न हुए। इसमें समस्त निगम मंडलों में काम करने वाले कर्मचारी-अधिकारी शामिल हुए। जिसमें सर्व सम्मति से अनिल वाजपाई को सेमी गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन का 10वीं बार अध्यक्ष चुना गया। चुनाव के बाद कर्मचारी संगठनों ने वेयरहाउसिंग कारपोरेशन में चार सौ ट्रांसफर किए गए की जांच की मांग करते हुए निगम मंडलों में खाली पड़े पदों पर संविदा कर्मचारी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की।

### 120 कर्मचारी करेंगे रामलला के दर्शन

**भोपाल।** अखिल भारतीय पुरानी पेंशन बहाली महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद तिवारी स्वयं के खर्चे पर 120 कर्मचारियों को अयोध्या धाम की यात्रा कराएंगे। कर्मचारी नेता प्रमोद तिवारी ने प्रदेश सरकार से 22 जनवरी का अवकाश घोषित करने की मांग की है। इस संबंध में प्रमोद तिवारी ने महासंघ के पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री को अपनी मांगों का सौंपा है।

### हसदेव के जंगलों की कटाई का विरोध

**बिलासपुर।** हसदेव के जंगल की कटाई का विरोध करने वाले 25 आंदोलनकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी आंदोलनकारियों को सिविल लाइन थाने में रखा गया है। पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश वाजपेयी ने बताया कि कोयला खनन के लिए हसदेव जंगल में बड़े पैमाने पर कटाई की जा रही है। इससे पर्यावरण को बड़ा नुकसान हो रहा है। पर्यावरण को बचाने के लिए अलग-अलग संगठनों की ओर से जंगल की कटाई का विरोध किया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के पर्यावरण प्रेमी हसदेव आंदोलन से जुड़े लोगों के समर्थन में आगे आए हैं। रविवार को पर्यावरण प्रेमी कोन्हेर गार्ड पर जुटे थे। यहां से भी कोरबा जाने वाले थे। इससे पहले ही पुलिस ने आंदोलनकारियों को हिरासत में ले लिया। सभी को पकड़कर सिविल लाइन थाने लाया गया। इसकी जानकारी लगते ही और भी पर्यावरण प्रेमी थाने पहुंच गए। थाने में करीब 25 लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

### रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर निकलेगी शोभा यात्रा

**रायपुर।** अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दिन को ऐतिहासिक बनाने के लिए हर स्तर पर प्लान तैयार हो रहा है। इस दिन घर-घर दीप जलाने और भगवा लहराने के लिए टोलियां अभियान में लगने जा रही हैं। लोगों से आह्वान किया जा रहा है कि वे अपने घर, ऑफिस, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में भगवा ध्वज लहरा दें और अपने पहचान वालों तक इस अभियान को पहुंचाएं। इस अभियान के लिए माहौल तैयार कर रहे समीर ठाकुर ने कहा कि कई वर्षों के संघर्ष के बाद 22 जनवरी को हर सनातनी का सपना साकार होने जा रहा है। राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में भगवान रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व संध्या पर श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज भव्य शोभायात्रा निकालेगा। 21 जनवरी शोभायात्रा निकलेगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सनातन भूषण की उपाधि से सम्मानित...



*अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने पंचायती निरंजनी अखाड़ा हरिद्वार में आयोजन कर किया अलंकृत*

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद द्वारा पंचायती निरंजनी अखाड़ा हरिद्वार में 'सनातन भूषण' की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद गिरि महाराज, शंकराचार्य राज राजेश्वरानंद महाराज, आवाहन पीठाधीश्वर अवधूत अरूण गिरीजी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी हरी चेतनानंद महाराज सहित अन्य पूज्य संत मौजूद थे।

## सीएम डॉ. यादव गायत्री तीर्थ शांतिकुंज पहुंचे

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को हरिद्वार स्थित गायत्री तीर्थ शांतिकुंज पहुंचे।

शांतिकुंज व्यवस्थापक महेन्द्र शर्मा ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शांतिकुंज में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैल दीदी से भेंट कर विभिन्न रचनात्मक और सृजनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर प्रमुख पण्ड्या व शैल दीदी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंगल तिलक कर अभिनंदन किया और समाज के विभिन्न समस्याओं के समाधान परक युग साहित्य एवं गायत्री महामंत्र लिखित उपवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।



### मुख्यमंत्री ने सिद्ध अखंड दीपक के दर्शन किए

मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि नारी सशक्तिकरण, युवा जागरण सहित समाज के नवसृजन में चलाए जाने वाले कार्यक्रमों में अखिल विश्व गायत्री परिवार का सतत सहयोग प्रदेश सरकार को मिलता रहेगा। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार शांतिकुंज पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1926 से सतत प्रज्वलित सिद्ध अखण्ड दीपक का दर्शन कर समाज और प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। साथ ही युग ऋषि द्वय की पावन स्मारक सजल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा में अपनी भावांजलि भी अर्पित की। इस अवसर पर हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक भी उपस्थित थे।

## सीएम ने कहा- अवैध बाल संरक्षण गृहों पर होगी सख्त कार्रवाई

# मध्यप्रदेश में 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण पर आधारित होंगे कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों के खातों में 10 जनवरी को राशि अंतरित की जाएगी। पूरे प्रदेश में 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही मकर संक्रान्ति पर्व के दौरान भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को देर शाम इंदौर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से युवा दिवस, मकर संक्रान्ति और लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन के संबंध में तैयारियों की बैठक ली। बैठक में इंदौर से जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और भोपाल से मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा सहित सचिवालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।

*मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों के खातों में 10 जनवरी को राशि होगी जमा*

*मकर संक्रान्ति पर्व और युवा दिवस के दौरान भी विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन*

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोजनों की कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश
- सीएम ने इंदौर में ली तैयारियों को लेकर बैठक



### युवाओं के लिए कार्यक्रम होंगे

मख्यमंत्री ने कहा कि युवा दिवस पर पूरे प्रदेश में युवाओं के लिए कार्यक्रमों का विशेष आयोजन किया जाए। स्वामी विवेकानन्द के विचारों उनके सांस्कृतिक अवदानों के बारे में परिचर्चाएं, निबंध लेखन, संभाषण और गोष्ठियां आयोजित की जाए। सामाजिक संगठनों से प्रचार-प्रसार किया जाए।

### परंपरागत खेलों को बढ़ावा मिलेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मकर संक्रान्ति पर्व पर परम्परागत खेलों को बढ़ावा देते हुए कार्यक्रम किए जाएं। साथ ही युवाओं को मकर संक्रान्ति का वैज्ञानिक महत्व बताने के लिए भी कार्यक्रम हों। इन कार्यक्रमों में वैज्ञानिकों को भी आमंत्रित किया जाए। भजन मण्डलियों को भी शामिल करें।

### अवैध बाल संरक्षण गृहों पर सख्ती

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि पूरे प्रदेश में कोई भी अवैध बाल संरक्षण गृह संचालित नहीं हो। पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करें। अधिकारी सतत निरीक्षण भी करते रहें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में इंदौर से महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, उषा ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## नवनिर्वाचित विधायकों को देंगे टिप्स

### विधायकों को ट्रेनिंग देने उपराष्ट्रपति और लोस अध्यक्ष आएंगे छत्तीसगढ़

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला 20-21 जनवरी को रायपुर आ सकते हैं। विधानसभा सचिवालय ने इस दिन नवनिर्वाचित विधायकों के



लिए संसदीय व्यवहार, नियम प्रक्रिया का प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा है। इसमें विधायकों को ट्रेंड करने के लिए उपराष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष आमंत्रित किए गए हैं। बता दें कि,



इस बार भाजपा और कांग्रेस के करीब 50 विधायक पहली बार चुनकर आए हैं। इन्हें 5 फरवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र से पहले सदन की नियम प्रक्रिया से प्रशिक्षित करने की योजना है। इसके तहत स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने 20-21 जनवरी को दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने का कार्यक्रम बनाया है। उद्घाटन व अलग-अलग सत्रों को संबोधित करने राष्ट्रीय नेताओं को आमंत्रित किया जा रहा है। इनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आदि शामिल हैं।

## लोस चुनाव के लिए कांग्रेस ने गठित की समिति

### सीजीः चेयरमैन बने बैज, पूर्व सीएम बघेल, टीएस सिंहदेव को भी जगह





**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने लोकसभा चुनाव के लिए विभिन्न राज्यों में चुनाव समिति की घोषणा कर दी है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए गठित समिति पर भरोसा जताया गया है, वहीं विधानसभा की टीम को लोकसभा के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है।

लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को चुनाव समित का चेयरमेन बनाया गया है। इस समिति में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित 18 नेताओं को शामिल किया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में , डॉ. चरणदास महंत, ताम्रध्वज साहू, रविंद्र चौबे, मो. अकबर, शिव कुमार डहरिया, अनिल भेंड़िया, जयसिंह अग्रवाल, मोहन मरकाम, गुरू रूद्र कुमार, धनेंद्र साहू आदि शामिल हैं।

## कार्यकाल समाप्त होने का इंतजार

### महापौर ढेबर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर ठंडे पड़े भाजपा के पार्षद

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब शहर सरकार बनाने के लिए 15 वर्षों से वनवास झेल रहे भाजपा पार्षदों ने सत्ता में वापसी के लिए राजनीतिक बिसात बिछाने की तैयारी की है। पिछले दिनों महापौर एजाज ढेबर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का एलान भी किया, लेकिन पखवाड़ेभर बाद भी भाजपा पार्षद कुछ नहीं कर सके। अब तो पार्षदों के तेवर ही ढीले पड़ गए हैं। सालभर बाद होने वाले महापौर चुनाव में कांग्रेस को मात देकर ही भाजपा निगम में सरकार बनाने की कवायद में जुट गई है, इसलिए महापौर का कार्यकाल समाप्त होने का इंतजार किया जा रहा है। भाजपा सरकार अब फिर से जनता के जरिए ही महापौर चुनने पर विचार कर रही है।



**कई कांग्रेसी पार्षद हैं नाराज**

भाजपा पार्षदों का मानना था कि यदि महापौर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाते हैं तो उन्हें आसानी से सफलता मिल जाती। इसके पीछे यह तर्क भी दिया जा रहा है कि महापौर की कार्यशैली से कई कांग्रेसी पार्षद नाराज चल रहे हैं। ऐसे कई पार्षदों का समर्थन जुटाने में भाजपा पार्षदों को मशक्कत नहीं करनी पड़ती।

## कांग्रेस ने चुनाव समिति और पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी बनाई

पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी में पूर्व सीएम कमलनाथ और दिग्विजय सिंह शामिल

### जीतू पटवारी होंगे प्रदेश चुनाव समिति के अध्यक्ष पॉलिटिकल अफेयर्स देखेंगे प्रदेश प्रभारी जीतेंद्र

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के लिए प्रदेश चुनाव समिति और पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी का गठन किया है। प्रदेश चुनाव समिति में जीतू पटवारी को अध्यक्ष बनाया है। इसके साथ ही 34 सदस्य शामिल किए गए हैं। जबकि पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी का अध्यक्ष प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह को बनाया गया है।

पटवारी इस समिति के कन्वीनर होंगे। खास बात यह है कि पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी में पूर्व सीएम कमलनाथ, उनके बेटे नकुलनाथ, पूर्व दिग्विजय सिंह और उनके बेटे जयवर्धन सिंह शामिल है।





**ये है पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी**

जितेंद्र सिंह (अध्यक्ष), जीतू पटवारी (कन्वीनर), कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, उमंग सिंगार, कांतिलाल भूरिया, सुरेश पचौरी, अरुण यादव, अजय सिंह राहुल, विवेक तन्खा, नकुलनाथ, कमलेश्वर पटेल, ओमकार सिंह मरकाम, डॉ. गोविंद सिंह, मीनाक्षी नटराजन, बाला बच्चन, रामनिवास रावत, सज्जन सिंह वर्मा, लखन घनघोरिया, विजयलक्ष्मी साधौ, जयवर्धन सिंह, हिना कांवरे, आरिफ मसूद, फूल सिंह बरैया, सिद्धार्थ कुशवाह, सुखदेव पांसे, तरुण भनोट, झूमा सोलंकी, प्रियव्रत सिंह ,शेख अलीम, शोभा ओझा और मुकेश नायक ।

**कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति**

*जीतू पटवारी (अध्यक्ष), कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, उमंग सिंघार, सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव, अजय सिंह राहुल, विवेक तन्खा, रामनिवास रावत, सज्जन सिंह वर्मा, कमलेश्वर पटेल, राजेंद्र कुमार सिंह, फूल सिंह बरैया, हेमंत कटारे, डॉ. गोविंद सिंह, एनपी प्रजापति, आरिफ मसूद, दिनेश गुर्जर, संजय उइके, यादवेंद्र सिंह बुंदेला, फुन्दे लाल मार्को, महेश परमार, पीसी शर्मा, दिलीप सिंह गुर्जर, प्रवीण पाठक, संजय शर्मा, रवि जोशी, तरबर सिंह लोधी, अजय मिश्रा बाबा, जगत बहादुर सिंह अनु, अशोक सिंह और राजीव सिंह।*

## विभागों के लक्ष्य को रिवाइज करने की हो चुकी तैयारी

### विभागों के लक्ष्य में 18 से 20 हजार करोड़ की हो सकती है वृद्धि, वसूली में तेजी लाने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

नई सरकार के गठन के बाद विभागों के राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को रिवाइज करने की तैयारी हो चुकी है। बजट प्रस्तुत करने के पहले विभागों के लक्ष्य में वृद्धि होने वाली है। वित्त विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक विभागों के लक्ष्य में 18 से 20 हजार करोड़ रुपए की वृद्धि की जा सकती है। इस संबंध में अगले हफ्ते आदेश जारी हो सकता है।

पूर्ववर्ती सरकार ने पिछले वर्ष एक लाख 25 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश किया था। यह अब एक लाख 40 हजार करोड़ रुपए तक जा सकता है। वित्त विभाग ने वाणिज्यिक कर, खनिज विभाग, परिवहन विभाग, पंजीयन आदि विभागों को नोटिस जारी कर राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

**बजट में हो सकती है घोषणा**



राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि भाजपा सरकार की चुनावी घोषणाओं को पूरा करने राज्य बजट पर सभी की नजरें जमी हुई है। उम्मीद है कि महतारी वंदन योजना के साथ 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान के समर्थन मूल्य को लेकर बजट में घोषणा की जा सकती है। अब तक कैबिनेट की तीन बैठकें हो चुकी है, लेकिन इन महत्वपूर्ण घोषणाओं पर किसी प्रकार का निर्णय नहीं लिया गया है। वित्त विभाग ने राजस्व संग्रहण में मुख्य भूमिका निभाने वाले सभी विभागों को लक्ष्य के अनुरूप वसूली प्रक्रिया में तेजी के निर्देश दिए हैं।

## चिंतन

# अपनी अंतर्राष्ट्रीय मर्यादा को समझे मालदीव

भारत को अपने किसी भी क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने व उसके महत्व को प्रचारित करने का संप्रभु हक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप में स्नॉर्कलिंग की अपनी तस्वीर शयर करते हुए भारतीयों से लक्षद्वीप घूमने जाने की अपील की। इसमें किसी को क्यों आपत्ति होनी चाहिए? भारत की अपनी आबादी ही इतनी है कि किसी भी क्षेत्र के पर्यटन विकास के लिए काफी है। भारत अपने सभी पड़ोसियों का ध्यान रखता आया है। एक छोटे द्विपीय देश होने के नाते मालदीव अपनी सुरक्षा के लिए आज भी भारत पर भौगोलिक रूप से निर्भर है। ऐसे में चीनी प्रभाव वाले दल की सरकार की नेता का अंतरराष्ट्रीय नियमों के विपरीत जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का मजाक उड़ाना मालदीव के लिए ही खतरा लेकर आएगा। उन्हें अपनी अंतर्राष्ट्रीय मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। चीनपरस्त मालदीव सरकार को पाकिस्तान, श्रीलंका, कई अफ्रीकी देशों की चीन से दोस्ती के चलते बिगड़ी अर्थव्यवस्था को देखते हुए सबक लेना चाहिए। भारत अगर अपने पर्यटन स्थल की बात करता है तो इसमें मालदीव के नेताओं को ऐतराज क्यों होना चाहिए? मालदीव को अपने पर्यटन पर भरोसा होना चाहिए। यह भी सही है कि मालदीव का पर्यटन भारतीय उद्यमियों व पर्यटकों पर अधिक टिका हुआ है। पीएम मोदी का प्रयास लक्षद्वीप को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने का है। मालदीव सरकार ने बेशक अपने मंत्री के बयान से किनारा किया है, लेकिन उसे नहीं भूलना चाहिए कि भारत से उसका संबंध बहुत पुराना है। भारत से बैर कर मालदीव का ग्लोबल अर्थव्यवस्था में टिके रहना मुश्किल होगा। चीनी शह में मालदीव की मुइज्जू सरकार बेशक भारत विरोधी हो जाए, लेकिन भारत के पीएम का मजाक उड़ाने का हक उस सरकार की मंत्री को कतई नहीं है। भारत के आंतरिक मामले में मालदीव सरकार के किसी मंत्री को किसी भी प्रकार की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। मालदीव के राजनीतिज्ञों के एक समूह द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के प्रति की गई किसी भी अपमानजनक और नस्लवादी टिप्पणी अशोभनीय व निंदनीय है। भारत इसकी निंदा करता है। मालदीव को आतिथ्य, सहिष्णुता, शांति और सद्भाव के सिद्धांतों का ध्यान रखना चाहिए। भारत मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बल के लिए सबसे बड़ी संख्या में प्रशिक्षण प्रदान करता है, जो उनकी लगभग 70% रक्षा प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करता है। मालदीव के अड्डू में भारत की सहायता से एक ड्रग डिटॉक्सिफिकेशन और पुनर्वास केंद्र तैयार किया गया है। यह केंद्र स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, मत्स्य पालन, पर्यटन, खेल और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में भारत द्वारा कार्यान्वित की जा रही 20 विकास परियोजनाओं में से एक है। भारत-मालदीव संबंधों को तब से क्षति पहुंची है, जब मालदीव ने वर्ष 2017 में चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया। श्रीलंका, पाकिस्तान तथा मालदीव जैसे देशों में चीन की बढ़ती उपस्थिति भारत के लिए चिंता का विषय जरूर है, पर वह सतर्क है। इन क्षेत्रों में चीनी-नियंत्रित बंदरगाहों एवं सैन्य सुविधाओं का विकास भारत के रणनीतिक हितों व क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए एक चुनौती है। दक्षिण एशिया और हिंद महासागर की समुद्री सीमाओं में क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत को हिंद-प्रशांत सुरक्षा क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण सामरिक भूमिका निभानी चाहिए।



विश्लेषण
डॉ. अश्विनी महाजन

# ग्लोबल वार्मिंग से निपटे भारत

कॉप-28 को नतीजों तक पहुंचने में तय सीमा से ज्यादा समय लगा, लेकिन विश्व में इस बाबत खुशी जताई जा रही है कि इस सम्मेलन के बाद दुनिया में मानव जनित ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए बेहतर संभावनाएँ होंगी। तेल लॉबी की तीव्र पैरवी के बावजूद, 2050 तक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस के भीतर सीमित करने के लिए सभी देश जीवाश्म ईंधन, कोयला और तेल एवं गैस दोनों से दूर जाने पर सहमत हुए हैं। इस बहस में भारत का यह कहना था कि यदि जीवाश्म ईंधन के उपयोग को क्रमशः कम करना है तो इसमें कोयले और पेट्रोलियम पदार्थों में भेद नहीं होना चाहिए। भारत को ग्लोबल वार्मिंग से निपटने का अभियान जारी रखना चाहिए।

बीते महीने दिसंबर की 14 तारीख को दुबई में यूनाइटेड नेशन फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज के तहत कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ का 28वां सत्र सम्पन्न हुआ, जिसे कॉप-28 के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि कॉप-28 को नतीजों तक पहुंचने में तय सीमा से ज्यादा समय लगा, लेकिन विश्व में इस बाबत खुशी जताई जा रही है कि इस सम्मेलन के बाद दुनिया में मानव जनित ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए बेहतर संभावनाएँ होंगी। हालांकि दो सप्ताह तक चलने वाले इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में घोषणाएं की गई, लेकिन इस सम्मेलन के अंतिम समय में एक ऐसी महत्वपूर्ण घोषणा हुई है, जिससे पूरी दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग और मौसम परिवर्तन से राहत की एक बड़ी उम्मीद जगी है। तेल लॉबी की तीव्र पैरवी के बावजूद, 2050 तक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस के भीतर सीमित करने के लिए सभी देश जीवाश्म ईंधन, कोयला और तेल एवं गैस दोनों से दूर जाने पर सहमत हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत होने वाले 27 कॉप सम्मेलन इससे पूर्व हो चुके थे, जिनमें कुछ बातें हुई, कहीं-कहीं पर मौसम परिवर्तन और वैश्विक उष्णता को थामने के लिए कुछ प्रयास भी हुए, लेकिन विकसित देशों की यह जिद्द कि वे अपनी जीवन पद्धति बदलने के लिए तैयार नहीं हैं, ने इन प्रयासों के प्रभाव को कम किया। विकसित देशों का यह कहना है कि चाहे जो भी स्थिति हो, वे अपनी जीवन पद्धति को बदल नहीं सकते हैं। सच्चाई यह है कि औद्योगीकरण के समय से लेकर अब तक दुनिया में 23 समृद्ध औद्योगिक देश कुल ऐतिहासिक उत्सर्जन के 50 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हैं और बाकी 50 प्रतिशत के लिए 150 से अधिक देश जिम्मेदार हैं।लगभग एक शताब्दी में पेट्रोलियम तेल और गैस का उपयोग 82.34 गुना और कोयले का उपयोग 4.56 गुना बढ़ा है, लेकिन इसमें भी विकसित देशों का योगदान विकासशील देशों की तुलना में कहीं ज्यादा है। हम समझ सकते हैं कि विकसित देशों द्वारा जीवाश्म ईंधनों का उपयोग भी कहीं अधिक अनुपात में बढ़ा है।

आधुनिकीकरण और विकास के नाम पर वाहनों के उपयोग में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आर्थिक संवृद्धि के और जीडीपी में ग्रोथ के नाम पर औद्योगिक उत्पादन भी भारी मात्रा में बढ़ा है। आज लोग ज्यादा और ज्यादा चीजों का उपभोग करने लगे हैं, जो पूर्व की तुलना में कई सौ गुणा ज्यादा है। वाहनों, उद्योगों, कृषि आदि के परिचालन में पेट्रोलियम पदार्थों सरीखे जीवाश्म ईंधनों का उपयोग बेतहाशा बढ़ा है व इस कारण ग्लोबल वार्मिंग भी बढ़ी है।

पिछली एक शताब्दी में वाहनों, विद्युत उत्पादन, औद्योगिक कार्यों और कृषि समेत अनेकानेक गतिविधियों में जीवाश्म ईंधन यानि पेट्रोलियम पदार्थ, कोयला इत्यादि का उपयोग लगातार बढ़ता गया, जिसके चलते दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों जैसे कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ 2), मीथेन (सीएच 4), नाइट्रस ऑक्साइड (एन 2ओ), हाइड्रोफ्लूरोकार्बन (एचएफसी), परफ्लूरोकार्बन (पीएफसी), सल्फर



हेक्साफ्लोराइड (एसएफ 6) का उत्सर्जन भी बढ़ा। इससे विश्व ग्लोबल वार्मिंग और मौसम परिवर्तन जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। समुद्र स्तर बढ़ने के कारण तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोग अपने स्थान से विस्थापित हो रहे हैं, कहीं अल्प वृष्टि तो कहीं अति वृष्टि और तूफ़ानों के कारण, दुनिया विभिन्न प्रकार के संकटों का सामना कर रही है। कृषि उत्पादन पर भी संकट आ रहे हैं। कई स्थानों पर तापमान इतना अधिक बढ़ता जा रहा है कि लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है।

मौसम परिवर्तन पर होने वाले संयुक्त राष्ट्र के तमाम कॉप सम्मेलनों में प्रारंभ से ही यह लक्ष्य रहा है कि दुनिया का तापमान 2050 तक औद्योगएमपीकरण से पूर्व की स्थिति की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा न बढ़ने पाए। क्योटो सम्मेलन में जहां ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन की कमी के लक्ष्य निर्धारित किए गए थे, के बाद कॉप सम्मेलनों में बातें तो बहुत हुईं, लेकिन क्योटो सम्मेलन के बाद और कॉप-27 से पहले कोई विशेष प्रगति नहीं दिखाई दी। विकसित देशों ने यह वचन जरूर दिया था कि वे मौसम परिवर्तन से निपटने के लिए 100 अरब डालर की सहायता हर वर्ष प्रदान करेंगे। हालांकि 100 अरब डालर की मदद, समस्या की गंभीरता के मद्देनजर कहीं अपर्याप्त थी, उतनी भी राशि विकसित देशों द्वारा इस संबंध में प्रदान नहीं की गई। इससे स्पष्ट है कि दुनिया के विकसित देश जो वर्तमान पर्यावरण संकट के लिए दोषी हैं, अभी तक इस बाबत गंभीर नहीं हुए थे। कॉप28 में भी, विकसित दुनिया द्वारा जीवाश्म ईंधन से संक्रमण की लागत वहन करने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया था। हालांकि कॉप28 में इस बात पर सहमति बनी है कि जीवाश्म ईंधनों के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाएगा, लेकिन इसके लिए अत्यंत गंभीरता से विचार करना होगा कि यह कैसे किया जाएगा। कॉप28 में अनेक प्रकार की शपथें ली गई, जिसमें अक्षय ऊर्जा में 3 गुणा वृद्धि, शीतलन से संबंधित ऊर्जा उपभोग में दुगुनी कार्यकुशलता आदि शामिल हैं।

पिछले कॉप सम्मेलनों में इस बात पर बहस चलती रही कि जीवाश्म ईंधनों में से कोयले या पेट्रोलियम, किसके उपयोग को कम करना चाहिए। विकसित देशों का यह कहना था कि वे पेट्रोलियम के उपयोग को कम नहीं करेंगे, लेकिन वे साथ ही यह दबाव बना रहे थे कि भारत सरीखे देश कोयले के उपयोग को अवश्य बंद करें। इस बार फिर विकसित देश अंतिम दस्तावेज़ में शामिल होने में सफल रहे हैं, जब नवीकरणीय ऊर्जा को तीन गुना करने को 'बेरोकटोक कोयला बिजली को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने' से जोड़ा गया। इस बहस में भारत का यह कहना था कि यदि जीवाश्म ईंधन के उपयोग को क्रमशः कम करना है तो इसमें कोयले और पेट्रोलियम पदार्थों में भेद नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि भारत के पास कोयले के बड़े भंडार हैं, इसलिए भारत के लिए जरूरी है कि फिलहाल वह कोयले का उपयोग कुछ समय तक करे और बाद में उसे क्रमशः घटाया जाए। कॉप-28 के इस फैसले से कि कोयले और पेट्रोलियम में भेद किए बिना सभी प्रकार के जीवाश्म ईंधन के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से कम किया जाना चाहिए, यह सुनिश्चित हो गया है कि इस संबंध में विकसित देशों की बहानेबाजी को कॉप28 में कम मान्यता मिली। वैश्विक तापमान को औद्योगिकीकरण से पूर्व की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा नहीं बढ़ने के लक्ष्य की समय सीमा 2050 रखी गई है, लेकिन कॉप-26 में भारत ने अपने वचन में यह कहा था कि हम 2070 तक निवल शून्य (नेट जीरो) के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। इसलिए भारत के पास वैश्विक लक्ष्य की सीमा से दो दशक आगे का समय रहेगा। इस लक्ष्य को न्यायोचित्त, व्यवस्थित और न्यायसंगत तरीके से प्राप्त किया जाएगा।

(लेखक डीयू के पीजीडीएवी कॉलेज में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## झरोखे से
डॉ. चंद्र त्रिखा



# दिल्ली की रहस्यमयी शख्सियत जुलियाना


देश की राजधानी दिल्ली में लगभग हर मोड़ पर रहस्यमयी गाथाएं कुनमुना रही हैं। दिल्ली ने इन सब गाथाओं व उनमें वर्णित पात्रों को अलग-अलग समय पर भोगा है, जिया है, देखा है। इन रहस्यमयी गाथाओं में एक तथ्यात्मक किस्सा एक पुर्तगीज़ महिला जूलियाना का भी है। जूलियाना का दबदबा वर्तमान ओखला क्षेत्र, न्यू डिफेंस कॉलोनी के कुछ क्षेत्र और कश्मीरी गेट के समीप स्थित दारा-शिकोह की हवेली तक फैला हुआ था। उसके नाम पर सराय भी है और अनेक ऐसी सम्पत्तियां हैं, जिनकी विरासत का दावा करने वाले अभी भी इधर-उधर से दस्तावेज एकत्र करने में लगे हैं। किंवदंती है कि उसकी रूह अब भी इस क्षेत्र में भटकती है।

दिल्ली की मुगलिया सल्तनत में जूलियाना के परिवार का प्रवेश औरंगजेब के काल में ही हो गया था मगर उसका प्रभामण्डल औरंगजेब के पौत्र बहादुर शाह प्रथम के शासनकाल में फैला। दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली में सुखदेव विहार मेट्रो स्टेशन के पास एक ऐसा इलाका है जहां आज दिल्ली विकास प्राधिकरण के फ्लैट हैं। कई लोगों के लिए सराय जुलेना गांव अन्य बस्तियों की तरह की एक और बस्ती है लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह एक ऐसी पुर्तगाली महिला की याद दिलाती है, एक ज़माने में, मुग़ल दरबार में जिसका रुतबा, किसी महारानी से कम नहीं था। इस महिला का नाम था डोना जुलियाना डायस डि कोस्टा। यदि ऐतिहासिक दस्तावेज़ों पर भरोसा किया जाए, तो वह मुग़ल दरबार में बहुत ताक़तवर और असरदार महिला थी और हां, कहा जाता है कि उनके पास दैवीय शक्ति भी थी! जुलियाना शाही दरबार में कैसे पहुंच गईं, यह इतिहासकारों के बीच बहस का विषय बना हुआ है। उनके जन्म का वर्ष और उम्र भी रहस्यों से घिरा हुआ है! मुग़ल दरबार में यूरोपीय देशों के लोगों का आना-जाना लगा रहता था लेकिन इनके बीच एक पुर्तगाली महिला ने कैसे अपनी जगह बना ली। प्राप्त विवरण के अनुसार, उसने मुगल शहजादे मुअज्ज़म को ईसाइयत की ओर भी झुका लिया था। मुग़ल बादशाह शाहजहां के आदेश पर पुर्तगाली बंदरगाह शहर हुगली (बंगाल) पर हमला किया गया था। पुर्तगाली, मुग़लों के जहाज़ों पर लगातार हमले करते रहते थे और उसी के बदले में ये कार्रवाई की गई थी। हमले के बाद कई पुर्तगालियों को बंधक बना लिया गया था जिनमें जुलियाना के पिता ऑगस्टिन्हो डायस डिकोस्टा भी थे। उन्हें और उनकी पत्नी को बाद में मुग़ल दरबार में काम मिल गया। बाद में डिकोस्टा की पत्नी, शाहजहां की एक बेगम की दासी बन गई। इसी दौरान जुलियाना का जन्म हुआ था। जब जूलियाना 17 साल की हुई, तब उसके जीवन में एक नया दौर शुरु हुआ। तब तक औरंगज़ेब बादशाह बन चुका था और उसने अपने 18 साल के बेटे मुअज़्ज़म की पढ़ाई की ज़िम्मेदारी जूलियाना को सौंप दी। जैसे-जैसे दोनों बड़े होते गए, दोनों में नज़दीकियां भी बढ़ती गईं। मुअज़्ज़म जब भी अपने पिता के आदेश पर युद्ध करने जाता था, उसकी हिफाज़त के लिए जुलियाना भी, उसके साथ, उसके हाथी पर सवार होती। जूलियाना के हाथ में लाल झंडे होते थे, जिन पर सफेद रंग का ईसाई क्रॉस बना होता था! जैसे-जैसे वह बड़ी होती गई, उसे मुग़ल दरबार में शाही हरम और डॉक्टर की प्रभारी जैसे कई ज़िम्मेदारियां मिलने लगीं! लेकिन यह सिलसिला ज्यादा लम्बा नहीं चल पाया। औरंगज़ेब ने मुअज़्ज़म को 1680 के दशक के अंत में बग़ावत के आरोप में सज़ा दी और उससे उसके खिदमतगार और हरम छीन लिए गए। उन दिनों जुलियाना किसी तरह क़ैदख़ाने में पहुंचने में कामयाब हो गई और वहां वह मुअज़्ज़म की तीमारदारी करने लगी। इस दौरान दोनों के बीच रिश्ते और मज़बूत होते गए और जुलियाना ने मुअज़्ज़म को सलाह दी कि अगर वह सेंट जॉन से दुआ मांगेगा तो वह एक दिन बादशाह बन जाएगा। मुअज़्ज़म दुआ के लिए राज़ी हो गया और उसने वादा किया कि अगर वह बादशाह बन जाता है तो वह जूलियाना को धन-दौलत और दरबार में बड़े-बड़े ओहदों से नवाज़ेगा। संयोगवश मुग़लिया तख़्त-ओ-ताज के लिए हुई जंग के बाद जब मुअज़्ज़म 1707 में बहादुर शाह-प्रथम के रूप में तख़्त पर बैठा तो उसने अपने वादे के मुताबिक़ जुलियाना को जूलियाना फिदवी दुआगो (वफादार और अक़ीदतमंद जूलियाना) का खिताब दिया। उसे जागीर में गांव भी दिए गए, जहां आज दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली का ओखला इलाक़ा है।



(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित
**दर्शन**

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

## मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित
**प्रेरणा**

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टीयां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहाँ मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपये देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहाः साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा हैः मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अयोध्या की बजाय घर पर ही खुशियां मनाएं

भगवान श्री राम का नाम लेते ही मानसिक शांति मिलती है। वह सनातन धर्म या भारत के लिए ही आदर्श नहीं हैं, बल्कि सारी दुनिया के लिए हैं। उनकी जन्मभूमि अयोध्या में लगभग 500 वर्ष बाद उनका जो भव्य मंदिर बन रहा है और वहां 22 जनवरी को राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, उसकी खुशी जाहिर करने के लिए जो तैयारियां चल रही हैं उन्हें देखकर लग रहा है कि दीपावली का त्योहार आने वाला है। हमारे देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों में रह रहे राम भक्त भी खुशी जाहिर कर रहे हैं। 22 जनवरी को जब अयोध्या में राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होना है, तब हमें अयोध्या जाने की बजाय अपने-अपने घर पर ही इसकी खुशी मनानी चाहिए। *–विकास शर्मा, धमतरी*

## करंट अफेयर

### इजराइल का उत्तरी गाजा में लड़ाई समापन का संकेत

हमास के खिलाफ युद्ध के चौथे महीने में प्रवेश करने के साथ इजराइली सेना ने संकेत दिया कि उसने उत्तरी गाजा में बड़ी लड़ाई समाप्त कर ली है और वहां हमास के सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट करने का काम पूरा कर लिया है। इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने शनिवार देर रात कहा कि सेना वहां आगे भी फतह करती रहेगी, इजराइल-गाजा सीमा बाड़ पर सुरक्षा को मजबूत करेगी तथा क्षेत्र के मध्य और दक्षिणी हिस्सों पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की इजराइल यात्रा से पहले हुई। ब्लिंकन सहित अमेरिकी अधिकारियों ने बार-बार इजराइल से गाजा में अपने जबरदस्त हवाई और जमीनी हमले को कम करने तथा हमास नेताओं के खिलाफ अधिक लक्षित हमले का आग्रह किया है ताकि फलस्तीनी नागरिकों को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। यह युद्ध दक्षिणी इजराइल पर हमास के सात अक्टूबर के हमले से शुरू हुआ था जिसमें चरमपंथियों ने लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया था। हमास नियंत्रित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइल की जवाबी कार्रवाई में 22,700 से अधिक फलस्तीनी मारे गए और 58,000 से अधिक घायल हो गए।



## ऑफ बीट

### तनाव, व्यग्रता से निपटने के तरीके तलाश रहे लोग

तनाव, व्यग्रता और पर्यावरणीय एवं मानवीय आपदाओं से भरी दुनिया में, लोग इससे निपटने के तरीके तलाश रहे हैं। कई लोगों ने मार्गदर्शन के लिए प्राचीन प्रथाओं की ओर रुख किया है। इनमें से एक है सचेतन, जो ध्यान से जुड़ी प्रक्रिया है। वास्तव में सचेतन का क्या अर्थ है? सचेतन किसी चीज के प्रति सचेत रहना या जागरूक होने की स्थिति है। मैं जिस शब्द का उपयोग करना पसंद करता हूं वह है 'जागरूकता'। अपने दिन की शुरुआत साक्ष्य-आधारित समाचारों से करें। सचेतन कवायद आपको वर्तमान में वापस लाने का एक तरीका होगा। आप योग की तरह अपनी इंद्रियों, अपनी सांस या अपने शरीर का इस्तेमाल करेंगे। ध्यान आपको शांत करने में मदद करता है क्योंकि बहुत सारे अवसाद या अवसादग्रस्त विचार अतीत और उन चीजों से जुड़े होते हैं जिनका हमें अफसोस होता है। बहुत सारी चिंताएं भविष्य से जुड़ी हुई हैं। इन विशेष प्रवृत्तियों पर शोध जारी है। यदि लोग बहुत अधिक चिंता का अनुभव करते हैं, तो अकसर ऐसा होता है कि उनका मन भविष्य में इस बात को लेकर चिंता में रहता है कि आगे क्या होगा। अवसाद के लिए भी यही बात है। मन अतीत में वापस चला जाता है और उन चीजों के बारे में सोचता रहता है जो पहले घटित हो चुकी होती हैं।



## ट्रेंड

### उद्धव ठाकरे विकास विरोधी



वह (उद्धव ठाकरे) ढाई साल तक घर पर बैठे रहे और केवल दिखावा किया। उन्होंने (ठाकरे) मुंबई में आरे भूमि पर मेट्रो, मेट्रो लाइनों के निर्माण का विरोध किया और समृद्धि राजमार्ग के निर्माण को धीमा किया। वह (ठाकरे) विकास विरोधी हैं।
-एकनाथ शिंदे, सीएम, महाराष्ट्र

### प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि



स्टैटिस्टिकल हैंडबुक के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 3,89,529 रुपये से बढ़कर 4,44,768 रुपये हो गई है, जो राष्ट्रीय औसत से 158% अधिक है। यह किसी भी राज्य में एक वर्ष में प्रति व्यक्ति आय में भारी वृद्धि है। -अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



भारत ने पिछले कुछ वर्षों में विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वर्तमान समय में हमारी टीम विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक है। हमने इस बीच कई बेहतरीन नतीजे दिए हैं।
-रविचंद्रन अश्विन, क्रिकेटर

### फिल्म कामयाब रही



फिल्म 'एनिमल' से कुछ लोगों को दिक्कत हो सकती है, लेकिन मेरा मानना है कि जिस तरह का प्यार, सफलता और कमाई इसने हासिल की है, वे यह साबित करती है फिल्म के प्रति प्रेम से बढ़कर कुछ भी नहीं है। लोगों ने फिल्म को पसंद किया है।
-रणबीर कपूर, अभिनेता

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# जम्मू-कश्मीर में टूटा 77 साल का रिकॉर्ड एक साल में पहुंचे दो करोड़ पर्यटक





इस समय बर्फबारी का लुत्फ भी पर्यटक उठा रहे हैं।

## 'भारत का ताज' पर टूरिस्ट्स को नाज

एजेंसी ▶▶ जम्मू

भारत का ताज कहा जाने वाला जम्मू-कश्मीर अब आतंकवाद की दहशतगर्दी से आजाद होता जा रहा है। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और अनुच्छेद 35 ए के हटाए जाने और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को दो अलग राज्य बनाए जाने के बाद से ही कश्मीर का टूरिज्म रफ्तार पकड़ रहा है। बता दें कि 2023 में 77 साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए देश भर से दो करोड़ पर्यटक 2023 में जम्मू-कश्मीर घूमने आए। इसके साथ ही सरकार की तरफ से दी जा रही मदद के कारण पिछले साल यहां 100 से अधिक फिल्मों की शूटिंग हुई।

### आकर्षण का नया युग

प्रशासन के प्रवक्ता ने बताया कि ल फिगारो की रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि यह जम्मू-कश्मीर के संघर्षग्रस्त अतीत से एक समृद्ध वर्तमान तक की यात्रा को खूबसूरती से दर्शाती है। भूले हुए स्वर्ग को विश्व मंच पर अपनी स्थिति फिर से हासिल करने के रूप में चित्रित किया गया है, जो जादू और आकर्षण के एक नए युग का प्रतीक है।

### 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने एक रिपोर्ट को सार्वजनिक करते हुए कहा कि 2023 में 77 साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए देशभर से दो करोड़ पर्यटक 2023 में जम्मू-कश्मीर घूमने आए। राज्य में 100 से ज्यादा छोटी-बड़ी फिल्में शूट की गई। प्रसिद्ध फ्रांसीसी समाचार पत्र ल फिगारो ने कश्मीर के उभरते आकर्षण पर एक रिपोर्ट पेश की है। इसमें इसे दशकों के संघर्ष के बाद विदेशी यात्रियों के लिए खुलने वाला एक भूला हुआ स्वर्ग बताया गया है। बेरेनिस डेब्रास ने तलहटी में शांति के स्वर्ग के रूप में चित्रित किया है।



पर्यटक गार्डन को भी नजदीक से निहारने की चाहत रखते हैं।

## खबर संक्षेप

### खराब मौसम के कारण नड्डा का जम्मू दौरा रद्द



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का रविवार का प्रस्तावित जम्मू दौरा खराब मौसम के कारण रद्द हो गया है। लो विजिबिलिटी के कारण नड्डा का जहाजलैंड नहीं हो सका। इस दौरे को रद्द करने का फैसला किया गया है। यहां नड्डा 51 फीसदी वोट हासिल करने की जुगत में हैं।

### भरूच लोकसभा से जेल में बंद चैतर आप प्रत्याशी



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले आप सक्रिय नजर आ रही है। दो दिन के लिए गुजरात दौरे पर पहुंचे अरविंद केजरीवाल ने ऐलान किया कि भरूच लोकसभा सीट से चैतर वसावा को पार्टी अपना उम्मीदवार बनाएगी। चैतर फिलहाल जेल में है। केजरीवाल ने कहा कि अगर उन्हें बेल नहीं मिली तो वे जेल से ही चुनाव लड़ेंगे।

### टीएमसी नेता सत्येन की गोली मारकर हत्या



**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव की आहट के साथ ही पश्चिम बंगाल में फिर से हिंसा का खूनी खेल शुरू हो गया है। रविवार को दिनदहाड़े एक टीएमसी नेता, जिला महासचिव सत्येन चौधरी की हत्या कर दी गई। घटना मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर की है। वे कभी अधीररंजन चौधरी के करीबी थे।

### 'धर्म बदल सकते हैं लेकिन पूर्वज नहीं'



**वाराणसी।** वाराणसी में मुस्लिम महिलाओं के कल्याण के लिए काम करने वाला अपना मुस्लिम महिला फाउंडेशन चलाने वाली सामाजिक कार्यकर्ता नाजनीन अंसारी काफी खुश हैं। इस बीच नजमा हेपतुल्ला ने कहा कि हम धर्म बदल सकते हैं लेकिन पूर्वज नहीं।

### कल्पना बन सकती हैं झारखंड की सीएम



**रांची।** झारखंड सीएम हेमंत सोरेन ईडी की जांच का सामना कर रहे हैं। बीते दिनों सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक विधायक ने अपने पद से इस्तीफा दिया था। सीएम हेमंत सोरेन इस्तीफा दे सकते हैं। उनकी पत्नी कल्पना सोरेन नई सीएम बन सकती हैं। सोरेन की बहन के बयान ने भी इसे और हवा दे दी है।

## खरगे की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# खत्म-पर्ची खत्म'..! 'जितनी पर्ची लाए थे वे ख़त्म हो गईं'



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में अब कम ही समय रह गया है। सभी दल तैयारियों में व्यस्त हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पीएम मोदी की लक्षद्वीप वाली तस्वीरों पर निशाना साधा है। साथ ही राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की रूपरेखा बताई।

खरगे ने सभी सवालों के जवाब देने के बाद जैसे ही जाने लगे तो कुछ पत्रकारों के सवाल अधूरी रह गए। जैसे ही जयराम रमेश, खरगे और वेणुगोपाल उठने लगे तो कुछ लोगों की आवाज आई की जयराम जी की पर्ची खत्म हो गई है। इस बीच फिर भी कुछ लोग लगातार सवाल पूछते रहे।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा पूर्व से पश्चिम तक

खरगे ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा का जिक्र करते हुए कहा लोगों तक पहुंचने के लिए हमारी पार्टी भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालने जा रही है। जो पूर्व से लेकर पश्चिम तक चलेगी। खरगे ने कहा कि हमने लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का संसद के माध्यम से भी प्रयास किया, लेकिन अगर संसद में चुप रहो तो दिक्कत और अगर कुछ बोलो तो हमें निष्कासित कर दिया जाता है।

### कांग्रेस-आप के बीच आज सीट शेयरिंग पर होगी बात



लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन के तहत सीट शेयरिंग को लेकर अब तमाम विपक्षी पार्टियां सक्रिय हो गई हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस और आप के बीच सोमवार को एक अहम बैठक होने वाली है जहां सीट शेयरिंग के मुद्दे पर अहम चर्चा होगी। यह जानकारी कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने दी है। दोनों के बीच दिल्ली और पंजाब में सीट बंटवारे को लेकर खास तौर पर बातचीत होनी है।

## लोकसभा चुनाव 2024 का 13 जनवरी से करेंगे शंखनाद

# बिहार के बेतिया में रैली करके पीएम करेंगे चुनावी अभियान की शुरुआत

भाजपा का विशेष ध्यान 40 सीटों वाले बिहार पर है। यही वजह है कि पीएम नरेंद्र मोदी का बिहार पर ज्यादा ध्यान है। भाजपा की कोशिश ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने पर है, क्योंकि वह अकेले ही लड़ेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा का विशेष ध्यान 40 सीटों वाले बिहार पर है। यही वजह है कि पीएम नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को बिहार के बेतिया में रैली कर अपने चुनावी अभियान का आगाज करेंगे।

भाजपा के अनुसार पीएम मोदी बेतिया शहर के रमन मैदान में रैली करने वाले हैं। यात्रा के दौरान पीएम मोदी कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ये परियोजनाएं सड़क और पुल निर्माण से जुड़ी हैं। भाजपा की कोशिश है कि बिहार के सभी 40 सीटों पर जीत मिले।

इसके लिए पार्टी पूरी ताकत लगाएगी। जनवरी- फरवरी में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य भाजपा नेता बिहार में रैलियां करेंगे। इसके बाद वहां के कई शहरों में रैलियां भी आयोजित करने का कार्यक्रम है। ज्ञात हो कि इस बार जेडीयू- भाजपा का गठबंधन अभी नहीं हुआ है।

### विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन-शिलान्यास

- पीएम मोदी बेतिया शहर के रमन मैदान में रैली करेंगे
- इसके बाद भाजपा के शीर्ष नेता भी यहां जोर लगाएंगे



### 15 जनवरी के बाद करेंगे प्रमुख रैलियां

प्रमुख रैलियां 15 जनवरी के बाद होने की उम्मीद है। उस वक्त चुनाव प्रचार प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे। नरेंद्र मोदी बेगुसराय, बेतिया और औरंगाबाद में रैली करेंगे। अमित शाह सीतामढ़ी, मधेपुरा और नालंदा में सभा कर सकते हैं। जेपी नड्डा बिहार के सीमांचल और पूर्वी क्षेत्र में रैलियां कर सकते हैं।

### बिहार में होगी एनडीए और 'इंडिया' के बीच टक्कर

बिहार में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच चुनावी टक्कर होने वाली है। भाजपा अभी विपक्ष में है। वहीं, जदयू, राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों के महागठबंधन की सरकार है। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया में जदयू, राजद और कांग्रेस शामिल हैं।

### गीताबेन का 'श्री राम घर आए' के कायल हुए पीएम



अयोध्या में प्रभु श्री राम के दिव्य-भव्य मंदिर में राम लला के आगमन का इंतजार खत्म होने वाला है। देशभर के मेरे परिवारजनों को उनकी प्राण-प्रतिष्ठा की बेसब्री से प्रतीक्षा है। इस बीच पीएम ने कहा कि उनके स्वागत में गीताबेन रबारी जी का ये भजन भावविभोर करने वाला है।

### जयपुर में भाजपा की बैठक

### पीएम मोदी का 'टास्क' पूरा करने का प्रयास

पीएम मोदी ने विधायक, पदाधिकारी और मोर्चा अध्यक्षों के लिए कुछ टास्क दिए हैं। इन टास्क को पूरा करने की दिशा में पार्टी ने काम शुरू कर दिया है। शनिवार को भाजपा कार्यालय पर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित कुछ चुनिंदा नेताओं के बीच वार्ता हुई। प्रदेशाध्यक्ष, संगठन महामंत्री और संघ से जुड़े कुछ लोग जयपुर में एक गुप्त जगह पर बैठक की। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भी कुछ मुद्दों पर बैठक में चर्चा की। बैठक में संघ से जुड़े लोग भी मौजूद रहे। राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार सुबह पीएम से राज्य के विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की। राज्यपाल ने पीएम को गणेश की प्रतीकात्मक स्मृति चिन्ह और पारंपरिक एक शॉल भेंट की।

## बॉम्बे हाईकोर्ट का अहम फैसला

# तलाक के बाद शादी की तो भी पूर्व पत्नी को देना होगा 'भत्ता'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के अधिकार से जुड़ा एक अहम फैसला सुनाया है।

तलाक के बाद गुजारा भत्ते से जुड़े एक मामले में जस्टिस राजेश पाटिल ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला अपने पूर्व पति से बिना किसी शर्त के रख-रखाव, भरण-पोषण का हक रखती है। चाहे उसके पति ने दूसरी शादी ही क्यों न कर ली हो।उन्होंने कानून का हवाला दिया।

### भरण-पोषण में असमर्थ तो हकदार



कोर्ट ने पहले भी कहा है कि पत्नी और कुछ ऐसे दूसरे रिश्तेदारों को गुजारा भत्ता देने का प्रावधान है, जो अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं।

### इससे पहले भी आ चुका ऐसा मामला

इससे पहले भी बॉम्बे हाईकोर्ट के सामने ऐसा आदेश आया था जहां 2012 में नासिक में एक महिला ने गुजारा भत्ता के लिए याचिका दायर की थी। इस मामले में येओला के प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट ने जनवरी 2015 में फैसला सुनाया और महिला को 2500 रुपए महीने गुजारा भत्ता देने का फैसला दिया था।

## पीएमओ का अधिकारी बताने वाले मयंक के खिलाफ आरोप पत्र



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मयंक तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। उसने खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का अधिकारी बताया था और इंदौर में एक अस्पताल पर बकाया 16 करोड़ न लेने के लिए प्रवर्तकों पर दबाव बनाया था। सीबीआई ने दिल्ली की एक विशेष अदालत में पहला आरोप पत्र दायर किया। सीबीआई ने तिवारी के अहमदाबाद स्थित परिसरों की तलाशी ली थी।

## एक लाख लड्डू अयोध्या भेजेगा तिरुमाला





**तिरुमाला।** टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी एवी धर्म रेड्डी ने कहा कि भगवान वेंकटेश्वर और भगवान राम महा विष्णु के अवतार हैं। उन्होंने कहा कि पूरा देश अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। हम वहां भक्तों को तिरुपति लड्डू प्रसादम वितरित करेंगे। उन्होंने कहा, हम एक लाख लड्डू उद्घाटन के अवसर पर वहां भेजेंगे।

## अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां अंतिम चरण में

# दिनभर श्रद्धालु करेंगे दर्शन तो रात में ही करना होगा अधूरा काम

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां और तेज हो गई हैं। मुख्य कार्यक्रम 22 जनवरी को होगा, लेकिन 16 जनवरी से ही दूसरे अनुष्ठान, भजन-कीर्तन शुरू होंगे।

रविवार को अयोध्या राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने श्रीराम जन्मभूमि परिसर का दौरा कर तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा, मैंने यहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया है। यहां तैयारियां अंतिम चरण में हैं। काम भले ही चल रहा हो, लेकिन ये काम हम रात में करेंगे, ताकि भक्तों को असुविधा न हो।

### नृपेंद्र ने किया निरीक्षण, बताया प्राण प्रतिष्ठा के बाद की पूरी योजना



### 8,000 लोगों को किया आमंत्रित

मिश्रा ने कहा मैंने यहां मंदिर मार्ग की तैयारी, मंदिर मार्ग पर लगे गेट, श्रद्धालुओं के लिए बनाई गई कैनोपी आदि का जायजा लिया। 31 दिसंबर 2024 को राम मंदिर निर्माण से जुड़े सभी तरह के कार्य को पूरा करने की डेडलाइन तय की गई है। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए 8,000 से ज्यादा विशिष्ट लोग, संत-संत आमंत्रित हैं।

### 15-22 जनवरी तक मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन

अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से पहले यूपी के सभी जिलों में भगवान राम, भगवान हनुमान और महर्षि वाल्मीकि के मंदिरों में रामायण पाठ, भजन, कीर्तन आदि का आयोजन किया जाएगा। सभी जिलों में जिला प्रशासन को भी इसके लिए निर्देश दिए गए हैं। 15 जनवरी को मकर संक्रांति से लेकर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन तक यह रामायण पाठ, भजन, कीर्तन आदि चलते रहेंगे।

### यूपीएसएसएफ संभालेगी राम मंदिर की सुरक्षा

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से लेकर के राम मंदिर और अयोध्या में बने अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश में यूपीएसएसएफ करेगी। उत्तर प्रदेश स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स 2020 में कैबिनेट में प्रस्ताव पास होने के बाद बनी थी और पिछले 2 साल से यूपीएसएसएफ अलग-अलग जगह पर सुरक्षा की जिम्मेदारी उठा रही है। अयोध्या का एयरपोर्ट पहला ऐसा एयरपोर्ट है जहां पर अभी सिर्फ यूपीएसएसएफ कड़ी सुरक्षा दे रही है।

## उत्तर भारत में बदलेगा मौसम

# सर्दी के बीच होगी बारिश ओले गिरने की संभावना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश, दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठिठुरन बढ़ी है। कोहरे का कहर भी कम नहीं हो रहा है।



मौसम विभाग ने सोमवार से यूपी समेत पूरे उत्तर भारत में मौसम के मिजाज में बदलाव का पूर्वानुमान जारी किया है। उत्तर पश्चिम भारत में 24 घंटे के दौरान घने से बहुत घना कोहरा छाया रहने का अनुमान है। मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान के इलाकों में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है।

### कई राज्यों में होगी बारिश

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ आदि में बारिश की संभावना जताई है। ठंड के बीच बारिश होने की वजह से लोगों की परेशानी और बढ़ सकती है और इसी वजह से उन्हें ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है।

# कर्ज महंगा हुआ तो इसका असर यात्री वाहनों की बिक्री पर पड़ेगा

## मारुति के अधिकारी ने कहा, उद्योग एक अंकीय वृद्धि के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक यदि आगे चलकर प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती नहीं करता है, तो वाहन कर्ज और महंगा हो सकता है, जिसका सीधा असर यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री पर पड़ेगा। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने यह बात कही है। श्रीवास्तव ने कहा कि इस साल उद्योग एक अंकीय वृद्धि के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि 2023 में रिकॉर्ड 41.08 लाख इकाइयों के ऊंचे आधार के चलते यात्री वाहनों की बिक्री वृद्धि एक अंक में रह सकती है। श्रीवास्तव ने कहा कि देश की कुल आर्थिक वृद्धि एक सकारात्मक कारक है।

■ 2023 में रिकॉर्ड 41.08 लाख इकाइयों की बिक्री हुई

### 2023 में वृद्धि 8.3 प्रतिशत रही

इस आधार पर लगातार वृद्धि हासिल करना कुछ मुश्किल है। हमने देखा कि 2021 में वृद्धि लगभग 27 प्रतिशत थी, 2022 में यह 23 प्रतिशत थी। 2023 में यह 8.3 प्रतिशत है। इसलिए मेरा अनुमान है कि इस साल वृद्धि एक अंक में रहेगी। श्रीवास्तव ने कहा कि वाहन कर्ज की दरों में संभावित बढ़ोतरी भविष्य की मांग को प्रभावित कर सकती है।



### अर्थव्यवस्था की वृद्धि पर वृद्धि निर्भर

श्रीवास्तव ने कहा, 'वाहन उद्योग की वृद्धि काफी हद तक कुल अर्थव्यवस्था की वृद्धि पर निर्भर करती है। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6-6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। दोनों के बीच अधिक जुड़ाव होता है... इसलिए यह एक सकारात्मक पक्ष है।' उन्होंने कहा, हम पहुंच ऊंचे 'आधार' पर पहुंच गए है।

### पिछले साल ढ़ाई प्रतिशत वृद्धि हुई है

पिछले साल से रेपो दर में ढाई प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बढ़ोतरी को अभी पूरी तरह खुदरा स्तर पर स्थानांतरित नहीं किया गया है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि आवास ऋण में फ्लोटिंग दरों की वजह से रेपो दर में वृद्धि तुरंत खुदरा ऋण दरों में आती है।

### 98 फीसदी कर्ज फिक्स्ड दरों पर होता है

वाहन ऋण के मामले में लगभग 98 प्रतिशत कर्ज निश्चित या फिक्स्ड दरों पर होता है। श्रीवास्तव ने कहा कि अबतक रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी में से 1.3 प्रतिशत खुदरा वाहन कर्ज में आया है। यदि इस साल नीतिगत दर में कटौती नहीं होती है, तो वाहन कर्ज 1.2 प्रतिशत और महंगा हो सकता है।

*अन्य कारक बिक्री को प्रभावित करेंगे*

*अधिकारी ने कहा कि ब्याज दर में संभावित वृद्धि के अलावा जो अन्य कारक यात्रा वाहन की बिक्री को प्रभावित कर सकती है, उनमें दबी मांग का समाप्त होना और विनिर्माताओं द्वारा 2023 की समाप्ति से पहले स्टॉक में किया गया 'करेक्शन' शामिल है।*

## खबर संक्षेप

### कल्याण ज्वैलर्स 250वीं दुकान अयोध्या में खोलेगी





**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेता कल्याण ज्वैलर्स चालू वित्त वर्ष की अंतिम (मार्च) तिमाही में अपनी 250वीं दुकान उत्तर प्रदेश के अयोध्या में खोलेगी। भारत और पश्चिम एशिया में 30 नई दुकानें खुलने की है।भारत में 15 'कल्याण' दुकानें, पश्चिम एशिया में दो 'कल्याण' दुकानें और 13 'कैंडेयर' दुकानें खोलने की योजना है।

### सभी तेल-तिलहन कीमतों में रहा सुधार का रुख



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह विदेशी बाजारों में सोयाबीन डीगम और कच्चे पामतेल (सीपीओ) के दाम में आई मजबूती के बीच देश के तेल-तिलहन बाजारों में लगभग सभी तेल-तिलहनों (सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल, पामोलीन दिल्ली एवं एक्स-कांडला तथा बिनौला तेल) के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए।

### पूंजीकरण में सबसे अधिक नुकसान में टीसीएस रही




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 57,408.22 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान टीसीएस और एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 214.11 अंक या 0.29 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

## भारत कम खपत वृद्धि की चुनौती का सामना कर रहा

# खपत बढ़ाने के लिए महंगाई को नीचे लाना जरूरी : इंडिया रेटिंग्स

■ मुद्रास्फीति नीचे आने से लोगों के हाथ में खर्च करने के लिए अधिक पैसा होगा

■ निचले स्तर के लोगों का वेतन उसी गति से नहीं बढ़ रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था कम खपत वृद्धि की चुनौती का सामना कर रही है, क्योंकि उच्च मुद्रास्फीति निम्न आय वर्ग के लोगों को प्रभावित कर रही है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र कुमार पंत ने यह बात कही है।

पंत ने कहा, 'हालांकि, देश की अर्थव्यवस्था अब सामान्य से कम मानसून और उच्च वैश्विक तेल कीमतों के दोहरे झटके से निपटने की जुझारू क्षमता रखती है, लेकिन चुनौती मुद्रास्फीति को नीचे लाने की है, ताकि लोगों के हाथ में खर्च के लिए अधिक पैसा हो।'

अर्थशास्त्री ने कहा कि मुद्रास्फीति में एक प्रतिशत अंक की कमी से सकल घरेलू उत्पाद में 0.64 प्रतिशत की वृद्धि होगी या पीएफसीई (निजी अंतिम उपभोग व्यय) में 1.12 प्रतिशत अंक की वृद्धि होगी... यदि मुद्रास्फीति को एक प्रतिशत अंक तक कम किया जा सकता है, तो यह सभी के लिए जीत की स्थिति होगी। पीएफसीई व्यक्तियों द्वारा व्यक्तिगत उपभोग के लिए वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च को दर्शाता है।

### आर्थिक वृद्धि सरकारी खर्च से आगे बढ़ती है

वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स की अनुषंगी कंपनी इंड-रा के अनुमान के मुताबिक, पीएफसीई चालू वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह वृद्धि 7.5 प्रतिशत थी। पंत ने कहा कि आर्थिक वृद्धि सरकारी खर्च से आगे बढ़ती है।



### खाद्य कीमतों में वृद्धि से महंगाई बढ़ी

नवंबर में खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति बढ़कर तीन महीने के उच्चस्तर 5.55 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जिसका मुख्य कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि है।

### निजी कंपनियों का निवेश जरूरी

साल-दर-साल आधार पर लगातार खर्च के ऊंचे स्तर से राजकोषीय घाटे और ऋण के लिए जोखिम पैदा होता है, जिसके चलते ब्याज दरें ऊंची रहेंगी। 'जबतक निजी कंपनियों का निवेश शुरू नहीं होता और सरकार अपने द्वारा किए जा रहे कुछ निवेश को वापस नहीं लेती है, तबतक अर्थव्यवस्था में स्थिर वृद्धि की राह नहीं पकड़ेगी।'

*50 फीसदी को अधिक मुद्रास्फीति का सामना करना पड़ रहा : पंत ने कहा, 'हमने एक अध्ययन किया है और पाया है कि निचले 50 प्रतिशत वर्ग के लोगों को शीर्ष 50 प्रतिशत आबादी के लोगों की तुलना में अधिक मुद्रास्फीति का सामना करना पड़ता है। मुख्य रूप से निचले हिस्से के लोगों द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें ऊपरी स्तर द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की तुलना में तेजी से बढ़ रही हैं।'*

India Ratings & Research
A Fitch Group Company

### भारत में दो प्रकार के आयवर्ग वाले

वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। सरकार का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहेगी। पंत ने कहा कि आय वर्ग के मामले में भारत दो प्रकार के हैं - एक उच्च आय वर्ग के लोग और दूसरे निम्न आय वर्ग के लोग। 'पिरामिड' के निचले स्तर के लोगों का वेतन उसी गति से नहीं बढ़ रहा है जिस गति से संगठित क्षेत्र के लोगों या ऊपरी स्तर के लोगों का बढ़ रहा है।

# निवेश बैंकरों की शुल्क आय रिकॉर्ड 1.3 अरब डॉलर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



निवेश बैंकरों की शुल्क आय 2023 में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर के नए शिखर पर पहुंच गई। एलएसईजी डील्स इंटेलिजेंस (पुराना नाम रिफिनिटव) द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2023 में अनुमानित शुल्क 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यह 2022 की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है। वहीं 2000 से दर्ज किए जा रहे इन आंकड़ों में यह अबतक का सबसे ऊंचा आकंड़ा है। उच्च इक्विटी और बॉन्ड बिक्री की वजह से निवेश बैंकरों की आय बढ़ी है।

■ 2023 में सालाना आधार पर 28 फीसदी बढ़ी

एजेंसी के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक 10.27 करोड़ अमेरिकी डॉलर के संग्रह के साथ निवेश बैंकिंग शुल्क हासिल करने में शीर्ष पर रहा। यह देश के कुल निवेश बैंकिंग शुल्क का 7.7 प्रतिशत है। दूसरा सबसे बड़ा शुल्क स्त्रोत इक्विटी पूंजी बाजार (ईसीएम) 'अंडरराइटिंग' से रहा। यह 2023 में 68 प्रतिशत बढ़कर 34.35 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

ईसीएम गतिविधियों में 2023 में 31.2 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए गए। यह 2022 की तुलना में यह 59.6 प्रतिशत अधिक है। वहीं 2021 के बाद से सर्वाधिक है। ईसीएम पेशकशों की संख्या में भी सालाना आधार पर 48.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई।

Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
In the Court of Sh. Surinder S. Rathi, District Judge (Commercial Court-03) at Room No. 303, Shahdara District, Karkardooma Court, Delhi
Case Reg. No.: CS(COMM) No. 572/2023
M/s. Suresh Apparels through Sh. Bharat Jain (Partner)......Plaintiff
Against Sh. Siddhant Kumar Sadh Prop. of M/s. Fashinhub Exports....Defendants
To,
Sh. Siddhant Kumar Sadh Prop. of M/s. Fashionhub Exports, 2/62, 2nd Floor, School Wali Gali, East Azad Nagar, Delhi -110051
Whereas you are intentionally evading service of summons. It is hereby notified that if you shall not defend the case on 29.01.2024 the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and seal of the court this 03.01.2024.
Seal District Judge (Comm Court-03) Shahdara, Karkardooma Court, Delhi

### गोदरेज की रसायन इकाई गुजरात में करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड की रसायन इकाई ने गुजरात के वलसाड में क्षमता विस्तार के लिए अगले चार साल में 600 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है।

### ग्रामीण स्टार्टअप के लिए बेहतर आपूर्ति श्रृंखला जरूरी

नई दिल्ली। ग्रामीण स्टार्टअप अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नए कार्यक्रमों के वास्ते मजबूत आधार तैयार रहे हैं, क्योंकि जमीनी स्तर के उद्यमी को सुव्यवस्थित आपूर्ति श्रृंखला, सब्सिडी, बेहतर बुनियादी ढांचे और कोष तक आसान पहुंच की दरकार हैं। बजट तथा लोकसभा चुनाव के नजदीक आने पर स्टार्टअप को उम्मीद है कि सरकार विभिन्न मुद्दों पर ध्यान देगी। हालांकि , पिछले कुछ साल में विभिन्न नीतिगत बदलावों से उनके समग्र प्रदर्शन में सुधार हुआ है। क्रिनी स्पाइसेज के संस्थापक प्रदीप कुमार यादव ने कहा, "भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को पुराने उपकरण, अप्रभावी आपूर्ति श्रृंखला, खराब बुनियादी ढांचे और सीमित वित्त उपलब्धता जैसी कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### एफएमसीजी कंपनियों को एकल अंक वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** दैनिक उपभोग का सामान बनाने वाली अग्रणी कंपनियां अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर एक अंकीय वृद्धि की उम्मीद कर रही हैं। तिमाही आधार पर उपभोक्ता मांग में सुधार हुआ है, जिसके चलते एफएमसीजी कंपनियों को अक्टूबर-दिसंबर में निम्न से मध्य एक अंकीय वृद्धि की उम्मीद है। डाबर, मैरिको और गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स जैसी प्रमुख सूचीबद्ध कंपनियों ने अपने तिमाही आंकड़ों को जारी करते हुए कहा है कि ग्रामीण बाजार में उपभोक्ता मांग कम रही है। कंपनियां धीरे-धीरे बढ़ोतरी को लेकर आशान्वित हैं।

# रिलायंस-ब्रुकफील्ड के साथ मिलकर खोलेगी डेटा सेंटर

■ साझेदारी में अगले सप्ताह चेन्नई में एक डेटा सेंटर खोलेगी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



उद्योगपति मुकेश अंबानी ने रविवार को कहा कि उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज कनाडा की ब्रुकफील्ड के साथ साझेदारी में अगले सप्ताह चेन्नई में एक डेटा सेंटर खोलेगी। रिलायंस ने पिछले साल जुलाई में एक मौजूदा संयुक्त उद्यम में प्रवेश करने के लिए करीब 378 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जिसमें ब्रुकफील्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर और अमेरिका के रियल्टी एस्टेट निवेश ट्रस्ट डिजिटल रियल्टी पहले से ही भागीदार थे। इन तीनों की इस उद्यम में 33-33 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। 'तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट' में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि उनका समूह नवीकरणीय ऊर्जा तथा हरित हाइड्रोजन के साथ-साथ राज्य में एक डेटा सेंटर स्थापित करने में भी निवेश कर रहा है। अंबानी ने कहा कि रिलायंस ने अत्याधुनिक डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए कनाडा की ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट और अमेरिका स्थित डिजिटल रियल्टी के साथ साझेदारी की है। डेटा सेंटर अगले सप्ताह खोला जाएगा। भारतीय डेटा सेंटर बाजार हाल के महीनों में गौतम अडाणी के अडाणी समूह और सुनील मित्तल की भारती एयरटेल लिमिटेड के बाद अब रिलायंस के प्रवेश के साथ गर्मा गया है। इसके सालाना 40 प्रतिशत की दर से बढ़ने और 2025 तक पांच अरब डॉलर का निवेश आकर्षित करने की उम्मीद है।

## राशिफल

**मेष** — आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार–चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार–चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग–दौड़ भी अधिक रहेगी।

# जोमेटो समेट रही दुनिया से कारोबार एक साल में बंद की 10 अनुषंगी कंपनिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमेटो ने सारी दुनिया से अपना कारोबार समेट लिया है। कंपनी ने पूरा फोकस सिर्फ भारत पर लगाने का फैसला किया है। जोमेटो ने पिछले एक साल में वियतनाम और पोलैंड समेत दुनियाभर में फैली अपनी 10 सब्सिडरी कंपनियों को बेच दिया है। गुरुग्राम स्थित जोमेटो ने मार्च, 2023 से लेकर अब तक 10 कंपनियों को बेच दिया है। कंपनी ने इसी हफ्ते स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया कि जोमेटो वियतनाम कंपनी लिमिटेड और पोलैंड के ऑनलाइन डिलीवरी प्लेटफॉर्म गेस्ट्रोनोची को बेचने का फैसला लिया गया है। यह फैसला कॉस्ट कटिंग के चलते लिया गया। इसके साथ ही जोमेटो ने 10 देशों में कारोबार बंद कर दिया है। लगभग सभी मार्केट से बाहर निकलने के बावजूद जोमेटो अभी भी इंडोनेशिया, श्री लंका और यूएई में कारोबार चला रही है। कंपनी ने कहा कि इन सब्सिडरी को बंद किए जाने के बावजूद उसके कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। विदेशी बाजारों में कंपनी का एक्टिव बिजनेस ऑपरेशंस नहीं था। वित्तीय वर्ष 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, जोमेटो के पास 16 सब्सिडरी, 12 स्टेप डाउन सब्सिडरी और एक एसोसिएट कंपनी थी। इनमें जोमेटो पेमेंट्स, ब्लिंकिट कॉमर्स और जोमेटो फाइनेंशियल सर्विसेज शामिल थीं। कंपनी को चालू वित्त वर्ष की पहली दो तिमाही में शुद्ध लाभ हुआ है। उसने जून तिमाही में 2 करोड़ रुपए और सितंबर तिमाही में 36 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी का रेवेन्यू 71 फीसदी बढ़कर 2,848 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है।

**सूचना**

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**

DISTRICT CONSUMER DISPUTES REDRESSAL COMMISSION,
THANE ADDITIONAL
Room no. 428 and 429, Konkan Bhavan Annex Building,
4th Floor, C.B.D. Belapur, Navi Mumbai 400 614
Under the Consumer Protection Act, 2019
Execution Application No. 23/25
IN
RBT/CC/18/330
Outward No. TH/ADD/DCDRC/43
Date: 04 JAN 2024
1 MRS PRAMILLA ALLAN REBELLO, 2.MRS. SUJATA MURLI KONERU
..Petitioner/Complainant/Appellant
Versus
1.USHA (INDIA) LTD. AND ORS .....Opposite Party/Respondent(s)
To
Opposite Party / Respondent Name:
1.1/4. NEERAJ KUMAR
at-2/382 A, Ward No. 19, Shiv Durga Vihar
Lakkarpur, Faridabad - 121009 Haryana, India
NOTICE
Public Notice under Section 71 of Consumer Protection Act, 2019
As opposite party/parties has/have not complied with the order passed by the Hon'ble District Commission, the above mentioned Execution Application has been filed against them under Section 71 of the Consumer Protection Act, 2019 before this Commission. The notices sent to the opposite party/parties was/ were not received by them/ unreachable due to change in address by them.
Therefore, as per request of the executant; opposite party/ parties is/are notified through this public notice to appear before this Commission on Dated 12 Feb 2024 at 10.30 a.m. at above mentioned address of commission, in person or through their advocate/authorized representative to give their written reply. If they do not appear in person or through their advocate/authorized representative and not file their reply on the above mentioned date, the commission has all rights and powers to pass unilateral order against them
(As per order of District Consumer Disputes Redressal Commission, Thane Additional)
Place : Navi Mumbai
Date : 4 January 2024
SEAL
(U.S.Chavan)
Registrar,
District Consumer Dispute Redressal Commission,
Thane Additional


## शब्द पहेली - 5388



**बाएँ से दाए-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

### शब्द पहेली - 5387 का हल



## सूडोकु नवताल- 5398

✱✱✱✱☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5397 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# रणजी ट्रॉफी : पुजारा ने प्रथम श्रेणी में ठोका 17वां दोहरा शतक, 258 मैच में बनाए 19812 रन

एजेंसी ▸▸| राजकोट

रणजी ट्रॉफी 2024 के पहले चरण में चेतेश्वर पुजारा ने शानदार बल्लेबाजी की है। सीजन के पहले मैच में ही उन्होंने दोहरा शतक जड़ा दिया है। उन्होंने झारखंड के खिलाफ 356 गेंद में नाबाद 243 रन बनाए। यह रणजी ट्रॉफी में उनका आठवां दोहरा शतक है। अब वह इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा दोहरे शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अब उनसे आगे नौ दोहरे शतक लगाने वाले पारस डोगरा हैं।

पुजारा अब 17 प्रथम श्रेणी दोहरे शतक के साथ हर्बर्ट सटक्लिफ और मार्क रामप्रकाश की बराबरी पर हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे ज्यादा दोहरे शतक लगाने के मामले में डॉन ब्रैडमैन (37), वैली हैमंड (36) और पैट्सी हेंड्रेन (22) के बाद चेतेश्वर पुजारा का नाम है। पुजारा के नाम तीन प्रथम श्रेणी तिहरे शतक भी हैं, जिनमें से आखिरी अक्टूबर 2013 में वेस्टइंडीज ए के खिलाफ आया था।



356 गेंद में बनाए नाबाद 243 रन

### पुजारा ने लक्ष्मण को पछाड़ा

पुजारा ने इस पारी के दौरान कुछ बड़े रिकॉर्ड्स बनाए। पुजारा अब फर्स्ट क्लास क्रिकेट में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बन गए हैं। पुजारा (19812 रन) ने वीवीएस लक्ष्मण को पछाड़ दिया, जिनके फर्स्ट क्लास कॅरियर में 19730 रन थे। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सुनील गावस्कर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय हैं। गावस्कर ने 348 फर्स्ट क्लास मैचों में 51.46 की औसत से 25834 रन बनाए, जिसमें 81 शतक और 105 अर्धशतक शामिल रहे। वहीं सचिन ने 310 फर्स्ट क्लास मैच खेलकर 57.84 की औसत से 25396 रन बनाए। सचिन के नाम पर फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 81 शतक और 116 अर्धशतक दर्ज हैं। राहुल द्रविड़ 23794 रनों के साथ इस मामले में तीसरे स्थान पर हैं।



### दोहरे शतकवीर

| खिलाड़ी | दोहरा शतक |
|---|---|
| डॉन ब्रैडमैन | 37 |
| वैली हैमंड | 36 |
| पैट्सी हेंड्रेन | 22 |
| चेतेश्वर पुजारा | 17* |
| हर्बर्ट सटक्लिफ | 17 |
| मार्क रामप्रकाश | 17 |

### सौराष्ट्र ने बनाई 436 रनों की बड़ी लीड

पुजारा की शानदार पारी के दम पर सौराष्ट्र ने अपनी पहली पारी 578/4 रनों के स्कोर पर घोषित कर दी। झारखंड ने अपनी पहली पारी में 142 रन बनाए थे, यानी सौराष्ट्र को 436 रनों की बड़ी लीड मिली है।

### फर्स्ट क्लास में 61 शतक

*पुजारा ने अबतक 258 फर्स्ट क्लास मैचों में 19812 रन बनाए हैं। पुजारा ने इस दौरान 61 शतक और 77 अर्धशतक लगाए हैं। पुजारा का टेस्ट कॅरियर काफी शानदार रहा है। 35 वर्षीय पुजारा अब तक 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत से 7195 रन बना चुके हैं।*

### टीम इंडिया के लिए किया दावा

*पुजारा ने इस पारी के साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया में अपनी वापसी दावा मजबूत कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों ने खासा निराश किया था। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में इन दोनों खिलाड़ियों की जगह चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया जा सकता है। पांच टेस्ट की यह सीरीज 25 जनवरी से शुरू होगी। पुजारा ने आखिरी टेस्ट जून में द ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेला था, जिसमें उन्होंने 14 और 27 रन बनाए थे।*

## खबर संक्षेप



### अभ्यास मैच खेलेंगे नीदरलैंड, नामीबिया

**जोहानिसबर्ग।** नीदरलैंड और नामीबिया की टीमें इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के सिलसिले में दक्षिण अफ्रीका के टी20 लीग एसए20 की टीमों के साथ अभ्यास मैच खेलेंगे। नीदरलैंड और नामीबिया के खिलाड़ियों को एसए20 में खेलने वाले कई शीर्ष खिलाड़ियों का सामना करने का मौका मिल सकता है। एसए20 लीग बुधवार से शुरू हो रहा है। नीदरलैंड का सामना सनराइजर्स ईस्टर्न केप, पार्ल रॉयल्स और एमआई केपटाउन से होगा, जबकि नामीबिया जोबर्ग सुपर किंग्स के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा।

### शिविर के लिए 41 खिलाड़ियों का चयन

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण परिसर में सोमवार से शुरू होने वाले जूनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए रविवार को 41 सदस्यीय टीम घोषित की। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार खिलाड़ियों का चयन 2023 में घरेलू चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर किया गया। एक महीने तक चलने वाले इस शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को कोच तुषार खांडेकर के पास रिपोर्ट करनी होगी।



### स्पिनर अबरार अहमद पर कार्रवाई करेगा पीसीबी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान चिकित्सा टीम के निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए लेग स्पिनर अबरार अहमद पर कार्रवाई कर सकता है। अबरार तंत्रिका तंत्र से जुड़ी समस्या के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच भी नहीं खेल पाए थे।पाकिस्तान की टीम के चिकित्सक, फिजियो और ट्रेनर से परामर्श लेने के बाद पीसीबी के चिकित्सा पैनल ने बोर्ड के अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट सौंपी है जिसमें कहा गया है कि अबरार ने पिछले साल भारत में खेले गए विश्व कप से ही उपचार प्रक्रिया के प्रति लापरवाही बरती।



### अफरीदी को विश्राम दिया गया था : हफीज

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के निदेशक मोहम्मद हफीज ने कहा कि तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को कार्यभार प्रबंधन के तहत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में विश्राम दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में शनिवार को पाकिस्तान को 8 विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में क्लीनस्वीप किया। हफीज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के बाद कहा, 'हमने शाहीन के कार्यभार को देखते हुए उन्हें विश्राम देने का फैसला किया था।



## टेनिस : फाइनल में सबालेंका को आसानी से 6-0, 6-3 से हराया

# ऐलेना बनी ब्रिस्बेन इंटरनेशनल चैंपियन ग्रिगोर ने 6 साल में जीता पहला खिताब

एजेंसी ▸▸| ब्रिस्बेन

ऐलेना रयाबकिना ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश करते हुए रविवार को यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को सीधे सेटों में हराकर ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त रयाबकिना ने फाइनल में सबालेंका को आसानी से 6-0, 6-3 से हराकर अपने कॅरियर का छठा खिताब जीता तथा ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए अपनी तैयारी का पुख्ता नमूना भी पेश किया।

इससे पहले इन दोनों खिलाड़ियों के बीच जो सात मुकाबले हुए थे उनमें से पांच में सबालेंका ने जीत दर्ज की थी लेकिन रविवार को विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी रयाबकिना के ग्राउंडस्ट्रोक्स का उनके पास कोई जवाब नहीं था।

**सेट : 1**

सबालेंका ने पिछले साल रयाबकिना को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था लेकिन यहां पहले सेट में उन्होंने अपनी तीन सर्विस गंवाई। रयाबकिना ने पहला सेट केवल 24 मिनट में जीता।

**सेट : 2**


रयबाकिना ने दूसरे सेट के तीसरे गेम में अपनी सर्विस गंवाई लेकिन उन्होंने तुरंत ही अगले गेम में ब्रेक प्वाइंट लेकर हिसाब बराबर कर दिया। इसके बाद उन्होंने मैच जीतने में ज्यादा समय नहीं लगाया।



### दिमित्रोव ने रूने को हराया



*पुरुष एकल के फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त होल्गर रूने को 7-6 (5), 6-4 से हराकर छह साल में अपना पहला खिताब जीता। यह मैच दो घंटे 13 मिनट तक चला और केवल एक बार किसी खिलाड़ी की सर्विस टूटी। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दिमित्रोव ने टाइब्रेकर में यह सेट अपने नाम किया। उन्होंने दूसरे सेट के आठवें गेम में रून की सर्विस तोड़कर 4-3 से बढ़त बनाई और फिर अपनी सर्विस पर मैच जीता। विश्व में 14वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव का यह कॅरियर का नौवां और 2017 में एटीपी फाइनल्स के बाद पहला खिताब है।*



### गॉफ ने लगातार दूसरी बार जीता ऑकलैंड क्लासिक का खिताब

*ऑकलैंड। शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके रविवार को यहां फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को हराकर ऑकलैंड टेनिस क्लासिक में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। गॉफ ने स्वितोलिना को 6-7 (4), 6-3, 6-3 से हराया। पूरे सप्ताह में यह पहला अवसर था जबकि गॉफ को तीन सेट तक जूझना पड़ा। वह बिना सेट गंवाए फाइनल में पहुंची थी। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने पिछले साल यहां बिना सेट गंवाए खिताब जीता था। लेकिन इस बार फाइनल में उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। यह मैच दो घंटे 23 मिनट तक चला। गॉफ 2018 और 2019 की चैंपियन जूलिया जॉर्जेस के बाद लगातार ऑकलैंड क्लासिक का खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनीं।*

## टीम इंडिया का ऐलान

# रोहित, कोहली और गिल की टी20 टीम में वापसी



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की आगामी टी20 श्रृंखला के लिए रविवार को घोषित भारतीय टीम में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी हुई है।

इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों ने लगभग 14 महीनों से किसी भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हिस्सा नहीं लिया है। समझा जाता है कि दक्षिण अफ्रीका में चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर से मुलाकात के दौरान दोनों ने खुद को इस प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध बताया था। सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या और ऋतुराज गायकवाड़ को चोट के कारण बाहर रखा गया है। ये सभी अपनी-अपनी चोट से उबरने में नाकाम रहे। 11 जनवरी से शुरू हो रही सीरीज टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से अहम हैं। यह जून में होने जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम की आखिरी बाइलेटरल सीरीज है।रोहित और विराट ने देश के लिए अपना पिछला टी20 मैच 10 नवंबर 2022 को विश्व कप में खेला था।

टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन और रविंद्र जडेजा का नाम नहीं है। भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी को मोहाली में पहला मैच खेलेगी। श्रृंखला का दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः इंदौर और बेंगलुरु में खेला जाएगा।

*भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।*

# रोस ब्रांच ने जीता डकार रैली का पहला चरण



एजेंसी ▸▸| अल हिनाकिया

हीरो मोटोस्पोर्ट्स के राइडर रोस ब्रांच ने डकार रैली के बाइक वर्ग का पहला चरण शनिवार को यहां अपने नाम कर इतिहास रचा।

ब्रांच की इस जीत से भारतीय बाइक निर्माता कंपनी पहली बार डकार रैली में किसी चरण की तालिका के बाद शीर्ष स्थान पर पहुंच गयी। डकार रैली का यह 46वां सत्र है जबकि सऊदी अरब में लगातार पांचवें साल इसका आयोजन हो रहा है। दुनिया के सबसे मुश्किल रैली रेस में से एक डकार रैली के बाइक वर्ग में 136 राइडर ने अल उला से अल हिनाकिया के बीच हुए पहले चरण में भाग लिया। 'हीरो मोटोस्पोर्ट्स' की विज्ञप्ति के मुताबिक 'कलाहेरी फेरारी' के नाम से मशहूर ब्रांच ने पहले चरण के 536 किलोमीटर की रेस को पांच घंटे 13 मिनट और 15 सेकंड में पूरा किया। उन्होंने दूसरे स्थान पर काबिज मॉन्स्टर एनर्जी होंडा टीम के रिकी ब्रैबेक से 11 मिनट 54 सेकंड कम समय लिया।

### स्वियाटेक ने कर्बर को हराया



**सिडनी।** शीर्ष रैंकिंग की टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने रविवार को यहां यूनाइटेड कप फाइनल में एंजेलिक कर्बर के खिलाफ सीधे सेटों में जीत दर्ज करके जर्मनी के खिलाफ पोलैंड की टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली पोलैंड की खिलाड़ी ने 70 मिनट तक चले मुकाबले में कर्बर को 6-3, 6-0 से हराया। इस जीत के साथ ही पोलैंड की टीम ने इस मिश्रित (पुरुष और महिला खिलाड़ियों की संयुक्त टीम) टूर्नामेंट के मैचों में अपने लगातार जीत के रिकॉर्ड को सुधार किया। टीम की यह 12वीं जीत है।

### चोटिल राशिद की जगह पोलार्ड बने एमआई केपटाउन के कप्तान


**केपटाउन।** वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड को रविवार से शुरू होने वाले एसए20 लीग के लिए चोटिल राशिद खान की जगह एमआई केपटाउन का कप्तान नियुक्त किया गया है। एमआई केपटाउन ने पहले अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद को अपना कप्तान नियुक्त किया था लेकिन वह चोट से नहीं उबर पाए हैं। इस फ्रेंचाइजी ने मीडिया को जारी बयान में कहा, 'राशिद खान अभी चोट से उबर रहे हैं और खेलने के लिए उपलब्ध नहीं हैं। एमआई केपटाउन उनके शीघ्र फिट होने की कामना करता है।' राशिद खान को भारत के खिलाफ होने वाली टी20 श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान की टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनके इसमें खेलने की संभावना नहीं है। इस बीच एमआई अमीरात ने वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरण को आईएलटी20 के लिए अपना कप्तान नियुक्त किया।

# रियल मैड्रिड और एटलेटिको ने अंतिम 16 में बनाई जगह

एजेंसी ▸▸| मैड्रिड

रियल मैड्रिड ने चौथे डिविजन के क्लब अरंडिना को आसानी से 3-1 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश किया। मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड ने शुरू से दबदबा बनाए रखा। उसकी तरफ से जोसेलु, ब्राहिम डियाज़ और रोड्रिगो ने गोल किए। अरंडिना की टीम शुरू से जूझती नजर आई।

रियल मैड्रिड के डिफेंडर नाचो फर्नांडीज ने अंतिम क्षणों में आत्मघाती गोल करके उसका खाता खोला। एटलेटिको मैड्रिड भी अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रहा। उसने तीसरे डिविजन के क्लब लूगो को 3-1 से हराया। मेम्फिस डेपे ने एटलेटिको की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दूसरे हाफ में दो गोल किए। उनके अलावा एंजेल कोरिया ने भी एटलेटिको की तरफ से गोल किया। लूगो की तरफ से एकमात्र गोल 39वें मिनट में लिएंड्रो एंटोनेटी ने किया। अन्य मैचों में गिरोना ने एल्ची को 2-0 से, गेटाफे ने एस्पेनयोल को 1-0 से और रेयो वैलेकैनो ने दूसरे डिवीजन के क्लब ह्यूस्का को 2-0 से पराजित किया।



### पुडुचेरी दिल्ली पर बड़ी जीत के करीब

**नई दिल्ली।** मध्यम गति के गेंदबाज अबिन मैथ्यू (30 रन देकर चार विकेट) ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में दिल्ली का शीर्ष क्रम झकझोर दिया जिससे पुडुचेरी बड़ी जीत के करीब खड़ा है। पुडुचेरी ने पहली पारी में 244 रन और दिल्ली ने 148 रन बनाये। पहली पारी के आधार पर 96 रन से पिछड़ रही दिल्ली की दूसरी पारी की शुरुआत काफी चुनौतीपूर्ण रही जिसमें मैथ्यू ने कप्तान यश धुल (23), लक्ष्य थरेजा (24) और हिम्मत सिंह (05) को आउट कर मेजबान टीम का स्कोर छह विकेट पर 84 रन कर दिया। पहली पारी में सात विकेट झटकने वाले गौरव यादव ने 39 रन देकर दो और सौरभ यादव ने 43 रन देकर दो विकेट हासिल किये। दिल्ली के लिए ऋतिक शौकीन ने कुछ देर टिककर खेलते हुए 19 रन जोड़े लेकिन टीम ने स्टंप तक 40 ओवर में आठ विकेट पर 126 रन बनाये।

## वापसी में महज एक टूर्नामेंट में खेलने के बाद लिया फैसला

# राफेल नडाल चोट के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन से हटे

एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

राफेल नडाल ने चोट के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन से हटने का फैसला किया जबकि उन्होंने 12 महीने तक खेल से बाहर रहने के बाद वापसी में केवल एक ही टूर्नामेंट खेला था। नडाल ने कहा कि उन्हें अपने सर्जरी हुए कूल्हे की चिंता है क्योंकि शुक्रवार को ब्रिसबेन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के तीसरे सेट में उन्हें 'मेडिकल टाइम आउट' लेना पड़ा था जिसमें वह जोर्डन थाम्पसन से हार गए थे।

इस 22 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता ने कहा था कि उन्हें शुरू में 'टेंडन मुद्दे' के बजाय यह मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या लगी थी। पिछले साल इसी दौरान उन्हें 'टेंडन' की समस्या से काफी दर्द झेलना पड़ा था। लेकिन उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि मेलबर्न से आने के बाद हुए स्कैन में पता चला है कि उनकी मांसपेशी में एक छोटा सा घाव है और इसके उपचार के लिए वह वापस स्पेन जा रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, 'इस समय मैं उच्चतम स्तर के पांच सेट के मैच में हिस्सा लेने के लिए तैयार नहीं हूं। मैंने इस वापसी के लिए पूरे साल बहुत कड़ी मेहनत की थी और जैसा कि मैंने हमेशा जिक्र किया है कि मेरा लक्ष्य तीन महीनों में अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंचने का है। मेरे लिए दुखद खबर है कि मैं मेलबर्न में दर्शकों के सामने नहीं खेल पाऊंगा, यह बहुत बुरी खबर भी नहीं है क्योंकि हम सत्र के लिए सकारात्मक बने रहेंगे।'



### दो मैच जीते एक हारे

नडाल ने कहा, 'मैं वास्तव में यहां आस्ट्रेलिया में खेलना चाहता था और मुझे कुछ मैच खेलने का मौका मिला जिन्होंने मुझे काफी खुश और सकारात्मक बनाया।' नडाल ने अपने पहले दो प्रतिस्पर्धी मैच जीते जिसमें उन्होंने डोमिनिक थिएम (पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी) और वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाले आस्ट्रेलियाई जेसन कुबलर को हराया। क्वार्टर फाइनल में उन्हें दूसरे सेट में तीन मैच प्वाइंट मिले लेकिन नडाल तीनों गंवा बैठे। आस्ट्रेलियाई ओपन 14 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू होगा।




## बांग्लादेश आम चुनाव

# हिंसा और आगजनी के बीच मतदान खत्म

- वोटों की गिनती जारी नतीजे जल्द आएंगे **1**
- सुबह 8 से 4 बजे तक मतदान, करीब 40 फीसदी **2**
- शुरूआती रुझानों में आवामी लीग आगे **3**
- बांग्लादेश के चुनाव पर दुनियाभर की नजरें टिकी **4**
- वादा : 2041 तक बांग्लादेश बनाएंगे 'स्मार्ट राष्ट्र' **5**
- पूर्व पीएम जिया नजरबंद विपक्ष का बहिष्कार **6**
- मतदान के बाद हसीना ने की भारत की तारीफ **7**

### हिंसा

- बांग्लादेश का चुनाव कार्यक्रम बहुत हिंसात्मक रहा
- 10 जिलों में 17 मतदान केंद्र आग के हवाले
- मतदान केंद्रों पर आगजनी, बूथ जलाए
- ट्रेन में आग से 4 लोगों की मौत, कई घायल



रविवार तड़के बांग्लादेश के कॉक्स बाजार जिले के कुटुपालोंग में एक रोहिंग्या शरणार्थी शिविर में आग लग गई। ये आग कैसे लगी इसका पता नहीं चला है। बता दें कि बांग्लादेश में रविवार को आम चुनाव हुआ है। इससे पहले वहां के 10 जिलों के 16 बूथों पर आगजनी और पथराव की घटनाएं हुई हैं।

पीएम शेख हसीना

मतगणना

## नौसेना प्रमुख बोले- अब समुद्री डकैतों की खैर नहीं

# समुद्री लुटेरों से निपटेंगे भारत के 6 जंगी जहाज, संख्या बढ़ेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

समुद्री सुरक्षा में सख्ती बरतते हुए भारतीय नौसेना ने अरब सागर और अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती और ड्रोन अभियानों को नियंत्रित करने के लिए 6 युद्धपोत तैनात कर दिए हैं। भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बताया कि यह तैनाती उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए एक व्यापक रणनीति हिस्से के रूप में किया गया है। युद्धपोतों की संख्या में बढ़ोतरी करेंगे।



- समुद्री सुरक्षा में तैनात किए 6 युद्धपोत अत्याधुनिक उपकरणों से लैस
- अगर लुटेरे हरकतों से बाज नहीं आए तो किसी भी कीमत में हम छोड़ेंगे नहीं

### युद्धपोतों पर जीपीएस जैमर, करेंगे सतह से हवा में मार

एडमिरल हरि कुमार ने बताया कि कुछ युद्धपोतों पर जीपीएस जैमर,सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली और लेजर जैसे अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। एडमिरल ने कहा कि नौसेना ड्रोन रोधी क्षमताओं से अच्छी तरह सुसज्जित है। हाल ही में सफल ऑपरेशन जिसमें सोमालिया तट से अपहृत जहाज एमवी लीला नोरफोक से 15 भारतीयों को बचाने के नौसेना के अभियान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि नौसेना की त्वरित प्रतिक्रिया और निकासी प्रयासों के परिणामस्वरूप 15 भारतीय नागरिकों सहित सभी 21 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया।

### समुद्री डकैती रोकने सख्त निर्देश

एडमिरल हरि कुमार ने समुद्री डकैती के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए नौसेना अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने भारत सरकार द्वारा पारित हाल ही में लागू समुद्री डकैती रोधी अधिनियम को समुद्री डकैती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नौसेना को सशक्त बनाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि अभी भी दुनिया में बहुत कम देशों के पास इस तरह का कानून है।

### समुद्री कमांडो ने दी जानकारी

नौसेना प्रमुख ने बताया कि भारतीय नौसेना के विमानों और ड्रोनों को देखकर समुद्री डाकुओं ने जहाज छोड़कर भाग गए। समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात समुद्री गश्ती विमान(एमपीए) आईएनएस चेन्नई ने लाइबेरिया-ध्वजांकित थोक वाहक की सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस ऑपरेशन ने नौसेना की तीव्र प्रतिक्रिया क्षमताओं और समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा बनाए रखने की प्रतिबद्धता को जाहिर करता है।

# हज कांफ्रेंस में शामिल होने सऊदी अरब पहुंचीं ईरानी

एजेंसी ⏭ जेद्दा

भारत और सऊदी अरब के बीच हज समझौता 2024 पर हस्ताक्षर करने और हज कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए अ ल प सं ख य क मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर जेद्दा पहुंचीं। जेद्दा एयरपोर्ट पर भारतीय राजदूत डा. सुहेल खान, महावाणिज्य दूत मोहम्मद शाहिद और सऊदी के हज व उमरा मंत्रालय के अधिकारियों ने मंत्री का स्वागत किया।



### कई क्षेत्रों में बढ़ेगी साझेदारी

जेद्दा में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि हाल के वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत और सऊदी अरब के बीच साझेदारी गहरी हुई है। यह यात्रा दोनों देशों के रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगी। यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्री तौफीक बिन फौजान अल राबिया के साथ द्विपक्षीय बैठक कर आगामी हज यात्रा से जुड़े आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा करेंगी।

### हज समझौता 2024 पर मंत्री ईरानी करेंगी हस्ताक्षर

इरानी सोमवार को सऊदी अरब के हज व उमरा मंत्रालय द्वारा जेद्दा में आयोजित किए जा रहे हज व उमरा कांफ्रेंस के तृतीय संस्करण के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगी। केंद्रीय मंत्री हज समझौता 2024 पर हस्ताक्षर और बातचीत के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब में भारतीय कारोबारियों और भारतीय प्रवासियों से भी मुलाकात करेगा।




### महाराष्ट्र में एटीएस का बड़ा एक्शन रेड के दौरान 6 को किया गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एटीएस ने बड़ी छापेमारी की है। रविवार दोपहर मुंबई के बोरीवली इलाके में एटीएस ने छापेमारी की है। इस दौरान 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही उनके पास से 4 बंदूक भी बरामद की गई है। गिरफ्तार किए गए सभी लोग दिल्ली और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। सभी 6 व्यक्ति एक बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए मुंबई आए थे। एटीएस ने इसको लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि मुंबई के बोरीवली इलाके में स्थित एक गेस्ट हाउस में छापा मारा गया और यहां से 6 लोगों की गिरफ्तार किया गया। एटीएस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास तीन बंदूके और 36 जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए।

### कैपिटल हिंसा की तीसरी बरसी पर ट्रंप ने बाइडेन पर साधा निशाना

**न्यूयार्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कैपिटल हमले की तीसरी बरसी पर हिंसा में शामिल लोगों को रिहा करने की अपील की। वह आयोवा में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 6 जनवरी 2021 के हमले को लेकर जेल में बंद लोगों को बंधक बताया। साथ ही कहा कि उनके साथ बाइडन प्रशासन द्वारा दुर्व्यवहार किया गया था। बाइडेन ने चुनावी अभियान के दौरान बार-बार ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया था। ट्रंप ने कहा कि उन लोगों ने काफी कष्ट झेले हैं। मैं उन्हें बंधक कहता हूं। ट्रंप ने साथ ही अपने दावों को दोहराया कि 2020 का चुनाव धोखाधड़ी था और खुद को राजनीतिक उत्पीड़न का शिकार बताया। ट्रंप ने कहा कि क्योंकि मैंने चुनाव परिणाम को चुनौती दी थी। 1,200 लोगों पर दंगे में शामिल होने का आरोप है।

## असम के मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की

# 40 साल बाद अभयारण्यों में गेंडे की वापसी से आई रौनक

एजेंसी ⏭ सोनितपुर

एक महत्वपूर्ण वन्यजीव संरक्षण अभियान में असम को असम को एक बड़ी कामयाबी हासिल की जिसमें नागांव और सोनितपुर जिलों में लाओखोवा और बुराचापोरी वन्यजीव अभ्यारण्यों में गेंडों की फिर से वापसी सुनिश्चित हो सकी है। बड़े पैमाने पर अवैध शिकार के कारण यह प्रतिष्ठित प्रजाति इस क्षेत्र से लगभग गायब हो गई थी। जो 40 साल बाद फिर से इन क्षेत्रों में गेंडों की वापसी के साथ अभ्यारणों में रौनक लौट आयी है।



### अभियान से बढ़ावा मिला

काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की निदेशक सोनाली घोष ने सकारात्मक विकास की पुष्टि करते हुए कहा कि लाओखोवा और बुराचापोरी वन्यजीव अभयारण्यों में दो गेंडों को देखा गया जो 'ग्रेटर काजीरंगा' संरक्षण क्षेत्र का एक हिस्सा है। घोष ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इन गेंडों की वापसी वन्यजीव संरक्षण प्रयासों में मील का पत्थर साबित होगा।

### अवैध शिकार से हो गए थे गायब

असम के मुख्यमंत्री हेमंत सरमा बिस्वा ने सफलता का श्रेय राज्य सरकार के मजबूत अतिक्रमण विरोधी अभियान को दिया। उन्होंने लिखा कि यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि 40 वर्षों के बाद हमारे प्रतिष्ठित गैंडे लाओखोवा और बुराचापोरी में लौट आए हैं। वे क्षेत्र में हमारे सफल अतिक्रमण विरोधी अभियान के एक साल के भीतर वापस आ गए हैं।

### नियंत्रण पाया

मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि राज्य सरकार की अतिक्रमण विरोधी पहल के परिणामस्वरूप 2023 में 51.7 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र की पुनः प्राप्ति हुई है। इससे पहले संरक्षित क्षेत्रों में मनुष्यों द्वारा अतिक्रमण देखा गया था। अधिकारियों ने इस चुनौती पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण पा लिया गया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109